सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 28 जुलाई , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 204, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## 10 कंपनियों की पूंजी 2.22 लाख करोड़ घटी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह केबाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2.22 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। } 14

## संसाधन प्रबंधन ने दिलायी ऑपरेशन सिंदूर को सफलता

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाकर भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से मई में शुरू किये गये ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में विभिन्न एजेंसियों द्वारा संसाधनों का प्रबंधन एक निर्णायक कारक था। } 16

संक्षेप

### थाईलैंड, कंबोडिया के नेता संघर्ष समाप्त करने के लिए मलेशिया में वार्ता करेंगे

बैंकॉक। थाईलैंड और कंबोडिया के नेता संघर्ष समाप्त करने के लिए मलेशिया में बैठक करेंगे। थाईलैंड के प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता जिरायु हुआंगसाप ने बताया कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथाम वेचायाचाई, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के क्षेत्र में शांति प्रयासों पर चर्चा करने संबंधी निमंत्रण पर सोमवार को आयोजित होने वाली वार्ता में शामिल होंगे। जिरायु ने कहा कि फुमथाम के कंबोडियाई समकक्ष हुन मानेट भी वार्ता में शामिल होंगे, हालांकि कंबोडियाई अधिकारियों ने इसकी ...शेष पृष्ठ 14 पर

### इजराइल ने की लड़ाई रोकने की शुरुआत

दीर अल बलाह। इजराइल की सेना ने रविवार को गाजा के तीन घनी आबादी वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन 10 घंटे के लिए लड़ाई रोकने की शुरुआत की। यह कदम इस क्षेत्र में बढ़ती भुखमरी की चिंताओं मद्देनजर उठाया गया है। इजराइल 21 महीने से चल रहे युद्ध में अपने आचरण की वजह से अंतरराष्ट्रीय आलोचना का सामना कर रहा है। इजराइली सेना ने कहा है कि वह बड़ी आबादी वाले गाजा सिटी, दीर अल-बलाह और मुवासी में सीमित समय के लिए युद्ध रोकेगी, ताकि मानवीय सहायता का दायरा बढ़ाया जा सके। यह रोक रविवार से शुरू होकर, अगली सूचना तक, स्थानीय समयानुसार प्रतिदिन पूर्वाह्न 10:00 बजे से रात 8:00 बजे तक रहेगी। सेना के मुताबिक, वह सहायता पहुंचाने के लिए सुरक्षित मार्ग बनाएगी और पहले ही गाजा में हवाई मार्ग से सहायता पहुंचाया है, जिसमें आटा, चीनी और डिब्बाबंद खाद्य सामग्री शामिल है। खाद्य विशेषज्ञ महीनों से गाजा में भुखमरी के खतरे की चेतावनी दे रहे हैं क्योंकि इजराइल ने सहायता पर रोक लगा दी थी। हमास अपने शासन को मजबूत करने के लिए दैनिक उपयोग की वस्तुओं में गबन करता है।

### बस्ती के अधीक्षण अभियंता निलंबित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने रविवार को कहा कि बस्ती जिले में तैनात अधीक्षण अभियंता (एसई) प्रशांत सिंह को एक उपभोक्ता से अमर्यादित व्यवहार करने के आरोप में निलंबित कर दिया है। ऊर्जा मंत्री शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में एसई का निलंबन आदेश साझा करते हुए कहा कि उपभोक्ता देवो भवः। शर्मा ने कहा कि बिजली उपभोक्ता की शिकायत के प्रति असंवेदनशीलता एवं अमर्यादित व्यवहार की घटना पर बस्ती के एसई प्रशांत सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। अन्य समस्त विद्युत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उपभोक्ता समस्याओं के प्रभावी एवं त्वरित समाधान हेतु पुनः निर्देशित किया गया है। सभी लोग जनसेवा में तत्पर रहें। (विस्तृत खबर पेज-2)

# पूर्वी कांगो में चर्च पर हमला, 21 की मौत



एजेंसी

किंशासा। इस्लामिक स्टेट समर्थित विद्रोहियों द्वारा पूर्वी कांगो में चर्च परिसर पर किए गए हमले में रविवार को कम से कम 21 लोग मारे गए। नागरिक संस्था के एक नेता ने यह जानकारी दी। यह हमला पूर्वी कांगो के कोमांडा में एक कैथोलिक चर्च परिसर में रात लगभग एक बजे एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्स (एडीएफ) के सदस्यों द्वारा किया गया। हमले में कई मकानों और दुकानों को भी जला दिया गया। कोमांडा में नागरिक संस्था समन्वयक, डियूडोने डुरानथाबो ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि 21 से अधिक लोगों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# जनप्रतिनिधि जनता और शासन के बीच की सबसे भरोसेमंद कड़ी : योगी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि जनप्रतिनिधि जनता और शासन के बीच की सबसे भरोसेमंद कड़ी होते हैं। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर कानपुर मंडल के विधायकों के साथ एक विशेष संवाद बैठक की।

मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई मंडलवार संवाद श्रृंखला की कड़ी में इस बार कानपुर मंडल के छह जनपदों (कानपुर नगर, कानपुर देहात, फुर्खाबाद, कन्नौज, इटावा और औरैया) के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान अपने संबोधन में कहा कि जनप्रतिनिधि जनता और शासन के बीच की सबसे भरोसेमंद कड़ी होते हैं। उनके विचार और सुझाव केवल संवाद का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे जन आकांक्षाओं का स्वरूप होते हैं, जिन्हें योजनाओं की संरचना और क्रियान्वयन में सक्रिय रूप से सम्मिलित किया जाना चाहिए। योगी ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जनप्रतिनिधियों के अनुभवों और क्षेत्रीय जानकारी को केवल दस्तावेजी स्तर पर न लें, बल्कि उन्हें नीति निर्धारण का सजीव आधार बनाएं। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि संबंधित जनप्रतिनिधियों से विमर्श कर प्रस्तावित कार्यों की प्राथमिकता तय की जाए और समयबद्ध ढंग से कार्यों की शुरुआत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इन परियोजनाओं को केवल सरकारी खर्च का विवरण न मानते हुए उन्हें जनता के विश्वास की पूंजी बताया। योगी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए, उनका पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और सतत निगरानी के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## योगी ने मोदी का जताया आभार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में राज्य के कालजयी किलों का उल्लेख करने पर उनका आभार प्रकट किया है। योगी ने कहा कि भारत के अजेय इतिहास और अमर संस्कृति का स्मरण कराने हेतु प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार। मुख्यमंत्री ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा आज मन की बात में भारत की आन-बान-शान के प्रतीक कालजयी किलों का उल्लेख, विशेषकर उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड स्थित ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भारत के दुश्मनों के लिए कोई स्थान सुरक्षित नहीं

## ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को दिखाया : मोदी

एजेंसी



गंगईकोंडा चोलपुरम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को दिखाया कि अगर भारत की संप्रभुता पर हमला हुआ, तो वह किस तरह जवाब देगा और सीमा पार सैन्य कार्रवाई ने पूरे देश में एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां चोल सम्राट राजेंद्र चोल के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी साबित कर दिया कि भारत को निशाना बनाने वाले दुश्मनों और आतंकवादियों के लिए कोई पनाहगाह नहीं है।

यह कार्यक्रम महान चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती को रेखांकित करता है, जिसे आदि तिरुवथिरई (तमिल माह आदि में राजा का जन्म नक्षत्र तिरुवथिरई है) उत्सव के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में कहा, दुनिया ने देखा कि अगर कोई भारत की सुरक्षा और संप्रभुता पर हमला करता है, तो वह कैसे जवाब देता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया कि भारत के दुश्मनों के लिए, आतंकवादियों के लिए, कोई पनाहगाह नहीं है। जब मैं हेलीपैड से यहां आया, तो तीन-चार किलोमीटर की दूरी अचानक एक रोड शो में बदल गई, और हर कोई ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा कर रहा था। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश में एक नई जागृति, एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है। दुनिया को भारत की ताकत का एहसास होना चाहिए। मोदी ने कहा कि सम्राट राजराज चोल और उनके पुत्र राजेंद्र चोल-प्रथम के नाम भारत की पहचान और गौरव के पर्याय हैं। उन्होंने घोषणा की कि तमिलनाडु में उनकी भव्य प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी और ये प्रतिमाएं हमारे ऐतिहासिक जागरण के आधुनिक स्तंभ होंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र पर टिप्पणी करते हुए कई लोग ब्रिटेन के मैग्नाकार्टा का जिक्र करते हैं, जबकि चोल कालीन कुडवोलाई प्रणाली उससे भी पुरानी है। उन्होंने कहा कि चोल काल में अपनाई गई यह प्रणाली 1,000 साल से भी ज्यादा पुरानी है। मैग्नाकार्टा एक ऐतिहासिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बच्चों में अंतरिक्ष को लेकर एक नयी जिज्ञासा पैदा हुई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी की सराहना करते हुए रविवार को कहा कि इससे भारत के बच्चों में अंतरिक्ष के प्रति एक नयी जिज्ञासा जागी है।

मोदी ने साथ ही कहा कि देश में केवल अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े 200 से अधिक स्टार्टअप शुरू हुए हैं। प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि 2047 में विकसित भारत का रास्ता आत्मनिर्भरता से होकर गुजरता है और वोकल फॉर लोकल आत्मनिर्भर भारत का सबसे मजबूत आधार है। मोदी ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में, चाहे वह खेल हो, विज्ञान हो या संस्कृति, बहुत कुछ ऐसा हुआ है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। उन्होंने कहा, हाल में अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की वापसी को लेकर देश में खूब चर्चा हुई। जैसे ही शुभांशु पृथ्वी पर सुरक्षित उतरे, लोग खुशी से उछल पड़े, हर दिल में खुशी की लहर दौड़ गई। पूरा देश गर्व से भर गया। मोदी ने कहा, मुझे याद है, जब अगस्त 2023 में चंद्रयान-3 की सफलतापूर्वक लैंडिंग हुई, तो देश में एक नया माहौल बना। बच्चों में भी विज्ञान को लेकर, अंतरिक्ष को लेकर एक नयी जिज्ञासा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बिहार की मतदाता सूची से हटेंगे 65 लाख से अधिक नाम

एजेंसी




नई दिल्ली/पटना। बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान के पहले चरण के बाद चुनाव आयोग ने जो आंकड़े जारी किए है, उसके तहत बिहार की मतदाता सूची से 65 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटना तय है।

यह इसलिए है, क्योंकि इनमें से 22 लाख मतदाता मृत हैं, जबकि 35 लाख से अधिक मतदाता स्थाई रूप से स्थानांतरित हो चुके हैं या उनका कहीं कोई पता नहीं चल पा रहा है। वहीं, सात लाख मतदाता ऐसे भी पाए गए हैं, जो दो जगहों से पंजीकृत हैं। इसके साथ ही करीब 1.2 लाख मतदाता ऐसे हैं, जिन्होंने तय समय-सीमा के भीतर गणना फॉर्म भर कर वापस जमा नहीं किए हैं। चुनाव आयोग ने इस अभियान में बिहार के 99.98 प्रतिशत मतदाताओं तक पहुंचने का दावा दिया है। साथ ही गणना फॉर्म से जुड़ी इस मुहिम को सफल बनाने का श्रेय राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी व निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, बीएलओ, बीएलए और वॉलंटियर्स आदि को दिया है। इस प्रक्रिया के तहत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 30 सितंबर को होगा। चुनाव आयोग ने इसके साथ ही सभी राजनीतिक दलों और आम मतदाताओं से कहा है कि यदि एक अगस्त को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची को लेकर उन्हें कोई आपत्ति है या किसी का नाम गलती से जुड़ या हट गया है तो वह उसे लेकर अपने विधानसभा क्षेत्र के संबंधित मतदाता पंजीयन अधिकारी (ईआरओ) के पास एक सितंबर तक फॉर्म भरकर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। उसे ठीक किया जाएगा। आयोग का दावा है कि उनसे 20 जुलाई को मतदाता सूची में शामिल मृत, स्थाई रूप से स्थानांतरित... शेष पृष्ठ 14 पर

# कुशीनगर में धर्मांतरण गिरोह का भंडाफोड़

## दो महिलाओं समेत 8 गिरफ्तार, धर्म परिवर्तन के लिए हिंदू युवती को दे रहे थे प्रलोभन

जिला संवाददाता



कुशीनगर। कुशीनगर में पुलिसने धन का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है और गिरोह की दो महिला सदस्यों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गत शनिवार को सुनील वर्मा पुत्र स्व. रक्षा वर्मा निवासी महुअवा बुजुर्ग थाना तुर्कपट्टी द्वारा पडरौना कोतवाली में तहरीर दी कि एक संगठित गिरोह द्वारा उसकी पुत्री को अमृतसर से कुशीनगर लाकर प्रलोभन देते हुए धर्म परिवर्तन कराकर अपहरण कर लिया गया है। प्रार्थना पत्र पर पडरौना कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों को गठन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में शनिवार को पडरौना कोतवाली, साइबर सेल तथा स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पीड़िता को बरामद कर लियागया। साथ ही हिन्दू युवती को संगठित गिरोह द्वारा प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने वाले 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों में आशिक अंसारी पुत्र महंगू निवासी जंगल जगदीशपुर विशुन पट्टी थाना कोतवाली पडरौना, इम्तियाज पुत्र आशिक अंसारी निवासी जंगल जगदीशपुर विशुन पट्टी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मनसा देवी मंदिर में भगदड़, 8 श्रद्धालुओं की मौत

## सीएम धामी पहुंचे अस्पताल, घायलों का जाना हाल, मजिस्ट्रेट से जांच के निर्देश

प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार। रविवार सुबह हरिद्वार की श्रद्धा से ओत-प्रोत वादियों में उस समय मातम छा गया, जब मनसा देवी मंदिर की सीढ़ियों पर अचानक भगदड़ मच गई। इस दर्दनाक घटना में 8 श्रद्धालुओं की जान चली गई, जबकि 28 लोग घायल हो गए। 5 गंभीर घायलों को एम्स ऋषिकेश में रेफर किया गया है।

- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री धामी और योगी ने जताया शोक
- 28 श्रद्धालु घायल, पांच गम्भीर घायल एम्स ऋषिकेश रिफर
- मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख व घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता



इस भगदड़ की वजह मंदिर परिसर में रेलिंग में करंट आने की अफवाह बतायी जा रही है। इस दौरान लोगों में घबराहट फैल गई और भीड़ में भगदड़ मच गई। प्रशासन ने इस अफवाह को खारिज करते हुए किसी प्रकार के करंट की पुष्टि नहीं की है। भगदड़ में मरने वालों में चार यूपी के हैं। चारों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उनमें बरेली के सौदा निवासी आरूष उम्र 12 साल, रामपुर जिले के कैमरी रोड स्थित नगलिया कला मजरा गांव के विक्की उम्र 18 साल, बाराबंकी जिले के मौहतलवाद के रहने वाले वकील और बदायूं की रहने वाली श्रीमती शांति शामिल हैं। मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा सीएम योगी ने की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना की जानकारी मिलते ही हरिद्वार जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और अधिकारियों को राहत कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश जारी करते हुए कहा कि हादसे के पीछे की वास्तविकता जल्द सामने लाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस दुखद अवसर पर शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

## योनेक्स-सनसाइज उप्र. राज्य जूनियर (अंडर-19) बैडमिंटन प्रतियोगिता-2025 संपन्न

# कपिल का तिहरा खिताब व तरनजीत ने एकल वर्ग का खिताब जीता

विशेष संवाददाता







फोटोः समीर भटनागर

लखनऊ। गोमती नगर स्थित बीबीडी बैडमिंटन हॉल में आयोजित की जा रही लखनऊ जिला बैडमिंटन की ओर से आयोजित योनेक्स-सनराइज उप्र. राज्य जूनियर मेजर बैडमिंटन, पूर्वी क्षेत्र सेलेक्शन टीम (अण्डर-19) प्रतियोगिता में गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ के कपिल सलौनिया ने एकल वर्ग में गोरखपुर के हुसैन अंसारी को 21-18, 21-11 से हराया। मिश्रित युगल में गोरखपुर की आदित्या यादव, कपिल सलौनिया ने दिव्यांषी गौतम, सनरेख चौरसिया को 11-21, 21-16, 21-17 से हराकर दूसरा खिताब जीता। बालिका वर्ग में कांटे के संघर्ष मे मुरादाबाद की तरनजीत कौर ने आगरा की दिव्यांशी गौतम को 17-21, 21-10, 21-12 से हराकर एकल का खिताब जीता। बालिका युगल वर्ग में आदित्या यादव (गोरखपुर), रिद्धिमा सिंह (मुरादाबाद) ने कीरत चौधरी (गाजियाबाद), रूद्राक्षी राना (गाजियाबाद) को 21-9, 21-13 से हराया किया। बालक युगल में अभिषेक कुशवाहा (गोरखपुर), कपिल सलोनिया (स्पोर्ट्स कालेज) ने देवांग तौमर (मुरादाबाद), सरेख चौरसिया ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी ओलंपिक एसोसिएशन की एजीएम सम्पन्न

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन (यूपीओए) ने उत्तर प्रदेश में नेशनल यूथ गेम्स के पहले संस्करण की मेजबानी के लिए कमर कस ली है। होटल फार्च्यून पार्क बीबीडी में रविवार को यूपीओए की वार्षिक साधारण सभा हुई। इस बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के चेयरमैन ब्रजेश पाठक उपमुख्यमंत्री, ने की। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सूचीबद्ध खेलों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सूची बनाकर उनकी जरूरतों को समझा जाए और आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जाए। यूपीओए के अध्यक्ष विराज सागर दास ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए खेलों के निरंतर विकास का संकल्प दोहराया। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि एकलव्य क्रीड़ा ...शेष पृष्ठ 14 पर

- खिलाड़ियों की जरूरतों को देंगे प्राथमिकता : ब्रजेश पाठक
- खेलों का निरंतर विकास ही हमारा संकल्प : विराज सागर दास

C M Y K

# पुनर्जीवित हो रही तमसा, पूर्वांचल के 5 जिलों में लौटने लगी हरियाली

## अयोध्या, अंबेडकर नगर, आजमगढ़, मऊ और बलिया के किसानों के लिए वरदान बनेगी तमसा नदी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता और संकल्पशक्ति से पूर्वांचल की जीवनरेखा कही जाने वाली तमसा नदी को नया जीवन मिल रहा है। तमसा नदी के पुनर्जीवन अभियान से आजमगढ़ जिले की 121 ग्राम पंचायतों में

- **264 किलोमीटर लंबी तमसा नदी के पुनरुद्धार से पूर्वांचल में किसानों की बदल रही तकदीर**
- **ऋषियों-मुनियों की कर्मभूमि पर कर्मयोगी मुख्यमंत्री का विशेष फोकस**
- **सीएम योगी के विजन को साकार कर रहे राज्य स्वच्छ गंगा मिशन और जिला गंगा समितियां**

हरियाली लौट रही है। ऋषि दुवार्सा, चन्द्रमा ऋषि और ऋषि दत्तात्रेय की तपोभूमि पर बहती तमसा नदी अब फिर से पूर्वांचल के किसानों के लिए संजीवनी बन रही है। तमसा नदी अयोध्या, अंबेडकर नगर, आजमगढ़, मऊ और बलिया से होकर गुजरती है। इसके पुनरुद्धार से इन जिलों में बड़े पैमाने पर स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिलेगा। वर्तमान में तमसा नदी



जनपद आजमगढ़ के अहरौला, मिजार्पुर, तहबरपुर, रानी की सराय, पल्हनी, बिलरियागंज और सठियांव विकासखंडों की 121 ग्राम पंचायतों से होते हुए मऊ जनपद में प्रवेश करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को राज्य स्वच्छ गंगा मिशन और जिला गंगा समितियां मिलकर साकार कर रहे हैं।

**ऋषियों-मुनियों की कर्मभूमि पर सीएम योगी का विशेष फोकस :** तमसा नदी न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पूर्वांचल की कृषि और पर्यावरण के लिए भी जीवनदायिनी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऋषि दुवार्सा, चन्द्रमा ऋषि और ऋषि दत्तात्रेय की तपोभूमियों को फिर से हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया, जिसके परिणामस्वरूप यह क्षेत्र अब एक बार फिर समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहा है।

आजमगढ़ के मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना ने बताया कि तमसा नदी आजमगढ़ जिले में 89 किलोमीटर और कुल मिलाकर 264 किलोमीटर लंबी है, जो अयोध्या, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, मऊ और बलिया जिलों से होकर गुजरती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आजमगढ़ में तमसा नदी पर अभियान चलाकर काम किया जा रहा है। तमसा नदी के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए 29 जुलाई को आजमगढ़ में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी जुटेंगे।

**तमसा नदी के पुनरुद्धार से लहलहाए खेत, बढ़ा जलस्तर :** तमसा नदी के पुनर्जीवन से किसानों को बड़ी राहत मिल रही है। अयोध्या, अंबेडकर नगर, आजमगढ़, मऊ और बलिया के लाखों किसानों को अब सिंचाई की बेहतर सुविधा मिल रही है, जिससे खेतों की उत्पादकता में बढ़ोत्तरी हुई है। ग्राम पंचायतों में हरियाली लौटने के साथ-साथ ग्रामीण आजीविका के नए रास्ते भी खुले हैं। डीएफओ आजमगढ़ पी के पांडे ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर तमसा नदी के दोनों किनारों पर पौधारोपण भी कराया जा रहा है। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भूजल स्तर में भी सुधार हो रहा है।

**धार्मिक महत्व से सराबोर तपोभूमि बनी श्रद्धा का केंद्र :** तमसा नदी केवल खेती के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी धार्मिक विरासत के लिए भी प्रसिद्ध है। दुवार्सा ऋषि आश्रम : दुवार्सा ऋषि आश्रम, तमसा और मंजूषा नदी के संगम पर स्थित है। यहां श्रावण, कार्तिक मास सहित कई पर्वों पर तीन से चार लाख तक श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। चन्द्रमा ऋषि आश्रम : चन्द्रमा ऋषि आश्रम तमसा और सिलनी नदी के संगम पर स्थित है, जहां राम नवमी और कार्तिक पूर्णिमा को विशेष मेले लगते हैं। दत्तात्रेय मंदिर : दत्तात्रेय मंदिर, तमसा और कुँवर नदी के संगम पर स्थित है। यहां शिवरात्रि पर भव्य मेला आयोजित होता है। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं।

# ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर बस्ती के अधीक्षण अभियंता प्रशांत सिंह निलंबित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बस्ती के अधीक्षण अभियंता प्रशांत सिंह और मूडघाट बस्ती के उपभोक्ता भरत पांडे के मध्य विद्युत आपूर्ति को लेकर हुई बातचीत के ऑडियो का सोशल मीडिया में वायरल का त्वरित संज्ञान लेकर बस्ती के अधीक्षण अभियंता प्रशांत सिंह पर शख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

- **ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सोशल मीडिया में वायरल ऑडियो का लिया तत्काल संज्ञान**
- **उपभोक्ता से अमर्यादित आचरण करने, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर हुई कार्रवाई**
- **लो वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग, शटडाउन व अनावश्यक बिजली कटौती बर्दाश्त नहीं की जायेगी : ऊर्जा मंत्री**

ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शम्भु कुमार ने बस्ती के अधीक्षण अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में अधीक्षण अभियंता पूर्वांचल के प्रबंध निदेशक कार्यालय, वाराणसी से संबंध रहेंगे। बस्ती के निलंबित अधीक्षण अभियंता पर विद्युत आपूर्ति को लेकर फोन पर उपभोक्ता से अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने, उपभोक्ता की शिकायत का निस्तारण न कराने तथा कर्तव्यों एवं



उत्तरदायित्वों में घोर लापरवाही बरतने के प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर शख्त कार्रवाई की गई और उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही संस्तुति की जा रही। ऊर्जा मंत्री ने विद्युत विभाग के सभी कार्मिकों को सख्त निर्देश दिए है कि उपभोक्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से मर्यादित व्यवहार न करने, कार्यों के प्रति उदासीनता एवं किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल समाधान न करने वाले कार्मिकों पर सख्त एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार उपभोक्ता देवो भवः की नीति को सर्वोपरि रखते हुए कार्य कर रही है। सरकार की मंशा सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं अनवरत विद्युत आपूर्ति देना है, इसमें किसी भी प्रकार की बहानेबाजी अब नहीं चलेगी। पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष से लेकर निचले स्तर तक के कार्मिकों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। प्रदेश के विकास में बाधा बन रहे कार्मिकों की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। अब लो वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग, शटडाउन व अनावश्यक बिजली कटौती बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विगत 03 वर्षों से विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए 26 हजार करोड रुपए से अधिक के कार्य कराए गए है। लेकिन कुछ कार्मिकों की संवेदनहीनता और लापरवाही की बदौलत विद्युत विभाग के साथ प्रदेश सरकार की बदनामी हो रही। प्रदेश के विकास व उपभोक्ताओं के हितों के दृष्टिगत अब यह सब स्वीकार नहीं होगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजभवन में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की

# श्रावण के तीसरे सोमवार को भी भक्तों के सुरक्षित-सुगम दर्शन को योगी सरकार तैयार

विशेष संवाददाता (vol)

**वाराणसी।** भूतभावन भगवान शिव की काशी में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम दिख रहा है। श्रावण मास में दो सोमवार पर भक्तों को सुगम, सुरक्षित दर्शन कराने वाली योगी

- **सावन के तीसरे सोमवार को अर्धनारीश्वर स्वरूप में दर्शन देंगे बाबा**
- **सावन के प्रत्येक सोमवार को विभिन्न स्वरूपों में की जा रही बाबा की सांध्यकालीन श्रृंगार आरती**

सरकार ने तीसरे सोमवार को लेकर भी सारी तैयारी कर ली है। सीएम योगी के निर्देश पर रास्तों पर स्वच्छता, पेयजल व आवश्यक संसाधनों पर प्रशासन की विशेष नजर है। योगी सरकार कांवड़ मार्ग से लेकर बाबा के दरबार तक सुरक्षा, सफाई, सुगम दर्शन, कावड़ शिविर की व्यवस्था आदि सभी को सुनिश्चित रखने का निर्देश दे चुकी है। सावन के तीसरे सोमवार को बाबा अर्धनारीश्वर स्वरूप में दर्शन देंगे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा का श्रृंगार अर्धनारीश्वर रूप में किया जायेगा। सावन महीने के सभी सोमवार को बाबा विश्वनाथ के अलग-अलग स्वरूप का श्रृंगार किया जा रहा है।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि श्रावण मास के तीसरे सोमवार को सायंकालीन श्रृंगार आरती में बाबा के विशेष रूप 'अर्धनारीश्वर स्वरूप' का श्रृंगार होगा। पहले सोमवार को भक्तों ने बाबा विश्वनाथ की चल प्रतिमा का दर्शन किया था तो दूसरे सोमवार को बाबा के शंकर-पार्वती स्वरूप का दर्शन कर भक्ति पुण्य अर्जित किया थे।

**मैदागिन से गोदौलिया नो व्हीकल जोन, वृद्ध-दिव्यांगों को निःशुल्क ई-रिक्शा :** श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को जलाभिषेक के लिए रविवार से ही श्रद्धालुओं की कतार

### पुख्ता सुरक्षा इंतजाम के लिए तैनाती

**333 महिला सिपाही**

**क्विक रिस्पांस टीम में महिला पुलिस भी तैनात**

**कांवड़ मार्ग पीआरवी में महिला पुलिस**

**पिंक स्कूटी से भी महिला पुलिस कर रही पेट्रोलिंग**

**8 ड्रोन, 2000 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों से निगरानी**

**20 मोटरसाइकिल दस्ते की तैनाती**

**10 अस्थाई पुलिस चौकी**

लगने लगी। विश्वनाथ धाम के प्रमुख मार्गों पर शनिवार रात से यातायात प्रतिबंध और डाइवर्जन लागू कर दिया गया। श्री काशी विश्वनाथ न्यास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि सोमवार को गोदौलिया से मैदागिन नो व्हीकल जोन रहेगा। मंदिर प्रशासन द्वारा गोदौलिया से गेट नंबर-4 तथा मैदागिन से गेट नंबर-4 तक धाम में दर्शन के लिए आने वाले, वृद्ध दिव्यांगजन, अशक्त दर्शनार्थियों हेतु ई-रिक्शा का संचालन किया जाएगा।

**श्रावण में श्रद्धालुओ के लिए मंदिर में सुविधा :** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में बहुभाषी कर्मियों के साथ खोया पाया केंद्र संचालित हो रहा है। धाम में चिकित्सा कर्मियों की ड्यूटी के साथ एम्बुलेंस की भी व्यवस्था है, जिससे आकस्मिक आवश्यकता पड़ने पर समय से उचित चिकित्सा मुहैया की जा सके। बारिश, धूप व गर्मी से बचाव के लिए अतिरिक्त शेड, जर्मन हैंगर लगे हैं। संपूर्ण धाम मे गुड़ के साथ शीतल शुद्ध पेयजल उपलब्ध है। श्रद्धालुओं को पानी के साथ ओआरएस भी दिया जा रहा है। भक्तों की सुविधा के लिए कई स्थानों पर एलईडी टीवी लगाकर गर्भगृह के दर्शन पूजन का सजीव प्रसारण किया जा रहा है।

**महिला कांवड़ियों की सुविधाओं और सुरक्षा पर विशेष नजर :** शिव के दरबार में शक्ति स्वरूपा महिला कांवड़िया भी बड़ी संख्या में पहुंच रही है। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया सभी कांवड़ मार्ग पर महिला पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही बड़ी तादाद में महिला पुलिस कांस्टेबल की तैनाती की गई है। सभी थानों, स्थाई और अस्थाई पुलिस चौकियों पर अतिरिक्त महिला पुलिस बल तैनात है। इसके अलावा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर समेत घाटों पर महिला पुलिस तैनात है। पुलिस कर्मियों को सॉफ्ट स्किल का प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे वे सभी श्रद्धालुओं से सम्मान और शिष्टाचार से पेश आएं। जरूरत पड़ने पर उनकी सभी प्रकार की मदद करें।

# भाजपा सरकार ने प्रदेश की बिजली व्यवस्था की दुर्दशा कर दी : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की बिजली व्यवस्था की दुर्दशा कर दी है। उत्तर प्रदेश में बिजली विभाग का ट्रांसफॉर्मर उड़ गया है, मंत्री-अधिकारी के बीच के तार टूट गये हैं और त्रस्त जनता के बीच सरकार पर भरोसे के खंभे उखड़ गये हैं। जनआक्रोश का मीटर खटाखट बढ़ रहा है। उत्पादन का चक्का जाम है, संचार खंडित है और डिस्ट्रीब्यूशन के नाम पर भ्रष्टाचार की कमाई का वितरण चालू है।

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में बिजली नहीं, केवल बिजली का बिल आ रहा है और ये बेइंतहा बिल लोगों की जेबें खा रहा है। समाजवादी पार्टी की सरकार में बिजली व्यवस्था को ठीक करने के लिए जो भी कार्य किए थे, भाजपा सरकार ने 9 साल में सब बर्बाद कर दिया। पूरे प्रदेश की जनता अघोषित विद्युत कटौती से त्रस्त है। सरकार सिंचाई के लिए भी किसानों को बिजली नहीं दे पा रही। गांव और छोटे शहरों की तो छोड़िए बड़े शहरों और जिला मुख्यालय



में भी बिजली का भारी संकट है। राजधानी लखनऊ के विभिन्न इलाकों में घंटों बिजली कटौती हो रही है। कटौती से आम जनता, व्यापारी, छात्र सब परेशान है। जब तक उपकेन्द्रों पर पहुंचकर लोग धरना-प्रदर्शन नहीं करते है तब तक सरकार होश में नहीं आती है। बिजली के लिए जब राजधानी लखनऊ के लोग धरना देने पर मजबूर हो तो प्रदेश के अन्य जिलों और ग्रामीण इलाकों में हालात कितना बुरा होगा इसकी सिर्फ कल्पना की जा सकती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में एक भी यूनिट बिजली उत्पादन बढ़ाने का काम नहीं किया। बिजली की मांग हर साल बढ़ रही है लेकिन भाजपा सरकार ने कोई नया बिजली घर नहीं लगाया। उत्तर प्रदेश में आज जो भी बिजली मिल रही है वह समाजवादी सरकार में बनाए गए पावर प्लांटों से उत्पादन हो रहा है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में लूट और भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है। हर विभाग में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रदेश में बिजली चेकिंग के नाम पर किसानों, व्यापारियों और आम जनता से वसूली होती है।

## सपा सांसद ने क्रेंद शिक्षा मंत्री से स्कूल मर्जर नीति को रद करने की मांग की

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी की मछलीशहर से सांसद प्रिया सरोज ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश में विद्यालयों के एकीकरण (स्कूल मर्जर) की नीति की समीक्षा कर मर्जर रद्द करने की मांग की है। सांसद प्रिया सरोज ने पत्र में कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्तमान समय में विद्यालयों के एकीकरण (स्कूल मर्जर) की नीति का पालन किया जा रहा है, जो कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम की मूल भावना के प्रतिकूल प्रतीत होती है। केंद्र सरकार द्वारा लागू शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत यह प्रावधान है कि 6 से 14 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को उसके निवास स्थान से समीपतम दूरी प्राथमिक विद्यालय से एक किलोमीटर के भीतर पर निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराई जाए और एक किलोमीटर की परिधि में कोई विद्यालय उपलब्ध नहीं है, तो सरकार का यह उत्तरदायित्व है कि वह समीपवर्ती विद्यालय में बच्चे का प्रवेश सुनिश्चित कराए। परंतु उत्तर प्रदेश सरकार की 50 या उससे कम नामांकित छात्रों वाले विद्यालयों को मर्ज करने की वर्तमान नीति इस अधिनियम की भावना को आघात पहुंचा रही है। इसके चलते वे विद्यालय, जो बच्चों के घर के समीप स्थित थे, अब बंद या एकीकृत कर दिए गए हैं, जिससे बच्चों को काफी दूरस्थ विद्यालयों में जाना पड़ रहा है। इससे अनेक बच्चों के लिए विद्यालय तक पहुंच बाधित हो रही है, जिससे राज्य में ड्रॉपआउट दर में वृद्धि देखी जा रही है। यह स्थिति अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के 2.5 लाख शिक्षक और स्कूल स्टाफ की नौकरी को भी खतरा है।

# यूपीसीडा का हरित औद्योगिक मॉडल बना मिसाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण पर्यावरण समर्थ और उद्योग समर्थ उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने में जुटा है। राज्य के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में प्राधिकरण द्वारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से अपशिष्ट जल को शोधित कर पुनः उपयोग किया जा रहा है।

यूपीसीडा के सीईओ मयूर महेश्वरी के नेतृत्व में जल शोधन और पुनः उपयोग की अत्याधुनिक परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इसके तहत, सूरजपुर (गौतमबुद्ध नगर में 6 एमएलडी क्षमता वाले संयंत्र को एसबीआर तकनीक में अपग्रेड किया जा रहा है। इसमें 899 लाख रुपए की लागत आ रही है। इसे जून 2026 तक पूरा किए जाने का लक्ष्य है। इसी तरह, 3.6 एमएलडी क्षमता वाले एढक्ध कसना हहळढ का रइफतकनीक में उन्नयन जारी है जिसकी लागत ?678.59 लाख है। लोनी रळढ (गाज़ियाबाद) में 5 एमएलडी क्षमता वाला टइइफ तकनीक पर आधारित संयंत्र 100% क्षमता पर कार्यरत है। दूसरी तरफ लोनी में डाइंग एवं टेक्सटाइल अपशिष्ट के लिए समर्पित संयंत्र की क्षमता 6 एमएलडी से बढ़ाकर 16 एमएलडी की जा रही है, डीपीआर तैयार है। इसकी लागत 42 करोड़ है। यूपीसीडा द्वारा जल शोधन संयंत्रों से निकलने वाले शोधित जल को औद्योगिक इकाइयों में कूलिंग, फ्लशिंग, बागवानी और सड़क धुलाई जैसे कार्यों में उपयोग हेतु तैयार किया जा रहा है। जिसमें री-यूज नेटवर्क का निर्माणः रिसाइकल जल के लिए अलग इंफ्रास्ट्रक्चर। भविष्य की योजनाः सभी औद्योगिक क्षेत्रों में री-यूज नेटवर्क की स्थापना और यूपीसीडा की सर्कुलर इकोनॉमी पहलः अपशिष्ट कम, पुनर्चक्रण अधिक। जीरो वेस्ट मैक्सिमम रीयूज की सोच के तहत यूपीसीडा औद्योगिक जल एवं संसाधनों के अधिकतम उपयोग की दिशा में काम कर रहा है। इसके तहत, जल शोधन संयंत्रों से निकलने वाले जल का पुनः उपयोग किया जा रहा है। साथ ही, पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण और औद्योगिक इकाइयों में रिसाइकल जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। यूपीसीडा द्वारा जल शोधन संयंत्रों और औद्योगिक क्षेत्रों को सोलर एनर्जी से सुसज्जित किया जा रहा है। संयंत्र परिसरों में रूफटॉप सोलर पैनलों की स्थापना की जा रही है, जिससे ऊर्जा लागत में कमी और कार्बन फुटप्रिंट में गिरावट आई है। इसके माध्यम से यूपीसीडा को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ी पहल की गई है।

# पुस्तक पुलिसिंग एंड क्राइम ट्रेंड्स इन इंडिया का हुआ विमोचन

**नई दिल्ली/लखनऊ।** केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी, किरण चौधरी ने आईपीएस दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक पुलिसिंग एंड क्राइम ट्रेंड्स इन इंडिया का इंडिया हेबीटेट सेंटर में विमोचन किया। मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त आईपीएस संजय अरोड़ा,

- **पुस्तक के लेखक हैं आईपीएस दिनेश कुमार गुप्ता**

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) जी.एस. बाजपेयी, स्पेशल (लॉ एंड ऑर्डर जोन-टू) मधुप तिवारी, स्पेशल सीपी (क्राइम ब्रांच) देवेश चंद्र श्रीवास्तव, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के दोनों जोन के स्पेशल सीपी अजय चौधरी और के. जगदिसन, प्रभात और पीयूष (प्रभात प्रकाशन), दीपा मलिक (पैरा




एथलीट) तथा अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

केंद्रीय कॉपोरेट मामलों के राज्य मंत्री और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय दिल्ली में राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने आईपीएस दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक पुलिसिंग एंड क्राइम ट्रेंड्स इन इंडिया की प्रशंसा करते हुए कहा है कि यह स्वतंत्रता-पूर्व भारत में पुलिसिंग और आधुनिक समय में इसके विकास का एक व्यापक अवलोकन प्रस्तुत करती है। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने लेखक के व्यापक अध्ययन, गहन समझ और पुलिसिंग को समाज की सेवा के रूप में देखने की प्रतिबद्धता की सराहना की। वहीं प्रो. (डॉ.) जी.एस. बाजपेयी ने पुस्तक को भारत में पुलिसिंग और हिंसा के विकास पर एक विचारशील, ऐतिहासिक और अनुभवजन्य दृष्टिकोण कहा। माननीय सांसद मनोज तिवारी एवं प्रभात प्रकाशन के प्रभात ने बताया कि यह पुस्तक भारत की पुलिस प्रणालियों और प्रारंभिक काल से लेकर वर्तमान तक बदलते अपराध पैटर्न के प्रति प्रतिक्रियाओं को शामिल करती है। यह पुलिसिंग पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव का एक संतुलित दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, जिसमें जोखिमों और चुनौतियों के विरुद्ध संभावित लाभों का मूल्यांकन किया गया है। इस पुस्तक का प्रकाशन प्रभात प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है। पुस्तक विमोचन के बाद, सम्मानित अतिथियों को सम्मान स्वरूप एक पुस्तक और एक पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक हुआ, जिसने सभी उपस्थित लोगों के लिए एक यादगार अवसर बना दिया।

# सरकारी विद्यालयों को मर्जर करना गलत : देवकी पटेल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की राष्ट्रीय सचिव नवनियुक्त प्रभारी एनएसयूआई उत्तर प्रदेश देवकी पटेल की उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक मध्य जोन के अध्यक्ष अनस रहमान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन एनएसयूआई मध्य जोन के प्रदेश महासचिव शुभम खरवार ने किया।

बैठक से पूर्व देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के मौके पर देवकी पटेल ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में एनएसयूआई संगठन से युवाओं को जोड़ने तथा और अधिक मजबूत बनाने के लिए विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए



नव नियुक्त प्रभारी देवकी पटेल ने छात्रों से जुड़े प्रत्येक मुद्दों को गंभीरता से लेने तथा उनके हक और अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए कार्यकताओं को निर्देशित किया।

बैठक के उपरांत आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई की राष्ट्रीय सचिव, नवनियुक्त प्रभारी उप्र देवकी पटेल ने कहा कि उप्र की योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा प्रदेश में 5000 सरकारी विद्यालयों को बंद करने संबंधी निर्णय से समाज के गरीब, दलित शोषित वर्ग के लोग अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं उन्हें डर है कि विद्यालयों के बंद होने से उनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के करोड़ों नौनिहालों के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए योगी सरकार के उक्त फैसले के खिलाफ सबसे पहले भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के कार्यकताओं के साथ प्रदेश के अन्य विपक्षी दलों एवं संगठनों के द्वारा प्रदर्शन किया गया एवं न्यायालय में वाद दाखिल किया गया जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय द्वारा फिलहाल सरकारी विद्यालयों को मर्ज करने पर रोक लगा दी गई है। देवकी पटेल ने कहा कि जब से भारतीय जनता की पार्टी की सरकार आई है प्रदेश में बेरोजगार युवाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विश्वविद्यालयों के अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र छात्राओं छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित रखा जा रहा हे।

प्रेसवार्ता को आगे सम्बोधित करते हुए देवकी पटेल ने कहा कि न्यायालय ने वर्ष 2018 छात्रसंघ चुनाव कराने की मंजूरी दे दी है, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार छात्र संघ चुनाव नही करा रही है। सरकार को भय है कि छात्र संघ चुनाव से चुने हुए छात्र नेता कहीं इस सरकार की ध्वस्त शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी, एवं छात्रों के जुड़े अन्य मुद्दों के खिलाफ आंदोलन न कर दें।

# वरुण बिहार योजना व नैमिष नगर योजना के विकास की गति बढ़ी

## एलडीए ने प्रशासन से मांगीं गांवों के राजस्व नक्शे की प्रमाणित प्रतियां

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने आगरा एक्सप्रेस वे वरूण बिहार योजना व सीतापुर रोड पर नैमिष नगर योजना के विकास को लेकर प्रक्रिया तेज कर दी है। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत प्रस्तावित दोनों योजनाओं में आ रहे ग्रामों के राजस्व मैपों की प्रमाणित प्रति अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) व प्रभारी अधिकारी-अभिलेखागार, कलेक्ट्रेट से मांगा गया है। इसके लिए एलडीए के संयुक्त सचिव व अर्जन प्रभारी की ओर से पत्र लिखा गया है।

मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण नैमिष नगर योजना के अन्तर्गत तहसील बक्शी का तालाब, में स्थित ग्राम-भौली, लक्ष्मीपुर, पूरबगांव, पुरवा, सैरपुर, फरूखाबाद, कोडरी मौली, कमलाबाद, कमलापुर, पल्हरी गांव बारूमऊ, धतिंगरा व सैदापुर तथा तहसील-सदर, लखनऊ में स्थित ग्राम-गोपरामऊ तथा वरूण विहार योजनान्तर्गत तहसील सरोजनीनगर में स्थित ग्राम-भलिया, आदमपुर इन्दवारा, बहरू, जलियामऊ एवं मदारपुर, इब्राहिमगंज, नकटौरा, गहलवारा, तेजकृष्ण खेड़ा, रेवरी, सकरा, दोना की भूमि के अधिग्रहण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। दोनों प्रस्तावित योजनाओं में आ रहे गांवों के राजस्व मैप की प्रमाणित प्रतियां जिला प्रशासन से मांगी गईं हैं। वहीं नैमिष नगर नाम से नई टाउनशिप के विकास के लिए लाइसेंस के आधार पर 433 हेक्टेयर रक्षा भूमि के हस्तांतरण के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अनुमति मांगी है। भारत सरकार के रक्षा संपदा अधिकारी की ओर से एलडीए को पत्र लिखकर जानकारी मांगी गई है कि क्या उक्त परियोजना में रक्षा भूमि शामिल है? यदि हां, तो उन गांव का नाम, खसरा संख्या और क्षेत्रफल उपलब्ध कराने को कहा गया है। एलडीए से एनओसी पोर्टल के माध्यम से ग्राम भौली, पूरब गाँव, फरुर्खाबाद, पल्हरी, गंगजोर, उमरभारी शेरपुर में 433 हेक्टेयर भूमि क्षेत्र पर नैमिष नगर नामक प्रस्तावित टाउनशिप के विकास के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने का अनुरोध किया गया है। प्राधिकरण व रक्षा सम्पदा कार्यालय के अफसरों की टीम मौके पर निरीक्षण भी किया। उधर, एक अगस्त से बढ़ रहे नए सर्किल रेट का असर एलडीए की प्रस्तावित वरुण विहार व नैमिष नगर आवासीय योजना पर भी पड़ सकता है। इसकी लागत में लगभग 1000 करोड़ रुपये की वृद्धि होने की संभावना है। आगरा एक्सप्रेस-वे के पास 5610 एकड़ भूमि पर विकसित करने की योजना है। इस महत्वाकांक्षी योजना को सबसे बड़े आवासीय योजनाओं में माना जा रहा है। मगर अब बढ़ती लागत ने इसके क्रियान्वयन में नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। प्राधिकरण के अधिकारी के अनुसार सर्किल रेट बढ़ने से बाजार दरों के अनुरूप मुआवजा देना पड़ेगा, जिससे योजना की कुल लागत में बड़ा अंतर आ सकता है।

# आज भारी बारिश का अलर्ट, मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मॉनसून अब पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है और मौसम विभाग ने सोमवार के लिए नया अपडेट जारी कर किया है। इस अपडेट के अनुसार राज्य के बड़े हिस्से में भारी बारिश और गरज-चमक की चेतावनी दी गई है। राजधानी लखनऊ सहित पश्चिमी, पूर्वी और मध्य यूपी के 50 से अधिक जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका जताई गई है।

वहीं, कुछ इलाकों में तो बहुत भारी बारिश का अलर्ट भी है। यात्रियों और आम जनता को सलाह दी गई है कि वे इस दौरान विशेष सावधानी बरतें और अनावश्यक यात्रा से बचें। सोमवार को मौसम पश्चिमी यूपी में अपना असर दिखाएगा। मौसम विभाग की ओर से सोमवार के लिए उत्तराखंड से सटे चार जिलों सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर और बिजनौर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं पश्चिमी यूपी के 10 अन्य जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट है। साथ ही 23 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की आशंका जताई गई है। रविवार को बुंदेलखंड के कुछ हिस्सों और पश्चिमी यूपी में बारिश देखने को मिली। बुंदेलखंड के ललितपुर में सर्वाधिक 78 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं बांदा में 64.4 मिमी बारिश हुई।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को पश्चिमी यूपी के कई जिलों में भारी बारिश के आसार हैं। सोमवार से बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर के कमजोर पड़ने के संकेत हैं। इसके बाद ट्रफ लाइन के उत्तर की ओर शिफ्ट होगा। इसके असर से मंगलवार को प्रदेश के पूर्वी और तराई में अच्छी बारिश के संकेत हैं। राज्य के एक बड़े हिस्से, लगभग 50 से अधिक जिलों में गरज के साथ बिजली गिरने (वज्रपात) की भी आशंका जताई गई है. इस चेतावनी में बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर (भदोही), सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं इनके आसपास के इलाके शामिल हैं।

मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे खराब मौसम के दौरान सुरक्षित रहें और बिजली कड़कने पर खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहें।

## राज गंगा डेवेलपर्स भूमि समायोजन घोटाले की फिर होगी जांच, कमेटी गठित

**लखनऊ।** गोमती नदी की 200 करोड़ रुपये की बहुमूल्य भूमि के फर्जी समायोजन घोटाले में राज गंगा डेवेलपर्स की भूमिका की एक बार फिर जांच होगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रमेश कुमार ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है। गठित समिति की अध्यक्षता संयुक्त सचिव (अर्जन) सुशील प्रताप सिंह करेंगे, जबकि तहसीलदार अमित त्रिपाठी और अधिशासी अभियंता (जोन-1) इसके सदस्य बनाए गए हैं। ग्राम मलेसेमऊ, अर्जन क्षेत्र की वह भूमि जो वास्तविक रूप से गोमती नदी के मध्य में स्थित थी, उसे वर्ष 2006 से लेकर 2015 तक कागजों में नदी से बाहर बताकर एक बिल्डर को एलडीए की ओर से समायोजन में दे दी गई। घोटाले में तत्कालीन सदर तहसीलदार, नायब तहसीलदार की भूमिका पाई गई थी। एलडीए ने इस जमीन के बदले गोमतीनगर विस्तार में पांच व्यावसायिक भूखंड बिल्डर को दे दिए। रजिस्ट्री भी हो गई, जबकि बिल्डर की ओर से दी गई जमीन आज भी नदी के अंदर है।

# प्रदेश में 66 पीसीएस अफसरों के तबादले, बदले गये 60 से अधिक एसडीएम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रविवार को पीसीएस अधिकारियों को एक बार फिर से इधर से उधर किया गया है। नियुक्ति और कार्मिक विभाग ने रविवार को 66 पीसीएस अफसरों की तबादला सूची जारी की। इसमें से 60 से अधिक तबादले उपजिलाधिकारियों (एसडीएम) के हुए हैं। यह तबादले नगरीय निकायों, राजस्व प्राधिकरणों, और चकबंदी विभाग जैसे विभागों में हुए हैं। सभी अधिकारियों को तत्काल अपने नए पदों पर ज्वाइन करने के लिए कहा गया है। तत्काल ज्वाइन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जिसमें निलंबन भी शामिल है।

श्रद्धा पाण्डेय उपजिलाधिकारी, आगरा को सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम, आगरा, प्रदुमन कुमार तिवारी, एसडीएम श्रावस्ती, एसडीएम कानपुर देहात भेजा गया है। जय प्रकाश यादव एसडीएम शाहजहाँपुर को सहायक नगर आयुक्त सहारनपुर, अजीत कुमार सिंह द्वितीय एसडीएम चंदौली को ओएसडी, बरेली विकास प्राधिकरण, रामशंकर द्वितीय एसडीएम उन्नाव को एसडीएम गाजियाबाद, घनश्याम भारतीय एसडीएम बलिया को एसडीएम ललितपुर तबादला किया गया है। लखन लाल सिंह राजपूत एसडीएम बांदा को एसडीएम अयोध्या, पैगाम हैदर एसडीएम शाहजहांपुर को एसडीएम हमीरपुर, कमल कुमार सिंह एसडीएम आजमगढ को एसडीएम औरैया, निशा श्रीवास्तव एसडीएम को गोरखपुर, पवन कुमार गुप्ता एसडीएम मथुरा को सहायक नगर आयुक्त नगर निगम वाराणसी, ध्रुव नारायण यादव एसडीएम रायबरेली को सहायक नगर आयुक्त कानपुर नगर निगम, शिव नरेश सिंह को एसडीएम मैनपुरी, कृष्ण राज सिंह को एसडीएम सहारनपुर, अखिलेश कुमार को उपजिलाधिकारी, मथुरा, रामेश्वर प्रसाद एसडीएम लखनऊ को सहायक नगर आयुक्त, नगर लखनऊ निगम, लखनऊ, सत्य पाल सिंह एसडीएम गोण्डा को सहायक निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय, सौरभ यादव एसडीएम मथुरा को सहायक नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, जितेन्द्र कुमार सिंह एसडीएम कासगंज को एसडीएम झांसी, चन्द्र प्रकाश सिंह एसडीएम हाथरस को एसडीएम आजमगढ़, स्निग्धा चर्तुवेदी एसडीएम यूपीडा को एसडीएम मुरादाबाद, आकांक्षा जोशी एसडीएम हरदोई को एसडीएम प्रतापगढ़, रविंद्र प्रताप सिंह एसडीएम फिरोजाबाद को सहायक नगर आयुक्त नगर निगम फिरोजाबाद, रवि कुमार सिंह एसडीएम गोरखपुर को सहायक नगर आयुक्त नगर निगम गोरखपुर, आशीष कुमार त्रिपाठी एसडीएम मिर्जापुर को एसडीएम सोनभद्र, रजनीश कुमार एसडीएम मथुरा को एसडीएम ललितपुर, सुमित कुमार सिंह एसडीएम अयोध्या को एसडीएम आगरा, मनीष कुमार एसडीएम बुलंदशहर को एसडीएम यथावत रखा गया है। वहीं विराग करवरिया एसडीएम एलडीए को एलडीए में एसडीएम रखा गया है। इनके अलावा विनीत कुमार सिंह एसडीएम हरदोई को सहायक नगर आयुक्त नगर निगम लखनऊ, ब्रजमोहन शुक्ला एसडीएम बलरामपुर को एसडीएम उन्नाव, चंद्रप्रकाश पाण्डेय एसडीएम बुलदंशहर को सहायक नगर आयुक्त नगर निगम झांसी, सुशील प्रताप सिंह एसडीएम गोरखपुर को सहायक नगर आयुक्त नगर निगम गाजियाबाद, प्राची त्रिपाठी एसडीएम बाराबंकी को ओएसडी राजस्व परिषद लखनऊ, सराह अशरफ एसडीएम संभल को एसडीएम रायबरेली, सीमा सिंह एसडीएम नोएडा को एसडीएम सीतापुर, मृदुला दुबे एसडीएम शामली को एसडीएम मेरठ भेजा गया है। आकांक्षा मिश्रा एसडीएम कुशीनगर को कुशीनगर में ही यथावत रखा गया है। सतपाल प्रजापति एसडीएम बलरामपुर को एसडीएम कानपुर नगर, ज्ञान प्रताप सिंह एसडीएम गोरखपुर को एसडीएम अयोध्या, विशाल सिंह यादव एसडीएम मैनपुरी को सहायक नगर आयुक्त नगर निगम मुरादाबाद, मोनालिसा जौहरी एसडीएम मुजफ्फनगर को एसडीएम बहराइच, अभय सिंह एसडीएम आगरा को एसडीएम मुरादाबाद, तान्या एसडीए हरदोई को सहायक नगर आयुक्त नगर निगम झांसी, संतराज एसडीएम सिद्वार्थ नगर को एसडीएम कुशीनगर, संतोष कुमार कुशवाहा एसडीएम बांदा को एसडीएम अयोध्या, पूर्णिमा सिंह एसडीएम कुशी नगर को एसडीएम अयोध्या, मो. असलम एसडीएम इटावा को एसडीएम शाहजहांपुर, अभिषेक शाही एसडीएम गौतमबुद्धनगर को एसडीएम यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, तपस्या यादव एसडीएम सीतापुर को सहायक नगर आयुक्त नगर निगम अलीगढ़, अजय कुमार एसडीएम हरदोई को बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है। तनुजा निगम एसडीएम गौतमबुद्धनगर को सहायक नगर आयुक्त नगर निगम मेरठ, सुशील कुमार एसडीएम मऊ को एसडीएम मथुरा, आरती एसडीएम लखीमपुर में ही रखा गया है। वहीं धर्मवीर भारती एसडीएम बुलंदशहर को एसडीएम फिरोजाबाद, मानधाता प्रताप सिंह एसडीएम आगरा को ओएसडी उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ, हृदय राम तिवारी एसडीएम बस्ती को एसडीएम संतकबीर नगर, शशि कुमार एसडीएम नोएडा को ओएसडी राहत आयुक्त कार्यालय लखनऊ, कृष्ण गोपाल त्रिपाठी एसडीएम गोरखपुर को एसडीएम यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, मदन मोहन गुप्ता एसडीएम ललितपुर को यही तैनात किया गया है। उदयवीर सिंह एसडीएम अलीगढ़ को एसडीएम उन्नाव, तरूण प्रताप सिंह एसडीएम मिर्जापुर को सहायक नगर आयुक्त नगर निगम शाहजहांपुर, अरसाला नाज एसडीएम उन्नाव को एसडीएम औरैया, प्रियंका एसडीएम फतेहपुर में ही यथावत, धर्मेंद कुमार को एसडीएम बलिया को यही पर रखा गया है।

## नगर निगम के साथ मिलकर चलाया स्वच्छता अभियान

**लखनऊ।** भरवारा क्षेत्र में साफ-सफाई की बदहाल स्थिति को देखते हुए रविवार को समस्या समाधान परिवार एवं जीवन की ज्योति ट्रस्ट के सदस्यों ने नगर निगम कर्मचारियों के साथ मिलकर सामूहिक सफाई अभियान चलाया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर निगम में बार-बार आवेदन देने और चक्कर लगाने के बाद भी महीने में मुश्किल से एक बार सफाई कर्मचारी भेजे जाते हैं, और फिर अगले ही दिन से काम ठप पड़ जाता है। भरवारा क्षेत्र वर्ष 2020 से नगर निगम सीमा में आता है, लेकिन इसके बावजूद यहां नालों की नियमित सफाई नहीं होती, न ही सड़कों और गलियों में स्ट्रीट लाइट लगाई गई हैं। इस जनसमस्या के समाधान के लिए समस्या समाधान परिवार और जीवन की ज्योति ट्रस्ट ने पहल करते हुए स्वयं साफ-सफाई का बीड़ा उठाया। नगर निगम में आवेदन देने के पश्चात कुछ सफाई कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे, जो एक सकारात्मक शुरूआत है।

## बिजली विभाग के जेई, एसडीओं की दुबारा नही होगी जांच

लखनऊ। बिजली विभाग के जेई, एसडीओ और एक्सीएन पर शिकात होने के बाद कमेटी बनाकर जांच किया जाता है। जांच में गतल और सही पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई किया जाता है। ऐसे में शिकायतकर्ता जांच होने के बाद भी पावर कार्पोरेशन से लेकर मध्यांचल डिस्काम तक फिर से शिकायत करता है। जिसके आधार पर अधिकारी जांच के नाम पर जेई, एसडीओ और एक्सीएन को परेशान करते है। ऐसे मामलो में एमडी मध्यांचल ने साफ निर्देष दिया है कि पहले जिस अधिकारी ने जांच किया है। उसमें क्या दिया है। अगर गलत दिया गया है तो उस अधिकारी के खिलाफ भी जांच होगी। इसके बाद उसने जांच कर किस आधार पर रिपोर्ट तैयार किया था। जांच के नाम पर अधिकारी किसी को भी परेशान नही कर सकता है।

# निकाय के जेई को 10 साल की सेवा पर मिलेगा 4800 ग्रेड पे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** निकायों में कार्यरत अवर अभियंताओं को अब 10 साल की सेवा पर 4600 रुपये के स्थान पर 4800 रुपये ग्रेड पे दिया गया है। स्थानीय निकाय निदेशालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। प्रदेश के निकायों में कार्यरत अवर अभियंताओं को 4200 ग्रेड पे पर रखा जाता है। शासन की व्यवस्था के मुताबिक 10 साल की सेवा पर एसीपी देने की व्यवस्था है। अभी तक निकायों में कार्यरत अवर अभियंताओं को पहला एसीपी 4600 रुपये दिया जाता था। स्थानीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि अवर अभियंताओं को एसीपी की व्यवस्था के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्तरोन्नयन संस्था, निगम वर्तमान में लागू सामान्य व्यवस्था के अनुसार ही दिया जाएगा। अवर अभियंताओं को वेतनमान 9300-34800 में ग्रेड वेतन 4200 स्वीकृत किया गया है। जून 2010 के पहले इनका वेतनमान 5200-20200 ग्रेड वेतन 2800 रुपये था। इसके फलस्वरूप अवर अभियंता 20 जून 2010 तक प्रथम एसीपी के रूप में वेतनमान 9300-34800 में ग्रेड वेतन 4200 देय है।

उच्चीकृत वेतनमान 4200 ग्रेड पे हो जाने पर 21 जून 2010 से संशोधित प्रथम एसीपी ग्रेड वेतन 4600 रुपये देय होगी। शासनादेश 12 फरवरी 2016 द्वारा अवर अभियंता वेतन बैंड दो ग्रेड पे 4200 पाने वालों को 10 वर्ष की सेवा पर प्रथम एसीपी ग्रेड पे 4600 के स्थान पर 4800 रुपये स्वीकृत किया गया है।

# पीएम ने गोमती नदी टीम के स्वच्छता अभियान की सराहना की

## मन की बात' में बोले 10 साल से हर रविवार बिना थके, बिना रुके जनभागीदारी

विशेष संवाददाता (vol)





लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें संस्करण में लखनऊ की उस टीम की सराहना की, जो बीते 10 वर्षों से हर रविवार गोमती नदी की सफाई कर रही है। वहीं रविवार को भी झूलेलाल घाट पर आयोजित गोमती स्वच्छता अभियान के 375वें रविवार को स्वच्द पर्यावरण आंदोलन सेना ने गोमती नदी की तलहटी से लगभग 5 कुंतल कचरा निकाला। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में लगभग 5 दर्जन स्वयं सेवकों ने गोमती नदी स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में स्वच्छता के प्रति जन समर्पण को भी सराहा। उन्होंने लखनऊ की गोमती नदी स्वच्छता टीम का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों से यह टीम हर रविवार बिना रुके, बिना थके गोमती नदी की स्वच्छता के लिए कार्य कर रही है। यह समर्पण प्रेरणादायक है। सीएम योगी की अगुवाई में प्रदेश में नदी पुनरोद्धार अभियान भी जोर-शोर से चल रहा है। प्रत्येक जिले में छोटी नदियों को पुनर्जनन और उनके किनारों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री के इस संबोधन ने न केवल उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को राष्ट्रीय मंच पर उजागर किया, बल्कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे विकास और संरक्षण कार्यों को भी प्रोत्साहन मिला है।

# बृजभूषण सिंह के बाद दोनों पुत्रों ने योगी से की मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कैसरगंज से पूर्व सांसद रहे बृजभूषण शरण सिंह के बाद शनिवार शाम उनके दोनों बेटों सांसद करन भूषण सिंह और विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। यह भेंट लखनऊ में 5-कालीदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर देवीपाटन मंडल की समीक्षा बैठक के बाद हुई। इस मुलाकात को राजनीतिक और विकास के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

तीन दिन पहले बृजभूषण शरण सिंह की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट हुई थी। सांसद करन भूषण सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस मुलाकात की जानकारी साझा करते हुए लिखा कि उन्होंने अपने भाई प्रतीक भूषण सिंह के साथ मुख्यमंत्री से देवीपाटन मंडल, कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र और गोंडा विधानसभा क्षेत्र के विकास प्रस्तावों पर चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री से मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने की बात कही। करन भूषण ने कहा है कि यह मुलाकात क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ समय से बृजभूषण शरण सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच तनाव की खबरें सामने आती रही हैं। बृजभूषण लंबे समय तक कैसरगंज से सांसद रहे और क्षेत्र में मजबूत राजनीतिक प्रभाव रखते हैं। हाल ही में वे मुख्यमंत्री से मिले थे। इस मुलाकात को तनाव कम करने की दिशा में एक कदम माना गया था। अब उनके दोनों पुत्रों की मुख्यमंत्री से भेंट ने यह संकेत दिया है कि दोनों पक्षों के बीच संबंधों में सुधार की कोशिशें तेज हो रही हैं। करन भूषण सिंह वर्तमान में कैसरगंज से सांसद और प्रतीक भूषण सिंह गोंडा से विधायक हैं।

# लविवि की कार्यवाहक कुलपति बनी प्रो. मनुका खन्ना

## वॉयस ऑफ लखनऊ ने 18 जुलाई के प्रकाशित अंक में पूर्व में ही महिला अधिकारी के कुलपति बनने की जताई थी संभावना, हुई पुष्टि

विशेष संवाददाता (vol)





लखनऊ विश्वविद्यालय की कमान महिला अधिकारी के हाथ!

लविवि परिसर की फिजाओं में तैर रही कुलपति की तैनाती की चर्चाएं

**लखनऊ।** लविवि में एक बार फिर महिला अधिकारी को कार्यवाहक कुलपति कमान मिली है। विश्वविद्यालय में प्रति कुलपति के पद पर तैनात प्रोफेसर मनुका खन्ना को कार्यवाहक कुलपति बनाया गया है। इस संबंध में राजभवन से आदेश जारी किए गए हैं। बता दे कि वॉयस ऑफ लखनऊ के 18 जुलाई के अंक में प्रकाशित खबर में पूर्व ही लखनऊ विश्वविद्यालय की कमान महिला अधिकारी को दिए जाने खबर लिखकर संभावना व्यक्त की थी, जिसकी पुष्टि हुई है।

इससे पूर्व प्रोफेसर रूपरेखा वर्मा कार्यवाहक कुलपति के रूप में पहली महिला कुलपति रह चुकी हैं। राज भवन से आदेश जारी होने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति रहे प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने प्रोफेसर मनुका खन्ना को बधाई देते हुए कार्यभार सौंपा। राज भवन के आदेश के अनुसार प्रोफेसर मनुका खन्ना नियमित कुलपति की नियुक्ति तक, 6 माह से अनधिक पदावधि अथवा अग्रिम आदेश, जो भी पहले हो तक के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति के दायित्वों के निर्वहन के लिए नियुक्त किया गया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय की नवनियुक्त प्रो मनुका खन्ना के शिक्षण अनुभव की बात की जाए तो उन्हें 37 वर्ष का अनुभव है। उन्होंने बीए, आईटी कालेज, लखनऊ 1985 (एक गोल्ड मेडल), एमए, राजनीति शास्त्र, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ 1987 (तीन गोल्ड मेडल) और पीएचडी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ 1992 में की है। उसके बाद उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर 13 नवंबर 1990 वह ज्वाइन किया। वह एसोसिएट प्रोफेसर 1999 और प्रोफेसर 2007 बनीं। प्रोफेसर मनुका खन्ना राजनीति शास्त्र विभाग की विभाग अध्यक्ष 13 अप्रैल 2021 से 13 अप्रैल 2024 तक रहीं। डीन रिक्रूटमेंट एंड असेसमेंट सेल 04 अप्रैल 2020 से अब तक हैं और प्रति कुलपति के पद पर 31 मई 2024 तैनात हैं। के अलावा उन्होंने प्रोवोस्ट कैलाश हाल, प्रोवोस्ट चंद्रशेखर आजाद हाल, असिस्टेंट डीन स्टूडेंट वेलफेयर, असिस्टेंट प्रॉक्टर, सुपरिटेंडेंट परास्नातक परीक्षा, ओएसडी रिजल्ट आदि पदों पर कार्य किया। वहीं प्रकाशन की बात की जाए तो शोध पत्र 12, पुस्तक 04, पुस्तक में अध्याय 08, पेपर प्रेजेंटेड 44 और इनवाइड लेक्चर 70 रहे हैं। साथ ही 22 छात्रों को पीएचडी सुपरवाइज किया।



## सहादतगंज के व्यापारियों का हुआ सम्मान

**लखनऊ।** लखनऊ परिक्षेत्र व्यापार मंडल की इकाई सहादतगंज परिक्षेत्र व्यापार मंडल द्वारा व्यापारी सम्मान समारोह अवम सदस्यता अभियान कार्यक्रम, सहादतगंज स्थित माता अन्नपूर्ण मंदिर लॉन में आयोजित किया गया जिसमे सहादतगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष तनिष्क गुप्ता व महामंत्री ऋषभ गुप्ता द्वारा लखनऊ परिक्षेत्र व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवम सहादतगंज के व्यापारियों का सम्मान किया गया व हम एक है का नारा दिया गया। साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में आये लखनऊ परिक्षेत्र के अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता द्वारा सहादतगंज के सकड़ो व्यापारियों को लखनऊ परिक्षेत्र व्यापार मंडल की सदस्यता दिलाई दी जिसमे अंशुमान गुप्ता, नितिन केसरिया, शिव गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, रुद्र प्रताप, आयुष सोनी, सत्यम श्रीवास्तव, रमेश आदि व्यापारियों को सदस्यता दिलाई गई

## महाकाल मंदिर से कांवड़ लेकर बुद्धेश्वर मंदिर पहुंचे कांवड़िये

**लखनऊ।** हनुमानगढ़ सेवा समिति की ओर से रविवार को राजेन्द्र नगर स्थित महाकाल मंदिर से मोहान रोड़ स्थित श्री बुद्धेश्वर महादेव मंदिर तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। दोपहर तीन बजे भारतीय परिधान धोती कुर्ता व पजामा- कुर्ता धारण किए कांवड़ियों को पूजन के बाद महाकाल के द्वार से रवाना किया गया। हर-हर महादेव और बम-बम के जयकारे लगाते हुए कांवड़िये उत्साह के साथ बाबा को जल चढ़ाने के लिए निकल पड़े। राजेन्द्र नगर, ऐशबाग पुल, हैदरगंज, टिकैत राय तालाब, कोठारी बंधू चौराहा, एमआईएस चौराहा, टेंपो स्टैंड राजाजीपुरम, पाल तिराहा, आलमनगर पुल होते हुए श्री बुद्धेश्वर महादेव मंदिर पर कांवड़ यात्रा संपन्न हुई। कांवड़ियों ने दर्शन पूजन और जलाभिषेक किया। इसके बाद सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कांवड़ यात्रा में समिति के सचिव हनुमान प्रसाद मिश्रा, सोमल शंकर मिश्रा, हरिओम मिश्रा, सुनील राजपूत, जीतेन्द्र राजपूत, अरुण पांडेय समेत बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

# 6 लाख 21 हजार अभ्यर्थियों ने छोड़ी समीक्षा अधिकारी परीक्षा

- एआई, सीसीटीवी और बायोमेट्रिक सत्यापन से हुई नकलमुक्त परीक्षा
- 75 जनपदों के 2382 केंद्रों पर 10.76 लाख पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 4,54,997 ने दी परीक्षा
- एसटीएफ, पुलिस और तकनीकी निगरानी ने सुनिश्चित की पारदर्शिता, नहीं सामने आई कहीं कोई अनियमितता
- नकल माफिया पर कड़ा पहरा, सख्त निगरानी में रही पुराने आरोपियों की गतिविधियां
- परीक्षा की निष्पक्षता और शुचिता को लेकर अभ्यर्थियों ने की योगी सरकार और आयोग की सराहना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) परीक्षा-2023 रविवार को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में एक पाली में कराई गई। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में 10,76,004 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4,54,997 (42.29 प्रतिशत) शामिल हुए। प्रदेश भर में 2382 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें कानपुर में सर्वाधिक 139, लखनऊ में 129, प्रयागराज में 106 और वाराणसी में 82 केंद्र शामिल थे। उन्होंने बताया कि अयोध्या में सर्वाधिक 52.81 प्रतिशत, जबकि रामपुर में सबसे कम 25.78 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी है। वहीं प्रयागराज में 47.61 प्रतिशत, लखनऊ में 48.89 प्रतिशत, कानपुर में 44.37 प्रतिशत, वाराणसी में 49.19 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही। एआई आधारित अलर्ट सिस्टम, सीसीटीवी स्ट्रीमिंग, बायोमेट्रिक सत्यापन और एसटीएफ की कड़ी निगरानी शामिल थी, ने परीक्षा को पूरी तरह नकलमुक्त और पारदर्शी बनाया। प्रदेश में कहीं से भी किसी प्रकार की अनियमितता सामने नहीं आई, जिससे प्रदेश की परीक्षा प्रणाली की साख और मजबूत हुई। एसटीएफ को संवेदनशील केंद्रों की विशेष निगरानी का जिम्मा सौंपा गया था, जो पूरे दिन सक्रिय रहा। पूर्व में परीक्षा अपराधों में लिप्त गैंग और जमानत पर रिहा आरोपियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी गई। कोचिंग सेंटरों की संदिग्ध गतिविधियों पर समर्पित टीमें तैनात रहीं, जो किसी भी असामान्य हरकत की तुरंत जानकारी संबंधित एजेंसियों को देती रहीं। सोशल मीडिया पर अफवाहों और लीक की संभावनाओं को रोकने के लिए विशेष मॉनिटरिंग सेल ने व्हाट्सएप, टेलीग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर नजर रखी। इन उपायों से नकल माफिया की कमर तोड़ने में सफलता मिली और परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष रही।

**प्रश्नपत्रों की गोपनीयता रही फूलप्रूफ, रैंडमाइजेशन और सीसीटीवी से कड़ी निगरानी:** परीक्षा की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए प्रश्नपत्रों की तैयारी और वितरण में कड़े प्रबंध किए गए। दो अलग-अलग मुद्रकों से तैयार किए गए दो सेट प्रश्नपत्रों का चयन परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले कंप्यूटर आधारित रैंडमाइजेशन से किया गया। सभी प्रश्नपत्र आठ मल्टीपल जंबल्ड सीरीज में थे, जिन पर यूनिक और वैरिएबल बारकोड अंकित थे। इन्हें त्रिस्तरीय लॉक वाले गोपनीय ट्रंक बॉक्स में पांच स्तरीय टेम्पर्ड प्रूफ पैकिंग के साथ रखा गया था। ट्रेजरी से निकासी से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के डिस्पैच तक की प्रक्रिया में सशस्त्र गार्ड और वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी अनिवार्य रही। लाइव सीसीटीवी स्ट्रीमिंग के जरिए केंद्र, जिला और आयोग स्तर पर निगरानी की गई, जिससे गोपनीय सामग्री की सुरक्षा अभूतपूर्व स्तर पर रही।

**बायोमेट्रिक और फेस रिकग्निशन से मिला प्रवेश:** अभ्यर्थियों की पहचान और प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सुरक्षित बनाया गया। केंद्र आवंटन कंप्यूटर रैंडमाइजेशन से किया गया, ताकि पक्षपात की कोई संभावना न रहे। ई-प्रवेश पत्र को ओटीआर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) आधारित आठ स्तरीय सत्यापन प्रक्रिया से जोड़ा गया, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, श्रेणी, हाईस्कूल वर्ष और रोल नंबर जैसे बिंदु शामिल थे। प्रवेश द्वार पर बायोमेट्रिक सत्यापन और फेस रिकग्निशन तकनीक से पहचान सुनिश्चित की गई। डबल लेयर फ्रिस्किंग की जिम्मेदारी पुलिस बल और कार्यदायी संस्था ने साझा रूप से निभाई, जिससे कोई निषिद्ध सामग्री अंदर नहीं ले जाई जा सकी। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पर पूर्ण प्रतिबंध रहा और एआई आधारित अलर्ट सिस्टम ने किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत चेतावनी दी।

**परीक्षा केंद्रों पर बहुस्तरीय निगरानी:** प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल तैनात रहा, जो शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अभ्यर्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करता रहा। केंद्रों पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट, एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, दो सह केंद्र व्यवस्थापक और प्रशिक्षित अंतरीक्षक तैनात किए गए थे। इनमें से 50 प्रतिशत अंतरीक्षक, पर्यवेक्षक केंद्र व्यवस्थापक द्वारा और शेष 50 प्रतिशत जिलाधिकारी या जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नियुक्त किए गए थे, जिनकी ड्यूटी का निर्धारण भी रैंडमाइजेशन से हुआ। आयोग और एसटीएफ के बीच समन्वय के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी नामित रहा, जबकि हर जिले में पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या पुलिस अधीक्षक स्तर के नोडल अधिकारी की प्रत्यक्ष निगरानी रही। यदि कोई अनुचित साधनों का प्रयोग करता पाया जाता, तो उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 के तहत कठोर कार्रवाई की व्यवस्था की गई थी।

**योगी सरकार की पहल से मजबूत हुई परीक्षा प्रणाली की साख:** परीक्षा को नकलमुक्त और निष्पक्ष बनाने के लिए योगी सरकार और आयोग का संयुक्त अभियान परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और ईमानदारी स्थापित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किए गए इन प्रयासों ने अभ्यर्थियों में विश्वास बढ़ाया और प्रदेश की भर्ती प्रक्रिया को और अधिक विश्वसनीय बनाया। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि सभी केंद्रों से उत्तर पुस्तिकाएं सुरक्षित रूप से एकत्र की गईं और आगे की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज और वाराणसी जैसे प्रमुख जिलों में केंद्रों की अधिक संख्या के बावजूद व्यवस्था सुचारु रही। यह परीक्षा उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम रही।

**अभ्यर्थियों ने भी व्यवस्था को सराहा:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आरओ, एआरओ परीक्षा-2023 की व्यवस्था को अभ्यर्थियों ने खूब सराहा। प्रयागराज में एक सेंटर से परीक्षा देकर बाहर निकले वाराणसी के नीरज चंद्रा और सचिन माथुर ने बताया कि उनके केंद्रों पर कई स्तरों पर गहन चेकिंग की गई, जो बेहद व्यवस्थित और निष्पक्ष थी। वहीं प्रतापगढ़ की पूजा ने कहा कि पिछली बार की तुलना में इस बार की व्यवस्था कहीं बेहतर थी, जिससे परीक्षा में पूर्ण पारदर्शिता बनी रही और उन्हें आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं हुई। अभ्यर्थियों ने क्यूआर कोड, आई स्कैन और बायोमेट्रिक सत्यापन जैसी तकनीकी व्यवस्थाओं की तारीफ की, जिसने परीक्षा की निष्पक्षता और विश्वसनीयता को और मजबूत किया। इन उपायों ने अभ्यर्थियों में भरोसा जगाया कि परीक्षा पूरी तरह फेयर तरीके से संपन्न हुई।

## निदेशक पर धोखाधड़ी के दर्जनों मुकदमे

**लखनऊ।** एक्मे इन्फ्रावेंचर इण्डिया लिमिटेड जो कि लखनऊ की एक रियल एस्टेट कारोबारी कम्पनी के रूप में स्वयं को प्रदर्शित करती आई है। जिसके निदेशक राहुल श्रीवास्तव पर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में राजधानी के अकेले निगोहां थाने में ही आधे दर्जन से अधिक धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में अभियोग दर्ज होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में सोचने वाली बात यह है कि क्या राहुल श्रीवास्तव का रसूख उसके खिलाफ प्रस्तावित होने वाली कार्यवाही को प्रभावित तो नहीं कर रहा है। खैर यह जांच का विषय है। एक्मे इन्फ्रावेंचर में प्लॉट देने के नाम पर ठगे जाने वाले रमेश अग्रहरि की माने तो निदेशक राहुल श्रीवास्तव ने उनके जैसे दर्जनों लोगों से प्लॉट देने के नाम पर पैसे ले रखे हैं। जिन्हें आज तक न प्लॉट मिल पाया है और न ही उनके पैसे ही वापस किए जा रहे हैं। जिनमें आधा दर्जन से अधिक खरीदारों ने तो निगोहां थाने में इसकी एफआईआर भी दर्ज कराई हैं लेकिन न्याय है कि उनसे कोसों दूरी बनाए हुए है। ऐसे में सोचने वाली बात यह है कि ये चंद लोग तो बानगी मात्र हैं जिन्होंने परेशान हो कानून का दरवाजा खटखटाया है, हो सकता है कि ऐसे और भी लोग हों जो अभी तक कानून की चौखट तक न्याय मांगने पहुंच ही नहीं पाए हों। ऐसे में ऐसे तथाकथित भ्रष्ट लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई प्रायोजित होनी चाहिए जिससे कि आम जन मानस में न्याय और सरकार के प्रति भरोसा बना रहे।

## पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प और प्रबुद्धजनों का सम्मान

लखनऊ। शिविर के दौरान वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया, क्षेत्र के प्रबुद्धजनों को अंगवस्त्र भेंट कर सार्वजनिक सम्मान प्रदान किया गया और सभी उपस्थित नागरिकों के लिए ताराशक्ति रसोई के माध्यम से पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई। शिविर में मंडल अध्यक्ष शिव शंकर विश्वकर्मा, हनुमान पाल, मंडल उपाध्यक्ष राज कपूर वर्मा, अमृता वर्मा, अखिलेश त्रिपाठी, रमेश कुमार शुक्ला, सेक्टर संयोजक राम सुमेर, अरविन्द कुमार सिन्हा, प्रमोद सिंह, सर्वेश कुमार पांडे, मंडल मंत्री रमेश शर्मा, वार्ड अध्यक्ष गुलाब श्रीवास्तव, बूथ अध्यक्ष रंजना मिश्रा, अजय प्रताप सिंह, करुणा सारस्वत सहित अनेक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। यह शिविर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा प्रतिवर्ष हर रविवार आयोजित किए जाने वाले जनसुनवाई शिविरों की श्रृंखला का हिस्सा रहा, जो जनसेवा, सुशासन और सीधे संवाद के माध्यम से समाधान की भावना को साकार करने की दिशा में एक सफल प्रयास है।

## जमीन हड़पने का आरोप लगाकर युवक ने लगायी फांसी

**लखनऊ।** बीबीडी थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजूपुर गांव में एक युवक ने खेत में लगे पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सुसाइड से पहले युवक ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक ने दो लोगों पर जमीन हड़पने और प्रताड़ना का आरोप लगाया है। वीडियो में कहा है कि जमीन हड़पी जाने से वह मानसिक रूप से टूट चुका है। अब उसके जीने का कोई मतलब नहीं है। पुलिस के मुताबिक बीबीडी थाना क्षेत्र के बाजूपुर गांव के रहने वाले अभय नामक युवक ने खेत में लगे पेड़ पर रस्सी से फंदा बनाकर फांसी लगाकर जान दे दी। खुदकुशी से पहले अभय ने एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें उसने स्पष्ट रूप से कहा कि उसकी जमीन हड़प ली गई है और अब उसके पास जीने का कोई रास्ता नहीं बचा है। वीडियो में अभय ने जितेंद्र सिंह और सत्येंद्र सिंह नामक दो लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने मिलकर उसकी जमीन हड़प ली और उसे आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया। वीडियो में भावुक होते हुए अभय कहता है- मेरी पुश्तैनी जमीन छीनी जा रही है, मैं हर जगह गया लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। अब जीने का कोई मतलब नहीं रह गया है। घटना की जानकारी मिलते ही बीबीडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का 87वां स्थापना दिवस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** आशियाना इलाके स्थित पावर हाउस निकट 93 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्यालय में रविवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बटालियन के अधिकारियों सहित जवान उपस्थित रहे और सभी ने शहीदों को श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के दौरान मिष्ठान्न वितरण, अंतर्कंपनी खेल प्रतिस्पर्धा और खेलो इंडिया योजना के तहत फिट इंडिया पहल के तत्वाधान में साइकिल अभियान का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम में मौजूद बटालियन कमांडेंट देवेंद्र नाथ यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि फिट इंडिया एक पहल है जिसका उद्देश्य लोगों को शारीरिक गतिविधियों और खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि यह पहल लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और शारीरिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस अवसर पर बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अनिल कुमार सिंह, उप कमांडेंट रमेश कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह सहित अन्य जवान उपस्थित रहे।

## बिजली दरों में 45 प्रतिशत की बढ़ोतरी का होगा विरोध

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** निजीकरण के लिए जो 120 दिन की तय हुई कैबिनेट के अप्रूवल की टाइमलाइन वह भी ऊर्जा मंत्री जी के शक्ति भवन पहुंचने के 1 दिन बाद ही हो रही थी पूरी कहीं निजीकरण ने तो नहीं ऊर्जा विभाग में मचा दिया संग्राम क्योंकि देश के निजी घरानों की तो दिलचस्पी निजीकरण में है और वह चारों तरफ से बना रहे दबाव। उत्तर प्रदेश का बिजली विभाग वर्तमान में सुर्खियों में आखिर ऐसा क्या हो गया जो की प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा जो जून के महीने में बिजली कार्मिक युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री 23 तारीख को शक्ति भवन की समीक्षा बैठक में खुलकर गुस्से का इजहार किया और यह प्रदेश की जनता को पता ही होगा कि निजीकरण करने का मसौदा तैयार करने वाले कंसलटेंट ग्रांट थ्रोनटन को 25 मार्च 2025 को आर्डर जारी करके 120 दिन में निजीकरण का पूरा मसौदा कैबिनेट से अप्रूव हो जाना चाहिए था ऐसा टाइमलाइन आरएफपी में सेट किया गया और सबसे बड़ी बात है कि माननीय ऊर्जा मंत्री जी के शक्ति भवन में पहुंचने के दूसरे दिन ही 120 दिन की टाइमलाइन पूरी हो रही थी निजीकरण की पूरी कार्यवाही कैबिनेट में अप्रूव हो जाए उसकी समय सीमा की बात तो दूर अभी तक मसौदा ही नहीं तैयार हुआ इसी को लेकर संग्राम आगे बढ़ा अब उपभोक्ताओं के नाम पर नॉरेटिव सेट करना पूरी तरह गलत है अगर उपभोक्ताओं की चिंता किसी को भी है तो ऊर्जा मंत्री 3 साल से विभाग के ऊर्जा मंत्री हैं उन्हें उपभोक्ता उत्पीड़न पर बहुत पहले चिंता जाहिर करना चाहिए था तब सही मायने में प्रदेश के उपभोक्ताओं को इस बात पर विश्वास होता कि ऊर्जा मंत्री उनके साथ खड़े हैं।

## ट्रांसफार्मर से चिपककर बच्चे की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ में हुसैनगंज के फूल बाग स्थित शंकर पूरी कॉलोनी से बिजली विभाग की घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। कॉलोनी के पार्क में लगे ट्रांसफार्मर का गेट खुला हुआ था, जिससे खेलते समय एक मासूम बच्चा फहद (7) करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने आक्रोश दिखाते हुए बिजली विभाग की लापरवाही बताई है और कहा कि इस बारे में पहले भी कई बार शिकायत की गई थी लेकिन ट्रांसफॉर्मर को लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

कैसरबाग थाना क्षेत्र के विधानसभा उपकेंद्र के तहत आने वाले फूलबाग शंकरपुरी कॉलोनी की है। यहां सुबह कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। इसी समय गेंद ट्रांसफार्मर के पास चली गई। गेंद उठाते समय फहद ट्रांसफार्मर से छू गया। करंट लगने से झुलसकर वहीं गिर गया। साथियों ने देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास और घर के लोग भागकर पहुंचे। बच्चे को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन, उसकी जान नहीं बच सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर की जाली खुली होने से यह घटना हुई है। कई बार लाइनमैन से इसकी शिकायत की गई। लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हुई।

लापरवाही ने आज एक बच्चे की जान ले ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कॉलोनी के बच्चे रोज की तरह पार्क में खेल रहे थे। इसी दौरान एक बच्चा अपनी बॉल लेने ट्रांसफार्मर के पास पहुंच गया और अचानक तेज झटके के साथ वह उसमें चिपक गया। उसी के साथ खेल रहे अन्य बच्चों ने शोर मचाया। शोर की आवाज से आस-पास के लोग पहुंचे। घटना के बाद पार्क में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह हिम्मत जुटाकर बच्चे को ट्रांसफार्मर से अलग किया। बच्चे के परिजन भी मौके पर पहुंचे। बच्चे के चाचा तुरंत उसे पास के अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी मौत हो गई। स्थानीय निवासियों में बिजली विभाग के प्रति भारी रोष है। लोगों का कहना है कि कई बार विभाग को ट्रांसफार्मर की खराब हालत के बारे में सूचित किया गया था, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। लोगों ने कहा कि लेसा की लापरवाही के कारण बच्चे की जान गई है। इस घटना के बाद कॉलोनीवासियों में गुस्सा फूट पड़ा है। लोगों मे बताया कि ट्रांसफॉर्मर का गेट लंबे समय से टूटा हुआ था और कोई भी उसकी चपेट में आ सकता था। परिवार में बच्चे की मौत के बाद कोहराम मचा हुआ है।

## नशे में गाली देने से रोका तो एक की गर्दन रेती, दूसरे की कमर में चाकू घोंपा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भीलमपुर में शनिवार रात नशेबाज के उपद्रव का विरोध करना दो युवकों को महंगा पड़ गया। आरोपित ने चाकू से दोनों पर हमला कर दिया। एक के गले पर वार किया तो दूसरे की कमर में चाकू घोंप दिया। शोर मचने पर ग्रामीणों को आता देख आरोपित मौके से भाग निकला। पुलिस ने घायलों को एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। भीलमपुर निवासी वारिश उर्फ लवली की गांव में ही एक युवती से नजदीकियां हैं। इसके चलते अक्सर वह नशे की हालत में रात को उस मोहल्ले में गालियां देते हुए आता-जाता रहता है। शनिवार रात जब वह युवती के मोहल्ले पहुंचा तो नशे की हालत में जोर जोर से गालियां दे रहा था। मोहल्ले के अमित विमल व हरिकेश विमल ने विरोध किया तो लवली ने चाकू से दोनों पर हमला कर दिया। आरोपित ने अमित को दबोच लिया और चाकू से गला रेतने लगा। वह लहूलुहान होकर गिर गया। हरिकेश बचाने दौड़ा तो उसकी कमर में चाकू घोंप दिया। शोर मचने पर गांव वाले लाठी डंडा लेकर दौड़े तो आरोपित भाग निकला। परिजन दोनों घायलों को लेकर सीएचसी मोहनलालगंज पहुंचे। वहां हालत नाजुक होने पर अमित विमल को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित की तलाश में टीमें लगी है। आरोपित के जिस महिला से नजदीकियां है उसकी भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## तेज आवाज में गाना बजाकर पत्नी को ईंट से कूंचकर मार डाला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** माल के बाजार गांव में मामूली कहासुनी पर रविवार को पति ने पत्नी की ईंट से कूंचकर हत्या कर दी। पड़ोसियों को भनक न लगे इसलिए उसने तेज आवाज में गाना बजा दिया। काफी देर से गाना बजने पर धीमा करने के लिए पड़ोसी ने गेट खटखटाया तो वह धक्का देकर भाग निकला।

चार दिन पहले ही परिवार के साथ आया था घर माल के बाजार गांव निवासी रवि रावत पत्नी सीमा (25) और दो बेटियां पायल और पलक के साथ चण्डीगढ़ में रहकर मजदूरी करता था। 24 जुलाई को वह परिवार के साथ गांव आया था। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह बड़ी बेटी पायल घर के बाहर खेल रही थी। छोटी बेटी पलक अपनी ननिहाल गई थी। सुबह 10 बजे रवि और उसकी पत्नी सीमा घर में थी। तभी किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। इसपर रवि ने आंगन में पड़ी ईंट उठाकर सीमा के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। खून से लथपथ सीमा जमीन पर गिर पड़ी। इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद के मुताबिक अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। परिवार वालों के आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। आरोपित रवि की तलाश की जा रही है। पत्नी की चीख न सुनाई दे इसलिए गाना बजा दिया झगड़ा होते ही रवि ने तेज आवाज में गाना बजा दिया। जिससे किसी को सीमा की चीख पुकार सुनाई न दे। वह सीमा पर ईंट से सिर वार करता रहा। सीमा मदद के लिए चीख पुकार मचाती रही पर तेज आवाज में गाना बजने से आसपास के लोगों को उसकी चीख-पुकार सुनाई नहीं दिया। काफी देर तक गाना बजने पर पड़ोसी ने रवि को कई आवाज दी पर उसने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने आवाज धीमी करने के लिए दरवाजा खटखटाया तो रवि धक्का देकर भाग निकला। बरामदे में मृत हालत में पड़ी थी सौम्या पड़ोसी घर के भीतर गए तो सीमा मृत हालत में बरामदे में पड़ी थी। पास में ही खून से सनी ईंट भी पड़ी थी। गांव वालों ने सीमा को सीएचसी भेजवाया। जहां उसकी हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर भेज दिया। ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान सीमा की मौत हो गई।

## सिपाही पति की पिटाई से आहत पत्नी ने लाइव वीडियो पोस्ट कर जान दी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीकेटी थाने से कुछ दूरी पर मामपुर बाना गांव में रविवार दोपहर सिपाही अनुराग की पत्नी सौम्या उर्फ तनु (35) ने फांसी लगा ली। आत्महत्या से पूर्व उसने इंस्टाग्राम पर दो लाइव वीडियो पोस्ट किए। वीडियो में पति उसके बहनोई और भाई की प्रताड़ना, पिटाई की दास्तां बयां की।

पिटाई से आई चोटें दिखाई। कहा कि दहेज की मांग को लेकर आए दिन जानवरों की तरह पति और ससुरालीजन पीटते हैं। मांग पूरी न होने पर वह दूसरी शादी की धमकी देते हैं। सुबह पति ने बुरी तरह पीटा। इसके बाद ड्यूटी चला गया। उसकी प्रताड़ना से त्रस्त होकर जान दे रही हूं। वीडियो में बीकेटी पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपित अनुराग को हिरासत में ले लिया है। सौम्या मूल रूप से मैनपुरी जनपद के अलीपुर की रहने वाली थी। अनुराग मैनपुरी के जगदीशपुर का रहने वाला है और 2019 बैच का सिपाही है। सौम्या ने वर्ष 2023 में अनुराग से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से वह पति के साथ बाना गांव में लालता सिंह के मकान में किराए पर रहती थी। मंगलवार दोपहर उसने इंस्टाग्राम पर पति के साथ ही रायबरेली में रहने वाले उसके बहनोई संजय (पुलिस विभाग में कर्मचारी) और अधिवक्ता भाई रंजीत पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने का आरोप लगाया। रोते हुए लाइव वीडियो बनाकर फांसी के फंदे पर झूल गई। इंस्टाग्राम के वीडियो से मिली जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। फंदे से सौम्या को उतार कर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसीपी बीकेटी अमोल मुर्कुट ने बताया कि सौम्या के परिवारीजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। शादी का झांसा देकर किया था शोषण, मुकदमा दर्ज होने पर समझौता पुलिस की जांच में पता चला है कि शादी से पहले अनुराग और सौम्या में प्रेम प्रसंग था। दोनों एक ही जिले के रहने वाले थे। कई साल चले प्रेम प्रसंग के बाद अनुराग ने शादी से इंकार कर दिया था। इस पर सौम्या ने उसके खिलाफ शादी का झांसा देकर शोषण करने का आरोप लगाते हुए वर्ष 2023 में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद अनुराग ने सौम्या से समझौता किया। इस बाद दोनों ने मंदिर में विवाह किया था। मारपीट से त्रस्त मकान मालिक ने कमरा खाली करने को कहा तो देता था धमकी मकान मालिक लालता प्रसाद ने बताया कि आए दिन सिपाही अनुराग, सौम्या के साथ मारपीट करता था। वह चीखती-चिल्लाती थी। कई बार मकान मालिक ने समझाने की कोशिश की। इस पर उनके ऊपर भी पुलिसिया रौब दिखाता था। फर्जी मामले में जेल भेजने की धमकी देता था। मकान मालिक ने बताया कि इससे त्रस्त होकर उन्होंने मकान खाली करने के लिए कहा था, पर वह तैयार नहीं था। पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप वायरल वीडियो में सौम्या ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार की है। कहा है कि पति इतना पीटता था कि हाथ और पीठ लाल कर देता था। इसकी शिकायत कई बार बीकेटी थाने में की पर पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। पीएम और सीएम से गुहार लगाते हुए उसने कहा कि पति उसके बहनोई और भाई पर जरूर कार्रवाई होनी चाहिए। पूरे मामले में बीकेटी पुलिस की भी कार्यशैली पर सौम्या ने सवाल उठाया है और जिम्मेदार पुलिस कर्मियो के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है।

## सूचना

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम Masoom Beg व पत्नी का नाम Aisha दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड, बैंक व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम Masoom Baig व पत्नी का सही नाम Aysha Begam दर्ज है। मेरे पासपोर्ट में भी मेरा व मेरी पत्नी का सही नाम दर्ज किया जाये।
**मासूम बैग मकसूम बैग निवासी- 154, हरीगंज, कालपी, जालौन, उत्तर प्रदेश।**

## दबंगों ने जमकर पीटा

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित बाराबिरवा के सम्भर खेडा में दो दिन पूर्व रात्रि समय बाइक और ऑटो से आए दर्जन भर दबंग एक मछली विक्रेता की जमकर पीटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए। वहीं मारपीट से चोटिल युवक ने अपना उपचार कराने के बाद स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से नामजद शिकायत की है।

## गुमशुदगी



**उषा देवी** उम्र करीब 48 वर्ष पत्नी रामचंद्र निवासी भोलापुरवा बक्सी का तालाब लखनऊ **रंग** गोरा **लम्बाई** लगभग 4 फिट **दिनांक 22/07/2025** की शाम लगभग 4.45 बजे घर से सफेद दुपट्टा, सफेद सलवार व कथई कलर का कुर्ता पहन कर निकली, तब से घर वापस नहीं आई, जिसकी गुम होने की सूचना बक्सी का तालाब थाने में पंजीकृत है। जिस किसी को इस महिला के सन्दर्भ में जानकारी हो कृपया जानकारी निचे लिखें नंबरों पर दे। जानकारी देने वाले व्यक्ति को उचित सम्मान दिया जायेगा।

**6387804644, 9336278133, 9198059291 व 8299807687**

# हरियाली तीज : सुहागिनों ने किया सोलह श्रृंगार, गायी कजरी, रखा व्रत





हरियाली तीज उत्सव में सुहागिन महिलाओं ने मनाया जश्न | तीज उत्सव में आयोजित मेंहदी प्रतियोगिता में महिलाओं ने लिया हिस्सा | मनकामेश्वर मंदिर में भगवान शिव को झूला झुलाती महंत देव्यागिरी | फोटो-अमित वर्मा

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

**लखनऊ।** सावन माह के हरियाली तीज पर रविवार को सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार रच कर पति की दीघार्यु और यशस्वी जीवन के लिए व्रत रखा। पर्व को लेकर पहली बार ससुराल आई नव विवाहिताओं में जबरदस्त उत्साह है। तीज पर्व पर महिलाएं सजधज कर खास हरे रंग की साड़ी पहने मेहंदी लगाकर परम्परागत कजरी गाती रही।

हरियाली तीज के त्योहार पर अधिकांश महिलाओं ने सुबह से ही पूजा-अर्चना की तैयारिया शुरू कर दी। सुहागिन महिलाओं एवं युवतियों ने सोलह श्रृंगार एवं हरे रंग के वस्त्र धारण कर सर्व प्रथम बालू एवं मिट्टी से माता पार्वती एवं भगवान शंकर की प्रतिमाएं बना कर विधि विधान से पूजन कर परिवार में सुख, समृद्धि एवं शांति आने की कामना की। पूजा-अर्चना के लिए महिलाओं ने सामूहिक रुप से एकत्र होकर एक दूसरे के पैरों में सुहाग का प्रतीक महावर एवं मेहंदी लगाकर श्रावण मास को लेकर अनेक मल्हारें गाईं। कुछ महिलाओं ने घरों में झूले का आनंद लिया। महिलाओं ने घरों में धूमधाम से हरियाली तीज मनाने को लेकर मेहंदी, रंगोली, गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया। महिलाओं ने माता गैरा की कहानियां एक दूसरे को सुनाईं। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए दिनभर व्रत-उपवास रखती हैं। वहीं अच्छे पति की कामना के लिए अविवाहित युवतियां भी इस व्रत को रखती हैं। पर्व को छोटी तीज और श्रावण तीज के नाम से भी जाना जाता है।

**सुहागिनों ने की शिव-पार्वती की आराधना:** अखंड सुहाग की कामना का पर्व तीज रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही सुहागिनों ने निर्जला उपवास रखा। गली-मुहल्लों में मंगल गीत गूंजते रहे। महिलाओं ने शाम में सोलह श्रृंगार कर अपने पति के सौभाग्य और दीघार्यु के लिए भगवान शंकर और मां पार्वती की पूजा की। इस दौरान शिव-पार्वती की कथा सुनी और रतजगा कर शिव-पार्वती के गीत गाए। बड़ी संख्या में युवतियों ने भी अच्छे वर के लिए उपवार रखा और पूजा की। गोमती नगर के विशाल खंड.1 स्थिति विशालेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को विशालेश्वर महिला समिति की ओर से हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने कई प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। किसी ने सावन गीतों पर डांस किया तो किसी ने अपनी सुरीली आवाज से मधुर गीत गाकर लोगों का दिल जीत लिया। महिलाओं ने सावन की रिमझिम बारिश..., शिव शंकर चले कैलाश बुंदियां पड़न लगीं जैसे एक से बढ़कर गीत गाकर उत्सव मनाया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजन हुआ।

**मनकामेश्वर में धूमधाम से मना तीज उत्सव:** डालीगंज के प्राचीन शिवायलय श्रीमनकामेश्वर मठ-मंदिर में रविवार को श्रीमहंत देव्यागिरी जी महाराज के अगुवाई में हरियाली तीज उत्सव धूमधाम हुआ। तीज पर मंदिर प्रांगण में झूला डाला गया। श्रीमहंत देव्यागिरी जी महाराज ने भगवान शंकर और माता पार्वती की षोड्सोपचार पूर्वक पूजा की और झूला झूलीं महिलाओं ने सावन के गीत गाए। उत्सव में महिलाएं हरी साड़ियां पहन कर आई थीं। आकाशवाणी दूरदर्शन और आईसीसीआर की गायिका संगीता श्रीवास्तव ने कजरी, सावन, झूला लोकगीत अरे रामा कृष्ण बने मनिहारी की ओढ़ लीन्ही साड़ी रे हरि ,झूला पड़ा कदंब की डरिया झूले, राधानंदकिशोर , बूंदन बरसन लागी हिमाचल नगरी, रिमझिम बरसे हो बदरवा झूम झूम के,....के गीत गाये। उनके साथ में शंकर दुबे, अनूप गुप्ता, मोहन देशमुख ने वाद्ययंत्रों पर संगत की। उत्सव में मंदिर की प्रमुख सेवादार उपमा पाण्डेय, सुनीता गुप्ता, मोनी, पूजा, प्रियंका, वंदना ने भी गीत गाए और झूला झूली।

**तीन उत्सव पर हुई मेंहदी प्रतियोगिता:** लोक संस्कृति की धरोहर मुनाल की महिला मोर्चा द्वारा तीज हरियाली गढ़वाल उत्तराखंड का हरेला पर्व पर श्रीमती उर्मिला बिष्ट के संयोजन में मुख्य अतिथि सरोज नेगी, शांति नेगी, गीता रावत द्वारा बुद्ध बसंती सभागार वजीर हसन रोड पर मधु नेगी, अंजू नेगी, कंचन रावत, अंजना नेगी, रोमा, अनु, पिंकी आदि को मेहंदी प्रतियोगिता में सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तराखंड के हरेला पर्व के विषय में भी जानकारी दी गई है इस अवसर पर गढ़वाली लोकगीत भी प्रस्तुत किए गए।

## श्री श्याम मंदिर में श्रावणी तीज उत्सव की मची धूम

लखनऊ। बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री मंदिर मन्दिर में श्री श्याम परिवार द्वारा श्री श्याम श्रावणी तीज उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ लखनऊ के प्रसिद्ध खानपान की चटोरी गली, सेल्फी प्वाइंट एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दो सौ से अधिक महिलाओं ने प्रतिभाग लिया।

कार्यक्रम संयोजक पायल अग्रवाल ने बताया कि इस बार श्री श्याम श्रवण तीज उत्सव में महिलाओं को आत्मनिर्भर की ओर उद्देश्य के साथ पारंपरिक वस्त्रों, चूड़ियों, एवं रत्नों से बने आभूषणों का स्टाल लगाया गया जिसमें बड़ी संख्या ने खरीददारी की। वहीं पारुल अग्रवाल ने बताया कि उत्सव में मेहंदी, झूले, फैशन शो और डांस प्रतियोगिताओं ने समां बांध दिया। महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीतों पर थिरकते हुए तीज के महत्व को जीवंत किया। कार्यक्रम में विजेताओं को आकर्षक उपहार भी दिए गए। सुधा गर्ग ने बताया कि ऐसे आयोजन सामाजिक मेल-जोल बढ़ाने और सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम हैं। इस कार्यक्रम में पारुल अग्रवाल, पायल अग्रवाल,रंजना अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, अंजना अग्रवाल, आंचल अग्रवाल उपस्थित रहें।



## सावन गीतों संग कजरी पर महिलाओं ने नृत्य की मनोरम छटा बिखेरी

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**



**लखनऊ।** सावन का झूला, आल्ता के रंग, गजरे की खुशबु मेहंदी के रंग... जैसे खूबसूरत परिवेश में हरे रंग के परिधानों में सोलह श्रृंगार से सजी-धजीं महिलाओं ने जब सावन की कजरी ' छैला छाय रहे मधुबन में सावन सुरत बिसारे मोर ' पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया, तो चारों ओर सावन के रंग के मानिंद हरीतिमा बिखरी नजर आई, यह मौका था आज शाम सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान के तत्वावधान में होटल द गोल्डन एप्पल महानगर में आयोजित उड़ान सावन उत्सव-2025 का।

इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नम्रता पाठक, विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ लोक नृत्यांगना सरिता सिंह, संजोली पांडे, पार्षद पूजा जसवानी और अनीता श्रीवास्तव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। संगीत से सजे कार्यक्रम का शुभारंभ अधिरा यादव ने गाइये गणपति श्री वंदन पर भाव नृत्य से किया। विघ्न विनाशक के चरणों में समर्पित इस प्रस्तुति के उपरांत सविता कनौजिया, शिखा पांडे, कविता, बीनू यादव और रितिका सक्सेना ने मेरा मन तरसा पानी क्यों बरसा पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा। संगीत से सजे कार्यक्रम के अगले सोपान में अधिरा, अदिति, जानवी, पावनी और अक्शा ने घनन घनन घिर घिर आए बदरा पर नृत्य प्रस्तुत कर नभ में काली घटाओं का आह्वान किया। सावन के रंग में रंगी अगली प्रस्तुतियों में मोहिनी, आभा, खुशबू, सविता, उपासना, नीतू शर्मा, सुनीता पटेल, अप्सरा, शिखा, पूजा, अक्की और बीनू ने लोकगीत रघुवर झूल रहे अपनी उमंग में सिया जी के संग में पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। मन को मोह लेने वाली इस पेशकश के बाद खुशबू, नीरज, आभा, शालिनी, कल्पना और ममता ने कजरी कैसे खेलन जहियो सावन में कजरिया बदरिया गिर आई एवं प्रियम पांडे, प्रतिमा शाह, प्रतिभा, प्रतिमा पाठक, उषा सिंह, सुनीता पटेल और नीतू ने सावन गीत आया सावन बड़ा मन भावन सावन की पड़े फुहार राधा झूल रही कान्हा संग में पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया।

इस प्रस्तुति के उपरांत शालिनी, रितिका, प्रियंका, अमृता और भारती सिंह ने पार्वती बोली शंकर से सुनिए भोलेनाथ जी रहना है हर एक जन्म में मुझे तुम्हारे साथ जी पर नृत्य प्रस्तुत कर भगवान शंकर की आराधना की। कार्यक्रम का संचालन मनीष पंडित और धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र यादव ने दिया।

## रंगारंग कार्यक्रम संग कलाकार सम्मानित



वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

**लखनऊ।** प्रगति इवेंट द्वारा द मानसून कार्निवल 2025 का आयोजन 18 जुलाई से 17 अगस्त तक लखनऊ के गौतम बुद्धा (हैप्पीनेस) पार्क में आयोजित किया जा रहा है। प्रगति इवेंट द्वारा प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से कठपुतली, जादू और विलुप्त होती हुए खेल, प्रतियोगिताओं, नृत्य, गायन जैसे मनोरंजक कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित जनता का मनोरंजन होता है। काफिला लोकनाट्य संस्था द्वारा कठपुतली नृत्य का संडे को शानदार परफॉर्मेंस किया गया। तान्या मेराज, तनय मेराज, बलराम यादव, मेराज आलम, आजरा मेराज कलाकारों का शानदार प्रदर्शन उपस्थित जनों के दिलों दिमाग पर छा गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीतों की प्रस्तुति सलीम के दौरान की गई प्रगति इवेंट के सांस्कृतिक मंच पर आज प्रदुमन शुक्ला, वेदांत शुक्ला, वेदिता शुक्ला, आचार्य डॉक्टर मोहित शुक्ला द्वारा वेद मंत्र का अर्थ सहित पाठ किया गया। म्यूजिकल चेयर की विनर चांदनी रहीं। कलाकारों को मीडिया प्रभारी प्रेमचंद श्रीवास्तव द्वारा मोमेंटम एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया।

# सावन का तीसरा सोमवार आज, शिवालयों में गूंजेगा बम-बम भोले




वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

**लखनऊ।** भगवान शिव का प्रिय महीना यानी सावन 11 जुलाई से हो चुका है। सावन सोमवार के दिन भक्तों द्वारा व्रत आदि भी किया जाता है। ऐसे में 28 जुलाई को सावन के तीसरे सोमवार का व्रत किया जाएगा। आप इस दिन सरल विधि से शिव जी की पूजा कर उनकी कृपा के पात्र बन सकते हैं। व्यतिपात में भोलेनाथ की पूजा करने से सभी कार्यों में सफलता मिलती है। सावन सोमवार के दिन सुबह जल्दी उठकर भगवान शिव का ध्यान करते हुए व्रत का संकल्प लें। इसके बाद मंदिर जाकर या घर पर ही आप पूजा कर सकते हैं। इसके लिए हाथ में अक्षत तथा फूल लेकर दोनों हाथ जोड़ें और भगवान शिव का आह्वान करें। इसके बाद इन फूलों को शिव जी को समर्पित कर दें। सबसे पहले शिवलिंग पर जल चढ़ाएं। इसके बाद सफेद चंदन से भगवान को तिलक लगाएं। अब शिवलिंग पर सफेद पुष्प, धतुरा, बेल-पत्र, भांग आदि अर्पित करें और दीप जलाकर भगवान शिव की आरती करें। बेलपत्र चढ़ाते समय ध्यान रखें कि शिवलिंग पर हमेशा 3 पत्तों वाला बेलपत्र चढ़ाना चाहिए। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि बेलपत्र साबुत होना चाहिए। बेलपत्र को हमेशा चिकने सतह की ओर से शिवलिंग पर चढ़ाना चाहिए। पूजा के बाद पूरे दिन का उपवास रखें। इसके बाद शाम के समय शिव जी के समक्ष दीपक जलाएं और भगवान शिव को प्रसाद अर्पित करें। पूजा के बाद आप प्रसाद और कुछ फल ग्रहण कर अपना व्रत खोल सकते हैं।

## श्रृंगार संग होगा देवों के देव महादेव का जलाभिषेक, तैयारियां पूरी

**लखनऊ।** सावन माह के तीसरे सोमवार को लेकर राजधानी के सभी शिव मंदिरों में तैयारी पूरी हो गई हैं। देर रात से ही मंदिर रोशनी से जगमगा उठे। श्रद्धालुओं की कतार भी रात से लग गई। राजेन्द्रनगर स्थित महाकाल मंदिर में रात 12 बजे कपाट खुल जाएंगे। इस मौके पर राजधानी में कहीं भस्म आरती तो कहीं जलाभिषेक किया जायेगा। वहीं महाकाल मंदिर में उज्जैन स्थित महाकाल की तर्ज पर भस्म आरती होगी। आरती के बाद भक्त जल व दुग्धाभिषेक कर सकेंगे।

चौक स्थित कोतवालेश्वर मंदिर में रोज की तरह जलाभिषेक से पूजन की शुरूआत होगी। बाबा का फल फूल और मेवे से श्रृंगार होगा। सुबह और शाम भोलेनाथ की भव्य आरती होगी। उधर, सदर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग के कपाट सुबह पांच बजे खुल जाएंगे। भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार होगा। भक्त भोलेनाथ, मां पार्वती और गणेश जी के एक साथ दर्शन कर सकेंगे। डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर में देर रात से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी। 51 लीटर दुग्ध से भोलेनाथ का अभिषेक होगा। भोर में चार बजे भोलेनाथ की आरती के साथ मंदिर के कपाट खुलेंगे। भोलेनाथ नग जणित पगड़ी पहन कर दर्शन देंगे। भक्त, जल, दुग्ध, बेलपत्र, धतूरा अर्पित कर भोलेनाथ का पूजन करेंगे।

**मनकामेश्वर मंदिर :** मनकामेश्वर मंदिर में सुबह 5 बजे भक्तों के लिए कपाट खोल दिए जाएंगे और पूरे सावन भर यही समय रखा जाएगा। सुबह 50 बजे से लेकर शाम 6:30 बजे तक भक्त शिव शंकर का रुद्राभिषेक कर सकेंगे। सोमवार को ज्यादा भीड़ होने की वजह से इस दिन मंदिर में खास व्यवस्था होगी। महिला और पुरुषों के लिए अलग लाइन होगी। महिला और पुरुष अलग-अलग कोने से भोलेनाथ को जल अर्पित कर सकेंगे, इसके बाद एक घंटे के लिए 8 बजे रात में मंदिर को बंद किया जाएगा। इसमें आरती की जाएगी, इसके बाद 9 से दोबारा भक्तों के लिए मंदिर के द्वार खोल दिए जाएंगे, जो कि रात 12 बजे तक खुले रहेंगे।

**श्री महाकाल मंदिर, राजेंद्र नगर:** श्री महाकाल मंदिर राजेंद्र नगर में सुबह 4 बजे कपाट खुल जाएगा, जिसमें पुजारी पूजा करेंगे। अखंड ज्योत जलाई जाएगी, जो पूरे सावन माह भर जलेगी। यहां पर 24 घंटे भक्तों के कपाट खुले रहेंगे। सुबह 6:30 बजे से लेकर करीब 12 बजे तक भक्त रुद्राभिषेक कर सकेंगे, फिर 1 बजे से लेकर करीब 3 बजे तक उन भक्तों को समय दिया जाएगा जिन्होंने एडवांस बुकिंग की है। शाम 4 बजे बाबा का श्रृंगार होगा और शाम 5:30 भक्तों के लिए दोबारा कपाट खोल दिए जाएंगे, इसके बाद रात 8 बजे आरती होगी। इसके बाद मंदिर भक्तों के लिए रात 12 बजे तक खुला रहेगा। सुबह के 5 बजे महाआरती होगी। भस्म आरती रोज प्रातः 4 बजे होगी, जो पूरे सावन महीने भर चलती रहेगी, साथ ही महादेव को छप्पन भोग का प्रसाद भी चढ़ाया जाएगा।

**यहां भी होंगे आयोजन:** चैपटिया स्थित प्राचीन बड़ा शिवाला में सावन के तीसरे सोमवार पर भी भोलेनाथ का फूलों से श्रृंगार होगा। तथा आचार्यो द्वारा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जायेगा। नादान महल रोड पर स्थित सिद्धनाथ मन्दिर सजावट व भोलेनाथ का श्रंगार देखने वाला होता है। प्राचीनकाल से चला आ रहा यहां का रुद्राभिषेक प्रसिद्ध है।

**पूजन विधि:** सावन के तीसरे सोमवार पर सुबह ही स्नान कर लें। इसके बाद पूजा स्थान पर सभी पूजन सामग्रियों को एकत्रित कर लें। इसके बाद शुभ मुहूर्त के अनुसार दूध से शिव जी का अभिषेक करें। घी का दीपक जलाएं। फिर उन्हें चंदन, फूल, बेलपत्र, भांग की पत्तियां, शमी के पत्ते और मिठाई चढ़ाएं। इसके बाद धूप-दीप अर्पित करें। अब शिव चालीसा का पाठ करें। यदि आपका व्रत है, तो सोमवार व्रत कथा का पाठ करें।

# फिल्मी गीतों पर सजी-संवरी महिलाओं ने किया मनमोहक नृत्य

## हरियाली तीज पर मेघ मल्हार ने बरसाई सांस्कृतिक छटा

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**




**लखनऊ।** सावन और हरियाली तीज के पावन अवसर पर लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाइड द्वारा होटल रोसेल इन में आयोजित सांस्कृतिक संध्या मेघ मल्हार ने श्रोताओं का मन मोह लिया। इस आयोजन में श्रावण मास की पावनता, नारी शक्ति की भक्ति, और लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत को खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया।

इस भव्य आयोजन की योजना जनाब शोएब कुरैशी, रश्मि मिश्रा, राहुल पांडेय, राजीव सक्सेना, प्रदीप शुक्ला, विनोद श्रीवास्तव, नीरजा शुक्ला और राजेन्द्र सिंह पवार द्वारा मिलकर की गई। कार्यक्रम की रूपरेखा श्री पवार ने संभाली, जबकि मंच संचालन रश्मि मिश्रा और राहुल पांडेय ने ऊर्जा और आत्मीयता के साथ किया। मुख्य अतिथि आकाशवाणी लखनऊ के निदेशक श्री अजीत चतुवेर्दी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में टिप टिप टिप टिप बारिश शुरू हो गई..., गीत पर राजेन्द्र पवार, अन्विता, रमा, प्रियंका और मीनाक्षी द्वारा जोश से भरी प्रस्तुति दी। हरियाली लोकगीतों की प्रस्तुति नीरजा शुक्ला, सुषमा प्रकाश, शशि किरण, अन्विता, ममता श्रीवास्तव और इन्दु सरस्वत की मनभावन प्रस्तुति हुई। सावन मोहे तरसाए ईला गुप्ता द्वारा भावपूर्ण शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। ना झटको जुल्फ से पानी...गीत पर राहुल पांडेय, हाय रे हाय नींद नहीं आए... राहुल पांडेय और रश्मि मिश्रा की मधुर युगल प्रस्तुति, हाय हाय ये मजबूरी..., नम्रता मिश्रा, सावन का महीना पवन करे शोर... सौरभ और अंकिता गुप्ता, रिमझिम गिरे सावन..., रमन श्रीवास्तव ने सधी हुई प्रस्तुति देकर दिल जीत लिया। इस अवसर पर नीरजा, अनिल शुक्ला, शशि किरण ध्रुव खरे, और रिचा डी.के. श्रीवास्तव की वैवाहिक वर्षगाँठ, तथा रिचा श्रीवास्तव, प्रियंका पांडेय, चित्रा वेंकटरमन, डॉ. अनिल कुमार अग्रवाल, राखी लखन, विजयलक्ष्मी श्रीवास्तव, साधना श्रीवास्तव और मृदुला श्रीवास्तव के जन्मदिन मंच पर धूमधाम से मनाए गए। इस सुंदर आयोजन का संयोजन अन्विता मनीष और मनीष भारती ने किया।

## कारगिल विजय दिवस पर बही देशभक्ति गीतों की बयार

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**



**लखनऊ।** कारगिल विजय दिवस और सरदार उधम सिंह के शहीदी दिवस के अवसर पर संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से लखनऊ कम्यूनिकेशन सोसाइटी की ओर से इंदिरा नगर के मयूर रेजिडेन्सी चांदन रोड स्थित पायनियर कान्वेंट स्कूल में रविवार 27 जुलाई को देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय ऑडिटोरियम में हुए इन प्रेरक कार्यक्रमों की संयोजिका विजय लक्ष्मी गुप्ता थीं। इसमें गीता गुप्ता के दल ने मनभावन प्रस्तुतियां दी।

इस अवसर आर.सी.गुप्ता ने बताया कि शहीद-ए-आजम नाम से मशहूर सरदार उधम सिंह का जन्म 26 दिसंबर 1899 को एक सिख परिवार में हुआ था, उनका मूल नाम शेर सिंह था। वे सुनाम, पंजाब के पिलबाद मोहल्ले से थे। उन्हें 13 मार्च 1940 को भारत में पंजाब के पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल ओ' डायर की हत्या के लिए जाना जाता है। उन्होंने यह हत्या साल 1919 में अमृतसर में हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लेने के लिए की थी। इस हत्या के लिए उन पर मुकदमा चलाया गया और उन्हें दोषी ठहराते हुए जुलाई 1940 में फांसी दी गई थी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में गीता गुप्ता गायन मंडली के शैलेंद्र गुप्ता, प्रकाश खन्ना, अंकित सिंह , संजय श्रीवास्तव, आरजी गुप्ता, सुबोध दुबे, अर्जुन कुमार, महेंद्र प्रताप सिंह, शुभ , आर्यन गुप्ता ने

एक से बढ़कर एक देशभक्ति के लोकप्रिय गीतों को, मधुर कंठ स्वरों में सुनाया। छोड़ो छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी नए दौर में लिखेंगे, मिल कर नई कहानी हम हिंदुस्तानी की प्रस्तुति को खासी सराहना मिली। इसी क्रम में कलाकारों ने कोयल बिन बगिया ना सोहे राजा की सुरीली प्रस्तुति देकर प्रशंसा हासिल की। ्रजहाँ डाल-डाल पर सोने की चिड़ियां करती है बसेरा, वो भारत देश है मेरा्र की प्रभावी प्रस्तुति के उपरांत आगंतुकों ने महेष द्वारा पेश देशभक्ति की कविता का आनंद भी लिया। शैलेन्द्र ने सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा और आर्यन गुप्ता ने मितवा गीत सुनाकर तालियां बटोरीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव पाल सिंह , नीशू त्यागी, दबीर सिद्दीकी, राहुल शर्मा, नीरा लोहानी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आसनसोल-गोरखपुर के बीच चलेगी श्रावणी मेला विशेष गाड़ी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्रावणी मेला में श्रद्धालु यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु 03527/03528 आसनसोल-गोरखपुर-आसनसोल श्रावणी मेला विशेष गाड़ी का संचलन आसनसोल से 27 जुलाई रविवार को तथा गोरखपुर से 28 जुलाई सोमवार को एक फेरे हेतु निम्नवत किया जायेगा।

03527 आसनसोल-गोरखपुर श्रावणी मेला विशेष गाड़ी 27 जुलाई रविवार को आसनसोल से 21.00 बजे प्रस्थान कर चित्तरंजन से 21.30 बजे, मधुपुर से 22.25 बजे, जसीडीह से 23.05 बजे, दूसरे दिन झाझा से 00.30 बजे, किऊल से 01.07 बजे, मोकामा से 01.42 बजे, बख्यितयारपुर से 02.17 बजे, पटना से 03.30 बजे, पाटलिपुत्र से 04.30 बजे, छपरा से 07.00 बजे, सीवान से 08.05 बजे तथा देवरिया सदर से 09.12 बजे छूटकर गोरखपुर 10.45 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 03528 गोरखपुर-आसनसोल श्रावणी मेला विशेष गाड़ी 28 जुलाई सोमवार को गोरखपुर से 13.45 बजे प्रस्थान कर देवरिया सदर से 15.10 बजे, सीवान से 16.25 बजे, छपरा से 17.50 बजे, पाटलिपुत्र से 20.00 बजे, पटना से 20.35 बजे, बख्यितयारपुर से 21.25 बजे, मोकामा से 22.07 बजे, किऊल से 23.47 बजे, दूसरे दिना झाझा से 00.55 बजे, जसीडीह से 01.30 बजे, मधुपुर से 01.55 बजे तथा चित्तरंजन से 02.47 बजे छूटकर आसनसोल 03.50 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी/शयनयान (अनारक्षित) के 20 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## गोमती नगर-छपरा एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक कारणों से 15114/15113 छपरा-गोमती नगर-छपरा एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन किया जायेगा।

15114 छपरा-गोमती नगर एक्सप्रेस 12 सितम्बर से छपरा से निर्धारित समय 18.50 बजे के स्थान पर परिवर्तित समय 18.30 बजे प्रस्थान कर छपरा कचहरी से 19.10 बजे के स्थान पर 18.50 बजे, मढ़ौरा से 19.40 बजे के स्थान पर 19.18 बजे, मसरख से 20.02 बजे के स्थान पर 19.37 बजे, राजापट्टी से 20.16 बजे के स्थान पर 19.51 बजे, दिघवा दुबौली से 20.30 बजे के स्थान पर 20.08 बजे, सिधवलिया से 20.48 बजे के स्थान पर 20.24 बजे, गोपालगंज से 21.15 बजे के स्थान पर 20.58 बजे तथा थावे से 22.00 बजे के स्थान पर 21.45 बजे छूटकर कप्तानगंज 00.10 बजे के स्थान पर 23.58 बजे छूटेगी। वापसी यात्रा में, 15113 गोमती नगर-छपरा एक्सप्रेस 13 सितम्बर से गोमती नगर से पूर्ववत समयानुसार प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों पर निर्धारित समय पर रूकते हुये कप्तानगंज से 03.40 बजे के स्थान पर 03.35 बजे छूटकर छपरा 09.00 बजे के स्थान पर 09.15 बजे पहुँचेगी।

## सीनियर डीसीएम ने किया लखनऊ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की संभावित आवाजाही को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा चारबाग रेलवे स्टेशन पर विशेष प्रबंध किए गए हैं।

इन्हीं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ कुलदीप तिवारी द्वारा लखनऊ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया एवं अभ्यर्थियों हेतु की गई व्यवस्था को परखा। उन्होंने स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, फुट ओवर ब्रिज, सरकुलेटिंग एरिया, पूछताछ कार्यालय सहित सम्पूर्ण स्टेशन का निरीक्षण किया एवं पर्यवेक्षको को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सभी कर्मचारियों को सतर्क रहकर पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने की बात कही।

यात्रियों की सुविधा और स्टेशन परिसर में भीड़ प्रबंधन हेतु रेल प्रशासन द्वारा निम्नलिखित व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। उनमें स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण हेतु 65 अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की गई है। प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर क्राउड मैनेजमेंट के लिए विशेष टीमें सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।



- समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा के लिए चारबाग रेलवे स्टेशन पर विशेष व्यवस्थाएं

अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गए हैं ताकि यात्रियों को टिकट प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अतिरिक्त पूछताछ काउंटर की व्यवस्था। स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के 50 अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है।

स्टेशन परिसर की सक्रिय निगरानी हेतु सीसीटीवी कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की व्यवस्था।

यात्रियों विशेषकर परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु गाड़ियों की जानकारी, प्लेटफार्म संख्या तथा अन्य आवश्यक सूचनाओं के संबंध में नियमित उद्घोषणाएं की जा रही हैं, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे समय पर गंतव्य तक पहुँच सकें।

उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा वे सुगम एवं सुरक्षित यात्रा कर सकें।

## हरियाली तीज उत्सव में आरती को तीज क्वीन चुना गया



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गीत, संगीत, हंसी, उल्लास के साथ विवेकानंद समता फाउंडेशन के महिला प्रकोष्ठ की महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज उत्सव।

उत्सव की शुरूवात कार्यक्रम की संयोजिका नूतन हिंदवी एवं पूजा श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात सभी महिलाओं ने गणेश वंदना गा कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

तीज उत्सव में महिलाओं के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। उत्सव में शामिल महिलाओ ने बताया की यह उत्सव पिछले कई वर्षों से हम सब मना रहे हैं। आस्था, उमंग और प्रेम का यह उत्सव हम सब में जीवंतता बनाए रखता है। आरती को तीज क्वीन चुना गया। उत्सव का सफल संयोजन नूतन और पूजा ने किया। ऋतु, जया, वर्षा, अलका, रचना, संगीता, पूजा, आरती, पूनम, नेहा आदि महिलाओं ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया

## राज्य कर्मचारी संयुक्त उप्र ने उठाई पुरानी पेंशन बहाली की मांग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त उप्र की रविवार को पुरानी पेंशन बहाली, आठवॉ वेतन आयोग के विधिवत गठन किये जाने एवं शासन व विभागाध्यक्ष स्तर पर सेवा संगठनों की मांगों को निस्तारण किये जाने हेतु तथा मुख्य सचिव, उप्र द्वारा निर्गत शासनादेष के अनुपालन में प्रत्येक माह आयोजित की जाने वाली बैठकों को नियमित रूप से आहूत करने की मांग प्रमुखता से पूर्ण कराने हेतु राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक सम्पन्न की गई, बैठक में प्रमुखता से उक्त मांग उठायी गयी।

लखनऊ आदि राज्य कर्मचारी संयुक्त उप्र के प्रदेष अध्यक्ष एसपी तिवारी की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के संघ कार्यालय में प्रदेष स्तर की बैठक सम्पन्न हुयी, जिसमें पूरे प्रदेष के कर्मचारियों व षिक्षकों की समस्याओं के सम्बन्ध में प्रदेष से विभिन्न संगठनों से आये पदाधिकारियों ने अपनी



समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही प्रमुख रूप से कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली, आठवॉ वेतन आयोग के विधिवत गठन किये जाने एवं शासन व विभागाध्यक्ष स्तर पर सेवा संगठनों की मांगों को निस्तारण किये जाने हेतु मुख्य सचिव उप्र शासन द्वारा प्रत्येक माह की जाने वाली बैठकों हेतु निर्गत शासनादेष का अनुपालन सभी विभागों द्वारा सुनिष्चित कराये जाने हेतु नियमित रूप से मासिक बैठकें कर्मचारी समस्याओं के निदान हेतु किये जाने की मांग सरकार से मांग की गयी। साथ ही बैठक में यह तय किया गया कि यदि सरकार हमारी उपरोक्त समस्याओं का एक माह के अन्दर नहीं करती है, तो परिषद प्रदेष स्तर की आगमी प्रान्तीय बैठक में कर्मचारियों व शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए एक वृहद आंदोलन की रूप-रेखा तय करेगी। बैठक में यह भी तथ्य सामने आया कि कर्मचारियों पर अत्यधिक कार्य का दबाव होने के कारण कर्मचारियों की आकस्मिक निधन होने की सूचनायें व अवसाद में आने आदि अनेक कारणों से कर्मचारी व्यथित चल रहें है। इस ओर सरकार को ध्यान देते हुए नयी भर्तियॉ कराते हुए विभागों में कर्मचारियों को दिये जा रहे अत्यधिक कार्य की समस्याओं का समाधान कराये जाने हेतु प्रषिक्षण आदि की भी व्यवस्था कराई जाय। बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेष के संगठन मंत्री राजा भरत अवस्थी को यह जिम्मेदारी दी गयी है कि प्रदेष स्तर पर मण्डलीय मंत्रियों से सामंजय बनाते हुए जिला स्तर की इकाईयों का गठन 02 माह के अन्दर कराये जाने का कार्यभार दिया गया। बैठक का संचालन परिषद के प्रदेष महामंत्री श्री संजय कुमार शुक्ला ने किया। परिषद की आगामी बैठक 24 अगस्त को निर्धारित की गयी। बैठक में प्रमुख रूप से कई विभागों के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से रामलखन सिंह, मनीष कुमार शुक्ला, नन्दलाल यादव, संजय सिंह, सुलोचना मौर्य, प्रीती सिंह सेंगर, बसंत लाल, सतीष श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र सिंह, अमित यादव, अजय द्विवेदी, रणधीर सिंह, धर्मेन्द अवस्थी, प्रवीण भारती, चन्द्र मोहन शाह, मो0 अली मक्की, आरपी मिश्रा आदि कर्मचारी नेता सम्मिलित रहें।

## हरियाली तीज पर महिलाओं ने पर्यावरण बचाने की ली सौगंध



**लखनऊ।** पवित्र श्रावण मास में सौंदर्य, प्रेम एवं अपनत्व के प्रतीक पर्व हरियाली तीज त्यौहार का आयोजन हंस नगर कॉलोनी परिवार व विविध सेवा संस्थान द्वारा कॉलोनी में विनीता सिंह व नेहा श्रीवास्तव द्वारा आयोजित करवाया गया। कार्यक्रम में जहां धार्मिक महत्व के सावनी भजनों की सुमधुरतापूर्ण प्रस्तुति रही। वहीं महिलाओं के सुंदर श्रंगार के साथ, मेहंदी का प्रदर्शन कर सावनी झूलों का आनंद लिया और विभिन्न प्रकार के महिला प्रधान खेलों में उत्साह के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम में महिलाओं की प्रस्तुति को परखने के लिए लखनऊ के वरिष्ठ रंगकर्मी आतमजीत सिंह व समाजसेवी नीतू सिंह उपस्थित रही।

## कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर सुना मन की बात कार्यक्रम



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का अत्यंत लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम का 124वां संस्करण लखनऊ महानगर में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री गोविंद शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव सहित प्रदेश पदाधिकारीयों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं ने अलग-अलग बूथों पर क्षेत्र वासियों के साथ सुना। मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बूथों पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और कार्यकताओं के साथ पूर्व विधानसभा में बूथ संख्या 288 पर, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने केसरी खेड़ा वार्ड की बूथ संख्या 61 पर, नीरज सिंह ने रफी अहमद किदवई वार्ड की बूथ संख्या 313 पर, एमएलसी मुकेश शर्मा ने उत्तर विधानसभा की बूथ संख्या 394 पर, महापौर सुषमा खर्कवाल ने सनराइज पब्लिक विद्यालय कल्याणपुर में, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड में बूथ संख्या 261 पर, विधायक ओपी श्रीवास्तव ने गोमती नगर में बूथ संख्या 345 पर, मंडल अध्यक्षों, पार्षदों और कार्यकताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना।

## पूर्वोत्तर रेलवे महिला समिति ने बिखेरे संस्कृति के रंग

### गीत-संगीत, नृत्य और रोचक प्रतियोगिताओं के साथ कजरी तीज को बनाया यादगार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नवाबों के शहर लखनऊ के दिलकुशा हेरिटेज क्लब में कजरी तीज का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की महिला समिति की अध्यक्षा श्रुति गुप्ता के कुशल निर्देशन में इस अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में गीत-संगीत, नृत्य और विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं ने सभी का मन मोह लिया। समिति की सदस्याओं और उनके बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। कजरी तीज, जो उत्तर भारत में विशेष रूप से उत्साह के साथ मनाई जाती है, नारी शक्ति और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। इस अवसर पर दिलकुशा हेरिटेज क्लब का प्रांगण रंग-बिरंगे परिधानों, हंसी-ठिठोली और उत्सव की रौनक से सराबोर रहा। अपने संबोधन में समिति की अध्यक्षा श्रुति गुप्ता ने कहा, कजरी तीज केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामूहिक एकता का उत्सव है। हमारी समिति का उद्देश्य इस तरह के आयोजनों के माध्यम से महिलाओं को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। कार्यक्रम में समिति की सदस्याओं ने पारंपरिक कजरी गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिनमें बारिश और प्रकृति की सुंदरता को दशार्ने वाली कजरियां विशेष रूप से सराही गईं। कार्यक्रम के आरम्भ मे बच्चों द्वारा नृत्य पर गणेश वंदना तथा शिव स्तुति की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात कजरी गीत हरे रामा रिमझिम पड़त फुहार, बदरिया छाई रे हारी, अब के सावन में झुलवा झूलय दा, पिया जिया हरसाय दा पिया ना, सावन के गीतों को खूबसूरती से पिरोकर सदस्याओं ने गीत गायें जिसमें सजना है मुझे सजना के लिए, बदरा हो बदरा, छाए कि झूले पड़ गये हाय.काली घटा छाये, मोरा जिया तरसाये, रिमझिम के तराने लेकर आयी बरसात, भीगे तन मन पडे.रस की फुहार, सावन में मोरनी बन कर मैं छम छम नॉचू, अब के सावन ऐसे बरसे, चूड़ी भी जिद पे आई है, पायल ने शोर मचाया है, आदि मधुर लयबद्ध गीतो की प्रस्तुति दी गई तथा कार्यक्रम में महिला सदस्यों द्वारा सोलो डांस तथा बच्चों द्वारा गीतों पर ग्रुप डांस प्रस्तुत किया गया।

## चंद्रिका देवी मंदिर को तीर्थ कॉरिडोर में शामिल कराने हेतु रक्षा मंत्री से विशेष मुलाकात, मुख्यमंत्री को भेजा गया पत्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/नई दिल्ली।** मां चंद्रिका देवी मंदिर को तीर्थ कॉरिडोर में शामिल कराने की मांग को लेकर मेला विकास समिति के प्रयास अब निर्णायक मोड़ पर हैं। समिति के प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली स्थित 17, अकबर रोड पर भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और मंदिर के तीर्थ कॉरिडोर के रूप में विकास की मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मंत्री को बताया कि इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी मंदिर के विकास को लेकर पत्र प्रेषित किया जा चुका है।

अब केंद्र सरकार से समर्थन मिलने पर इस प्रस्ताव को और मजबूती मिल सकेगी। मुलाकात के



दौरान राजनाथ सिंह ने प्रतिनिधियों की बात को गंभीरता से सुना और मंदिर से अपने व्यक्तिगत जुड़ाव का स्मरण करते हुए आश्वस्त किया कि वह स्वयं इस विषय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखेंगे। रक्षा मंत्री ने कहा, ₹मां चंद्रिका देवी से मेरा पुराना और आत्मिक नाता है।

यह स्थान लखनऊ ही नहीं, पूरे प्रदेश के लिए श्रद्धा का केंद्र है। इसके समुचित विकास से न केवल आस्था को विस्तार मिलेगा, बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था और पर्यटन को भी बल मिलेगा। मैं इस विषय को मुख्यमंत्री के समक्ष रखूंगा और तीर्थ कॉरिडोर की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह करूंगा। इस अहम पहल से उम्मीद बंधी है कि मां चंद्रिका देवी मंदिर का धार्मिक, सांस्कृतिक और भौतिक विकास तीर्थ कॉरिडोर के तर्ज पर शीघ्र शुरू होगा।

इससे न केवल लखनऊ जनपद को आध्यात्मिक पर्यटन में नई पहचान मिलेगी, बल्कि देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर मूलभूत सुविधाएं, सुगम दर्शन व सुरक्षित वातावरण प्राप्त होगा। प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मंत्री के सकारात्मक रुख और आश्वासन पर आभार प्रकट करते हुए इसे मां चंद्रिका देवी की कृपा का परिणाम बताया। जल्द ही मुख्यमंत्री स्तर पर भी चर्चा की संभावनाएं जताई गई हैं।

## रिमझिम के गीत सावन गाये...



**लखनऊ।** संगीत भवन एकेडमी द्वारा गोमती नगर के पत्रकारपुरम स्थित एक कैफे में रविवार को रिमझिम के गीत सावन गाये शीर्षक सांस्कृतिक तीज उत्सव कार्यक्रम हुआ। इस दौरान सावन, बादल, बरखा, घटा, चूड़ी, मेहदी आदि गीतों पर आधारित अन्त्याक्षरी, शास्त्रीय रागों के साथ ही लोक संगीत पर कजरी, मल्हार आदि गीतों की मनभावन प्रस्तुति हुई। सभी प्रतिभागियों को उपहार भी मिले। संगीत भवन की निदेशक निवेदिता भट्टाचार्य ने मुख्य अतिथि रोमी बनर्जी, तुहिन बनर्जी, डा. सुधा द्विवेदी एवं सरिता अग्रवाल का स्वागत किया।

## बीबीएयू का सैटेलाइट केंद्र अमेठी कौशल विकास में बना परिवर्तन का अग्रदूत

### बाबासाहेब के सपनों को साकार कर रहा बीबीएयू अमेठी केंद्र : प्रो. राज कुमार मित्तल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ का सैटेलाइट केंद्र, अमेठी आज सिर्फ एक शैक्षणिक परिसर नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, अवसरों की समानता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक पहल बन चुका है। भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर के विचारों से प्रेरित यह केंद्र गाँवों को ज्ञान, युवाओं को सम्मान और शिक्षा को अधिकार में बदलने का जीवंत उदाहरण है।

इस अवसर पर बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल ने कहा कि ₹अमेठी सैटेलाइट केंद्र विश्वविद्यालय की उस प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है, जिसके माध्यम से हम भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर के सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक समान अवसर पहुंचाया जाए। अमेठी परिसर ग्रामीण



और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन चुका है और हम इसे एक उत्कृष्ट एवं आत्मनिर्भर शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।₹

कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल के दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने इस केंद्र को विकसित करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है। सैटेलाइट केंद्र की दिशा में की गई कार्यवाही यह दशार्ती है कि यह न केवल विश्वविद्यालय की शिक्षा नीति के साथ संरेखित है, बल्कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना झ्र समावेशी, कौशलयुक्त और बहुविषयक शिक्षा झ्र को भी प्रभावी रूप से अपनाता है। निकट भविष्य में अमेठी सैटेलाइट केंद्र को एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन कम्यूनिटी इंगेजमेंट एंड स्किल इंपावरमेंट के रूप में विकसित किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अमेठी सैटेलाइट केंद्र के स्नातक पाठ्यक्रमों जैसे बीए अंग्रेजी, बीसीए आनर्स, बीए समाजशास्त्र आदि पाठ्यक्रमों में पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ती आवेदनों की संख्या इसकी शैक्षणिक गुणवत्ता, सुविधाओं और लोकप्रियता को प्रमाणित करती हैं। इनमें से कई पाठ्यक्रमों में राज्य के बाहर से भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो इस केंद्र की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्यता को दशार्ता है। इसके अतिरिक्त बीबीएयू अमेठी केंद्र में इस वर्ष तीन कौशल-आधारित प्रमाणन कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जो स्थानीय युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार की दिशा में सशक्त कर रहे हैं। यह स्वरोजगार आधारित पाठ्यक्रम फूड क्वालिटी एंड एनालिसिस में डिप्लोमा, फूड प्रोसेसिंग में सर्टिफिकेट कोर्स एवं बेकरी और कन्फेक्शनरी क्राफ्ट्समैनशिप में सर्टिफिकेट कोर्स है। इन कोर्सों की खास बात यह है कि इन्हें स्थानीय संसाधनों, उद्योगों और व्यवसायिक संभावनाओं के अनुरूप तैयार किया गया है। यह केंद्र निकट भविष्य में डेयरी टेक्नोलॉजी, हर्बल प्रोडक्ट्स, ग्रामीण उद्यमिता, एग्री-बिजनेस, और आईटी बेस्ड सर्विसेज से जुड़े कई और सर्टिफिकेट/डिप्लोमा कोर्स शुरू करने की दिशा में कार्य कर रहा है। सैटेलाइट केंद्र अमेठी में छात्रों को बेहतर शिक्षण और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु स्मार्ट क्लासरूम, छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास, स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त मेस सेवा, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए खुले परिसर एवं शिक्षण को व्यावहारिक रूप से जोड़ने हेतु नई प्रयोगशालाएं, ट्रेनिंग वर्कशॉप और नवाचार केंद्र जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। इसके अतिरिक्त बीबीएयू अमेठी केंद्र शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण चेतना और स्वास्थ्य सेवाओं से भी जुड़ा हुआ है। यहाँ स्कूलों के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, गाँवों में कैरियर काउंसलिंग, स्वास्थ्य जांच शिविर जैसे लघु कार्यक्रम भी नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। यह एक विश्वविद्यालय के सैटेलाइट केंद्र से परे जाकर समाज के लिए ज्ञान का सामाजिक विस्तार है।

## जन संवाद शिविर में 44 समस्याओं का समाधान

### 4 मेधावियों को साइकिल और 2 यूथ क्लब गठित कर युवाओं को दिए खेल संसाधन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में जनता से सीधे संवाद और समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा चलाए जा रहे ह्यआपका विधायक - आपके द्वार अभियान के अंतर्गत आज 129वां विशेष जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। यह विशेष शिविर सरोजनीनगर द्वितीय मंडल अध्यक्ष शिव शंकर विश्वकर्मा के औरंगाबाद जागीर स्थित कार्यालय पर संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

शिविर के दौरान सड़क एवं नाली, प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड आदि से सम्बंधित 44 प्राप्त जन समस्याओं पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए उनके समाधान हेतु सकारात्मक पहल की गई। साथ ही जन सेवा रथ के माध्यम से क्षेत्रीय नागरिकों को राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ प्रदान किया गया। युवाओं को खेल से जोड़ने के संकल्प के साथ 80वें गर्ल्स एवं 139वें बॉयज यूथ क्लब का गठन किया गया,



साथ ही क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कैरम आदि खेल किट उपलब्ध कराई गई। शिविर के दौरान हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 4 मेधावी छात्र-छात्राओं - मानसी वर्मा (79%), मानसी गुप्ता (64%), श्रृष्टि श्रीवास्तव (64%) एवं अंकित कुमार (62%) को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया, क्षेत्र के प्रबुद्धजनों को अंगवस्त्र भेंट कर सार्वजनिक सम्मान प्रदान किया गया और सभी उपस्थित नागरिकों के लिए ताराशक्ति रसोई के माध्यम से पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई। शिविर में मंडल अध्यक्ष शिव शंकर विश्वकर्मा, हनुमान पाल, मंडल उपाध्यक्ष राज कपूर वर्मा, अमृता वर्मा, अखिलेश त्रिपाठी, रमेश कुमार शुक्ला, सेक्टर संयोजक राम सुमेर, अरविन्द कुमार सिन्हा, प्रमोद सिंह, सर्वेश कुमार पांडे, मंडल मंत्री रमेश शर्मा, वार्ड अध्यक्ष गुलाब श्रीवास्तव, बूथ अध्यक्ष रंजना मिश्रा, अजय प्रताप सिंह, करुणा सारस्वत सहित अनेक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। यह शिविर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा प्रतिवर्ष हर रविवार आयोजित किए जाने वाले जनसुनवाई शिविरों की श्रृंखला का हिस्सा रहा, जो जनसेवा, सुशासन और सीधे संवाद के माध्यम से समाधान की भावना को साकार करने की दिशा में एक सफल प्रयास है।

संक्षेप

## महंत रामचंद्र दास परमहंस की मनायी गयी 22वीं पुण्यतिथि

**अयोध्या।** श्री राम मंदिर आंदोलन के शलाका पुरुष दिगंबर अखाड़ा के महंत रामचंद्र दास परमहंस महाराज की 22वीं पुण्यतिथि सरयू तट स्थित उनके समाधि स्थल पर मनाई गई। उनके शिष्य नारायण मिश्र द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई नारायण मिश्र ने कहा कि श्री राम मंदिर निर्माण ही महाराज जी को सच्ची श्रद्धांजलि है आज उनका सपना साकार हो गया है अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत अयोध्या के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि पूज्य महंत रामचंद्र दास परमहंस दास जी महाराज जी ओजस्वी वक्ता होने के साथ-साथ श्री राम जी के अनन्य भक्त भी थे आज वह जहां पर भी होंगे भाव मंदिर को देखकर प्रसन्न हो रहे होंगे भाजपा नेता दिनेश जायसवाल ने कहा कि पूज्य महंत के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कृपा पात्रि महाराज कृपा शंकर मिश्रा भाजपा नेता अजय ओझा अधिवक्ता मनीष उपस्थित रहे।

# डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी प्रवेश परीक्षा 2023 रविवार को प्रातः 9:30 बजे से प्रारम्भ होकर 12:30 बजे तक शान्तिपूर्ण सकुशल जनपद में 18 परीक्षा केन्द्रो पर सम्पन्न हुआ। इस परीक्षा में 8183 अभ्यर्थियों के सापेक्ष कुल 3785 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं 4398 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए।परीक्षा को शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशान द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रो पर केन्द्र व्यवस्थापक /स्टैटिक मजिस्ट्रेट /सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गयी थी जिला प्रशासन की देख रेख में जनपद में शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल परीक्षा सम्पन्न हुआ।जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा गोस्वामी तुलसीदास इंटर कॉलेज पडरौना, बुद्ध इण्टर कालेज/बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर तथा किसान इंटर कॉलेज साखोपार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी में लगे मजिस्ट्रेट/अधिकारियों/कर्मचारियों को सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन पूरी तन्मयता व जागरूक होकर किए जाने की हिदायत दी गई। इस परीक्षा में कुल 46.25 प्रतिशत छात्र/छात्राओ की उपस्थित रही।

### आरओ, एआरओ परीक्षा सकुशल सम्पन्न

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2025 रविवार को जनपद देवरिया में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में सम्पन्न हुई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नेशनल पब्लिक स्कूल सोंदा, सेंट्रल एकेडमी, नवजीवन इंटर कॉलेज एवं जनता इंटर कॉलेज सहित कई प्रमुख परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण किया गया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश प्रक्रिया, बायोमैट्रिक उपस्थिति, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का गहन निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। वहीं, पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था, महिला पुलिस की तैनाती, प्रवेश द्वार की निगरानी एवं फ्लाइंग स्क्वॉड की सक्रियता की समीक्षा की गई।

प्रशासन की सक्रियता एवं समन्वित प्रयासों के चलते जनपद में परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई थी तथा एलआईयू व पुलिस बल को अलर्ट मोड में रखा गया था।

परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी या अनुचित गतिविधि की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

### आधार कार्ड पर अंकित हो ब्लड ग्रुपः आकाश गुप्ता

**अयोध्या।** कारगिल विजय दिवस के परिपेक्ष्य में देश के सैनिकों के लिए समर्पित रक्तदान शिविर प्रेस क्लब अयोध्या में लगाया गया।

जिला चिकित्सालय अयोध्या व राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस शिविर में डेढ़ दर्जन युवाओं ने रक्तदान कर महादानी बनें। सभी रक्तदाताओं को संस्था द्वारा अंगवस्त्र, मेमोटो व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर ब्लड मैन के नाम से चर्चित संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्ता ने कहा कि हर व्यक्ति के आधार कार्ड पर उनके ब्लड ग्रुप भी अंकित होना चाहिए जिससे आपात स्थिति में लोगों की मदद आसानी से हो सकें और संस्था इसके लिए जल्द ही प्रधानमंत्री को जल्द ही पत्र प्रेषित करेंगी।

संस्था उपाध्यक्ष विजय वर्मा ने कहा कि अयोध्या जिले में किसी की मौत खून के अभाव में न हो इसके लिए संस्था निरंतर रक्तदान शिविर लगा रहा है और अभी तक 160 रक्तदान शिविर का आयोजन कर हजारों मरीजों को ब्लड मुहैया कराया जा चुका है।

## मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित




**देवरिया।** पुलिस विभाग की प्रेरणादायक संस्था वामा सारथी द्वारा आज पुलिस लाइन, देवरिया सभागार में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया ।इस समारोह की अध्यक्षता वामा सारथी की अध्यक्षा श्रीमती मेघना गुप्ता ने की ।इस अवसर पर जनपद में कार्यरत पुलिसकर्मियों के उन बच्चों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले एवं विभाग का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में विभिन्न बोर्ड की परीक्षाओं में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले 14 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं शैक्षिक सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। *श्रीमती मेघना गुप्ता ने ।कहा कि, ₹बच्चे किसी भी समाज की नींव होते हैं, और यदि वे मेहनत व लगन से शिक्षा प्राप्त करें तो वे न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे राष्ट्र का गौरव बनते हैं।इस सम्मान का उद्देश्य बच्चों को प्रोत्साहित करना एवं उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु संबल प्रदान करना है ।वामा सारथी द्वारा आयोजित यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने वाला रहा, बल्कि इससे पुलिस विभाग में कार्यरत कर्मियों के परिवारों को भी गौरव की अनुभूति हुई ।इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक श्री विजयराज सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

## ईंट, भट्ठे पर अवैध शराब बनाने के उपकरण सहित 6 अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** अवैध शराब के निष्कर्षण एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना महुआडीह पुलिस जनपद देवरिया एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा इ+ मार्का ईंट-भट्ठे से 95 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं ।06 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है एवं 600 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया है ।इस संदर्भ में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा चुका है । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## विज्ञान संचारक अनिल त्रिपाठी का निधन

**भटनी।** भारतीय विज्ञान संचारक समूह के संस्थापक और भटनी के नोनापार गांव निवासी अनिल त्रिपाठी का निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। परिजन बनारस के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। इलाज के दौरान उन्होंने शनिवार की शाम अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही गांव व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को वाराणसी के हरिचंद घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े पुत्र राजन त्रिपाठी ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में परिवारजन, शुभचिंतक और समाज के कई प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे ।इस दुःखद अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सुरेन्द्र चौरसिया, पंडित गंगेश्वर तिवारी, शिवाकांत मिश्र, हितेंद्र तिवारी, रामचंद्र तिवारी, टिंकू तिवारी, सिद्धू तिवारी, लव तिवारी, अमित तिवारी,मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा, कृष्ण दत्त मिश्रा, बजरंगबली तिवारी, जिला पंचायत सदस्य अजित सिंह, संजय तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक संवेदना व्यक्त की। गांव और क्षेत्र में उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है

# पर्यावरणीय परियोजनाओं में छात्रों की होगी प्रत्यक्ष भागीदारीः डॉ. विनोद चौधरी

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा एम.एससी. छात्रों के लिए एक संरचित एवं अनुभवात्मक इंटर्नशिप कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। पर्यावरण विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. विनोद चैधरी ने बताया कि कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में छात्रों को पर्यावरणीय परियोजनाओं में प्रत्यक्ष भागीदारी के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। विभाग पिछले पाँच वर्षों से पर्यावरण से संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय परियोजनाओं का संचालन कर रहा है।क्रमशः वायु गुणवत्ता एवं मौसम निगरानी, जल गुणवत्ता मूल्यांकन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन अध्ययन, जैव विविधता संरक्षण एवं जीआईएस आधारित मानचित्रण जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं।इन परियोजनाओं में प्रतिवर्ष लगभग 20 छात्रों की आवश्यकता होती है। अब विभाग ने यह निर्णय लिया है कि हर इच्छुक एवं पात्र छात्र को इन इंटर्नशिप परियोजनाओं में सम्मिलित होने का अवसर दिया जाएगा।इंटर्नशिप में चयनित छात्रों को घ10,000 प्रतिमाह का मानदेय भी प्रदान किया जाएगा। यह कार्यक्रम न केवल शैक्षणिक बल्कि आर्थिक रूप से भी सहायक सिद्ध होगा बल्कि इस इंटर्नशिप के अंतर्गत छात्रों को फील्ड सर्वेक्षण, डेटा संग्रहण और विश्लेषण, वैज्ञानिक उपकरणों का संचालन, रिपोर्ट लेखन, नीति निर्माण हेतु तकनीकी सुझाव, एवं सामुदायिक जागरूकता अभियानों में कार्य करने का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।डॉ चैधरी ने बताया कि विभाग के अनुभवी प्राध्यापक एवं परियोजना समन्वयकों के मार्गदर्शन में छात्र अपनी अकादमिक जानकारी को व्यावहारिक कौशल में रूपांतरित कर सकेंगे।यह इंटर्नशिप कार्यक्रम न केवल छात्रों के ज्ञान एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देगा, बल्कि उन्हें पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य के लिए तैयार करेगा। वर्तमान समय में जब जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण, सतत विकास और पारिस्थितिकी संरक्षण जैसे मुद्दे वैश्विक प्राथमिकताओं में शामिल हो चुके हैं, ऐसे में प्रशिक्षित और संवेदनशील पर्यावरण विशेषज्ञों की माँग निरंतर बढ़ रही है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र सरकारी संस्थानों जैसे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, शोध संस्थानों जैसे सीएसआईआर, आईसीएसआर, नीरी, आईसीएमआर तथा गैर-सरकारी संगठनों एवं कॉरपोरेट यूनिट्स में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकेंगे।इसके अतिरिक्त, नेट गेट, यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी यह इंटर्नशिप एक मजबूत आधार प्रदान करेगी। इच्छुक छात्र विभागीय कार्यालय से संपर्क कर पंजीकरण प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।चयनित छात्रों के लिए एक ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उनकी भूमिकाओं, जिम्मेदारियों एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया जाएगा।यह इंटर्नशिप पहल केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं है।

# रामाशीष हत्याकांड का अनावरण आलाकत्ल सहित तीन गिरफ्तार

जिला संवाददाता

**देवरिया।** बरहज पुलिस ने हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल पेचकस और चोरी के 860 रुपये व अन्य कागजात बरामद किया है।घटना के बाबत जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने बताया कि बरहज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 163/2025 धारा 103(1), 305(अ), 317(2) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्तों सन्नी पुत्र गामा प्रसाद, अमित कुमार पुत्र ओम प्रकाश व भोलू कुमार पुत्र सतीश प्रसाद निवासीगण ग्राम धौला पण्डित थाना बरहज को रविवार को रगड़गंज लवरक्षी रेलवे क्रांसिंग देईडीहा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण के पास से 3 मोबाइल, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा कार्ड, एक एटीएम कार्ड, एक शर्ट व उनके निशानदेही पर सतरांव पैना मार्ग पर रेलवे कासिंग अंडरपास के करीब हनुमान जी के मंदिर के पास सड़क के किनारे पेड़ो के बीच से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक पेचकश बरामद किया है।

हम बता दें कि 15 जुलाई को उषा देवी पत्नी आशुतोष पाण्डेय कोल्हुआ थाना मदनपुर ने थाना बरहज पर तहरीरी सूचना देकर अवगत कराया गया कि उनके पिता रामआशीष पाण्डेय की हत्या उनके घर ग्राम धौला पण्डित में कर दिया गया है।

इस सम्बन्ध में थाना बरहज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-163/2025 धारा 103(1) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण सन्नी, अमित कुमार व भोलू कुमार ने पूछताछ के क्रम में बताया कि हम लोग 13 जुलाई की रात समय करीब 10 बजे चोरी करने के लिये गाँव के ही रामआशीष पाण्डेय के घर में गये हुए थे। हम लोग उनका बक्सा खोलकर 2600 रुपया, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड व कागजात, सामान चोरी कर ही रहे थे कि रामआशीष पाण्डेय जग गये।

इस पर हम लोग उन्हें पकड़कर बगल में रखे पेचकस को उनके पेट में वार कर वहीं उनकी हत्या कर दिया तथा उन्हें बगल के कमरे में लिटाकर हम लोग भाग गये।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह, व.उ.नि. गोपाल प्रसाद राजभर, उ.नि. महेन्द्र मोहन मिश्रा, उ.नि. संतोष कुमार यादव, राजन सिंह, रविन्द्र कुमार, कमलेश कुमार और सत्येन्द्र यादव शामिल हैं।

## व्यापारी से रंगदारी मांगने की घटना का खुलासा, एक गिरफ्तार



**कुशीनगर।** जिले की पडरौना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत पुलिस को यह सूचना प्राप्त हुई थी कि एक स्वर्ण व्यापारी को ए.के 47 गैंग के नाम से 5 करोड़ की फिरौती/रंगदारी मांगी गई, और न देने पर जान से मारने की धमकी दी गयी थी।

सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल थाना को0 पडरौना पर मु0अ0सं0 419/2025 में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस की कई टीमों का गठन किया। जिसके क्रम में रविवार को थाना पडरौना कोतवाली, थाना नेबुआ नौरंगिया, स्वाट, साइबर तथा सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना में शामिल आर्यन उपाध्याय पुत्र ध्रुप नरायन उपाध्याय निवासी सरपतही बुजुर्ग थाना नेबुआ नौरंगिया को गिरफ्तार किया गया। कब्जे में अपराध में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसने स्वर्ण व्यापारी को डराने और धमकाने के उद्देश्य से 5 करोड़ की फिरौती/रंगदारी मांगी थी। उसने स्वीकार किया कि उसका कोई ₹ए.के 47 गैंग₹ नहीं है और यह केवल डराने के लिए किया गया कृत्य था, जो गुस्से में आकर किया। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि उसने कुछ दिन पहले थाना नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र में एक पत्रकार को भी धमकी दी थी। अभियुक्त के कब्जे से अपराध में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया गया, और उसके आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# यूपी में डबल इंजन नहीं, ढपोरशंखों की सरकारः अनिल प्रजापति

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के मुद्दे पर योगी सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने ह्लढपोरशंखों को जगाओ शंख बजाओ, स्कूल बचाओ अभियानह्ल चलाकर धरमपुर मिजार्पुर अयोध्या मे जोरदार विरोध प्रदर्शन दर्ज किया। जिला अध्यक्ष अनिल प्रजापति ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि योगी सरकार 27308 शराब की दुकाने खोलकर 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने जा रही है, आम आदमी पार्टी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी, इसलिए आप प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह के आवाहन पर योगी सरकार के इस तुगलकी फरमान के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष करने उतर आई है। जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने आगे कहा कि इससे स्पष्ट है कि सरकार की प्राथमिकता बच्चों की शिक्षा नहीं है। जबकि आम आदमी पार्टी इसके लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। ह्वउन्होंने तंज कसते हुए कहा ह्लयह डबल इंजन नहीं, ढपोरशंखों की सरकार है, जो बच्चों को अनपढ़ बनाकर रखना चाहती है।

इसलिए अब समय आ गया है कि जनता खुद उठ खड़ी हो और इन ढपोरशंखों को जगाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी द्वारा जारी नंबर- 75 0004 0004 पर मिस्ड कॉल करके आप भी इस क्रांति का हिस्सा बनिए और इन बच्चों के स्कूल इन्हें वापस दिलाइए।

विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से सुनील मौर्या महासचिव विद्या वर्मा महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कोषाध्यक्ष दिलीप वर्मा संजय पाठक नीलेश चतुर्वेदी स्वर्णिम बर्मा सहित कई लोग शामिल हुए।

# एक पेड़ मां के नाम अभियानः फलदार पौधे रोपे गये



**कुशीनगर।** जिले के तमकुहीराज विकास खंड के कोटवा टीकमपार स्थित चंद्रशेखर आजाद स्मृति उपवन में रविवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आम, लीची, अमरूद, कटहल और जामुन सहित एक हजार से अधिक पौधों का रोपण किया गया।

मुख्यअतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि मां के प्रति श्रद्धा और प्रकृति के प्रति संवेदना को जोड़ता यह अभियान पर्यावरणीय चेतना को सशक्त करने की एक अनुकरणीय पहल है। इससे न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि सामाजिक एकजुटता का भी संदेश जाएगा। ब्लाक प्रमुख अनुराधा राय ने कहा कि मां की स्मृति में लगाए गए ये पौधे हमारी अगली पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का कार्य करेंगे। प्रमुख प्रतिनिधि वशिष्ठ उर्फ गुड्डू राय ने कहा कि

पौधारोपण केवल प्रकृति की रक्षा ही नहीं करता बल्कि यह हमारी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का सशक्त माध्यम है ।पूर्व प्रमुख व भाजपा नेता विजय राय ने पौधों की देखरेख और संरक्षण पर बल दिया। बीडीओ अनिल राय ने कहा कि इस अभियान को प्रशासनिक स्तर पर सहयोग प्रदान किया जाएगा। ग्रामप्रधान कृपाशंकर सिंह, (वरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष प्रधान संघ) ने अतिथियों का स्वागत और आभार प्रकट किया। संचालन कवि मनंजय तिवारी निर्मल ने किया। इस मौके पर एपीओ मरेगा निहारिका त्रिपाठी, एडीओ पंचायत मनंजय लाल श्रीवास्तव, रेंजर हरिकेश बहादुर नायक, वन दरोगा रमेश गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश कुमार सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान राधा सिंह, मंगूरी पट्टी के ग्राम प्रधान आलमगीर खान, नरहवां के ग्राम प्रधान छोटेलाल यादव, कर्जहां के ग्राम प्रधान चंद्रभूषण मिश्र, उदय सिंह, सुनील कुमार, परवेज आलम, मनीष तिवारी, शिक्षकआमोद कुमार उपाध्याय, अमीर हयात, रूबी चौरिसिया, सूर्य प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : डॉ. अर्चना पांडे



जिला संवाददाता

**देवरिया ।** आरोग्य भारती के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत देवरिया सदर खंड के ग्राम सरौरा देवरिया में पौधरोपण का कार्य किया गया' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डॉ अर्चना पांडे ने कहा कि आज प्रदूषण और जलवायु असंतुलन के कारण लोगों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जैसे की गर्मी का बढ़ना बे मौसम बरसात होनाआदि ' इसलिए जलवायु और पर्यावरण को सुरक्षित करने वाले पौधों का अधिक से अधिक संख्या में रोपण करें वेदों में वर्णित पौधे जलवायु को संरक्षित करने के साथ-साथ वातावरण को स्वस्थ एवं स्वच्छ बनाते हैं ऐसे पौधों में औषधि गुण भी होते हैं इनमें श्रीफल, आवला, हरसिंगार, अशोक, सहजन, नीम आदि हैं ' इन पौधों का आज यहां पर रोपण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता रजनीश उपाध्याय ने कहा कि स्वस्थ जीवन के दृष्टिकोण से पर्यावरण मानव की सर्वोच्च जरूरत है। हमारा उद्देश्य पौधरोपण के साथ साथ रोपित पौधों का संरक्षण करना भी होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्येक वर्षाकाल में कम से कम 10 पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को एक शुद्ध वातावरण मिल सके।

आरोग्य भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ0 अजीत नारायण मिश्र ने कहा कि पृथ्वी पर जीवन के लिए पौधो का होना बहुत जरूरी है। पेड़ पौधे से मिलने वाले आक्सीजन की वजह से हम लोगो की सांसे चलती है। आगामी वर्षों में वातावरण के तापमान बढ़ने से उत्पन्न खतरों के प्रति हमें अभी से सचेत होना होगा। ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक समस्या से निदान का एक मात्र उपाय पौधरोपण ही है।

कार्यक्रम के दौरान परिसर मे आम, नीम, पीपल, बरगद, अशोक, सहजन , आवला आदि पौधो का रोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का आवाहन किया गया ' उक्त अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, चिकित्सा प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक डॉ उपेंद्र कुमार गिरी अनिल सिंह , भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष नवीन कुमार तिवारी, बूथ अध्यक्ष छेदी चौहान, विनय पांडे, आशुतोष दुबे. सिकंदर चौहान, विनय कुमार पाण्डेय, राम बोध सिंह, तन्मय दुबे. अंजलि, जितेंद्र पासवान आदि स्वयंसेवको की उपस्थिति रही।

# 6 अगस्त को बरियारपुर बिजली घर पर भाकियू करेगी महापंचायत

**देवरिया।** बिजली की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन एवं विद्युत उपभोक्ताओं की बैठक बरियारपुर बिजली घर के सामने अंबेडकर पार्क में हुई। बैठक की अध्यक्षता भाकियू पूर्वी उ०प्र० के उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने की। बैठक में बरियारपुर बिजली से जुड़े समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। भाकियू पूर्वी उ०प्र० उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि बरियारपुर बिजली घर से बरियारपुर नगर पंचायत समेत करीब तीन सौ गांवों की बिजली चल रही हैं।10टइअ का दो ट्रांसफार्मर लगा है मगर शाम होते ही बिजली ओभरलोड हो जा रही हैं और एक एक घण्टा एक एक फीडर को बन्द करके चलाया जा रहा हैं। भाकियू जिला संयोजक सदानंद यादव ने कहा कि बरियारपुर बिजली घर पर दो जेई हैं मगर आज तक न पेड़ो ,डालियों की कटाई छटाई नहीं हो पाया। रोज तारों का टूटना आम बात हो गई है। तार टूटने, बार बार ट्रिप होने, ब्रेकडाउन होने से पूरे क्षेत्रों में 12 से 14 घंटा ही बिजली मिल पा रही हैं। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जयकरण शाह ने कहा कि बरियारपुर बिजली घर का एरिया इतना लंबा हो गया है जिसके कारण बिजली की समस्या बढ़ती जा रही हैं। भारतीय किसान यूनियन द्वारा ग्राम पंचायत शिधुआ में एवं छोटी गंडक उस पार ग्राम पंचायत गुड्डीजोर में 33/11के०वी०ए० का विद्युत सबस्टेशन लगाने की मांग की जा रही हैं। मगर विभाग एक दम निष्क्रिय है। भाकियू जिला सलाहकार मदन चौहान ने कहा कि सुखा पड़ा हुआ हैं किसानों को बिजली की बहुत ही आवश्यकता है किसान अपने मोटर का कनेक्शन लेना चाहता हैं मगर बिजली कर्मियों द्वारा 7000 रुपए से 8000 रुपए की मांग की जा रही हैं। भाकियू जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने कहा कि 6 अगस्त को बरियारपुर बिजली घर पर भाकियू द्वारा होने वाली महापंचायत ऐतिहासिक होगी। बैठक में भाकियू के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव राय, जिला सलाहकार मदन चौहान जिला उपाध्यक्ष पंचानंद मिश्र, युवा जिला उपाध्यक्ष बृजेश यादव, सुरेन्द्र चौहान, मनोज चौहान, राम अशीष जायसवाल, हरेराम मल्ल, बृजराज मौर्य, उमाशंकर सिंह, जैनुल अंसारी मुकेश शर्मा इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खेल से अनुशासन के साथ जीतने की जिद की सीख आज की जरूरत : श्रीराम सिंह

**देवरिया।** विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में देवरिया के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित 36 वीं खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह आज संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री रामसिंह जी ने कहा कि जीवन में खेल अनुशासन की सीख देता है लेकिन वर्तमान चुनौतियों का सामना करने में अनुशासन के साथ जीतने की जिद और उसके लिए कुछ भी कर गुजरने का भाव भी सीखने की जरूरत है। वर्तमान समय में गला काट प्रतियोगिता के दौर में भी अनुशासन स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की राह प्रशस्त करता है जिसे विद्या भारती के संकल्प में शामिल किया गया है। हमारे लक्ष्य समाज सम्मत, देश सम्मत और धर्म सम्मत हो और जो साधन उपयोग किए जाएं वह समाजोपयोगी और विधिसम्मत हों, ऐसा व्यक्तित्व खेल और अनुशासन से ही सृजित होता है।

उद्घाटन समारोह का प्रारम्भ मुख्य अतिथि श्री रामसिंह जी प्रदेश निरीक्षक विद्या भारती गोरक्ष प्रांत द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी अतिथियों का स्वागत और परिचय प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि गण कन्हैया जी संभाग निरीक्षक गोरक्ष प्रांत मौजूद रहे।

प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री अशोक श्रीवास्तव जी ने मुख्य अतिथि श्री रामसिंह जी और विशिष्ट अतिथि संभाग निरीक्षक बलिया श्री कन्हैया चौबे को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ राष्ट्रीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता बहन साक्षी कनौजिया ने दिलायी।

बताते चलें कि विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश की इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता में जुडो कुश्ती और कुरास खेलों के चार सौ अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं ।बालक और बालिका वर्ग में होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रयागराज, कानपुर, जालौन, बस्ती, बलिया, गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज आदि दस जनपदों की टीमें अगले तीन दिनो तक जोर अजमाइश करेंगी। प्रतियोगिता 27/28/29 जुलाई तक आयोजित है।

संक्षेप

## सांप डसने से छात्र की मौत

**बांदा**। जसपुरा थाना क्षेत्र के गड़रिया गांव में बीती रात 13 वर्षीय छात्र की सांप डसने से दर्दनाक मौत हो गई। कालका प्रसाद पुत्र चुन्नू निषाद कक्षा 6 का छात्र था और प्राथमिक विद्यालय गड़रिया में पढ़ता था। बीती रात लगभग 10 बजे कालका अपने घर पर अकेले कमरे में चारपाई पर सो रहा था। उसी दौरान उसे अचानक सांप ने दाहिनी आंख की पलक के नीचे डस लिया। घटना के समय माता-पिता पास के ही कमरे में अपनी किराने की दुकान चला रहे थे। कुछ देर बाद जब मां रामरती कमरे में पहुंची तो बेटे ने बताया कि उसकी आंख में किसी ने काट लिया है। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसने उल्टी करना शुरू कर दी। परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुरा लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखकर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही कालका की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि कालका पांच भाइयों में सबसे बड़ा था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल कुमार पुलिस टीम और उपनिरीक्षक प्रवेश के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम अंकित वर्मा ने हल्का लेखपाल नीरज को तत्काल मौके पर भेजा। गांव में घटना को लेकर शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## डीएम ने किया छात्र मयंक को सम्मानित

बांदा। मेधावी छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह मेडिकल कॉलेज सभागार में जनपद के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक विद्यालय से टॉपर, मेधावी छात्रों का चयन करते हुए सभी को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था, उन्हें प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर के सम्मानित किया। शहर के सेंट जेवियर स्कूल के जिला टॉपर सेकेंड मयंक शेखर ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया था इन्हे जिलाधिकारी जे0 रीभा0 ने प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

सम्मान मिलने पर मयंक शेखर के पिता विनोद कुमार अर्दली जनपद न्यायाधीश, रोआव आलम पूर्व महासचिव न्याय विभाग, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मुन्नीलाल वर्मा, प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र कुमार, मनोज जैन प्रशासनिक हेड, शिवम आर्या प्रशासनिक क्लर्क व जिला न्यायालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने मयंक की सफलता पर बधाई दी है।

# आरओ/एआरओ (प्रा.) परीक्षा सकुशल संपन्न

जिला संवाददाता

**ललितपुर**। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा0) परीक्षा रविवार को ललितपुर के ग्यारह केन्द्रों पर शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न हुयी। डीएम अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक की बेहद सटीक कार्ययोजना और अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था के चलते प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुयी। परीक्षा के लिए निर्धारित समय सुबह 9.30 बजे से करीब डेढ़ घण्टे पहले अभ्यर्थियों ने अपने-अपने केन्द्र पर परीक्षा देने के लिए आमद दर्ज करायी। केन्द्रों पर मौजूद स्टाफ द्वारा अभ्यर्थियों की जांच की गयी। मुख्य गेट से चैकिंग के उपरान्त सभी अभ्यर्थी केन्द्र में बने कक्षों में पहुंचे, जहां उन्होंने निर्धारित समय से परीक्षा शुरू की। जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त किये गये अधिकारियों द्वारा समय-समय पर परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया तो वहीं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक एक्टिव मोड में नजर आये। उन्होंने अपनी टीम के साथ विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर यहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

**ललितपुर में 37.91 फीसदी अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा**



### अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, इतनों ने छोड़ी

जिला प्रशासन द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 11 केन्द्र बनाये गये थे। इनमें जीआईसी ललितपुर में कुल अभ्यर्थी 480 के सापेक्ष 177 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 163 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। नेमवि पार्ट-1 में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 163 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 221 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

नगर पालिका इण्टर कॉलेज में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 151 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 233 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 148 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 236 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। श्री वर्णी जैन इण्टर कॉलेज में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 158 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 226 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जीजीआईसी में कुल अभ्यर्थी 480 के सापेक्ष 207 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 273 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। नेमवि पार्ट-2 में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 144 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 240 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। डॉन बास्को एकेडमी में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 153 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 153 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। संस्कार बैली एकेडमी मसौराकलां में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 136 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 136 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। एसडीपीएस इण्टरनेशनल स्कूल में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 138 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 246 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पहलवान गुरूद्दीन पब्लिक स्कूल पनारी में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 99 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 285 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल अभ्यर्थी 4416 के सापेक्ष 1674 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2742 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कुल उपस्थित परीक्षार्थियों का आंकड़ा 37.91 प्रतिशत रहा।

## विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन 4 अगस्त को

**ललितपुर**। संघर्ष सेवा समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी 4 अगस्त दिन सोमवार को विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा में देशभर की पवित्र नदियों से जल एकत्रित कर यात्रा ललितपुर के पावन मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर पदयात्रा करते हुए नीलकंठ महादेव मंदिर पर जलाभिषेक के साथ समाप्त होगी। इस संबंध में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जानकारी देते हुए मुख्य आयोजक डॉक्टर संदीप ने कहा सनातन धर्म में श्रावण मास का विशेष महत्व है यह माह देवाधिदेव महादेव को समर्पित है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी हम यात्रा का भव्य आयोजन करने जा रहे हैं इस यात्रा में विशाल कावड़िया झांकी एवं पुष्प वर्षा के साथ कानपुर के कलाकारों द्वारा भोले एवं अघोरी तांडव नृत्य का भी आयोजन किया जाएगा। यात्रा में उज्जैन से विशाल धमाल ढोल प्रुमख आकर्षण का केन्द्र होंगे। यात्रा की अगुवाई में विशाल तोपें पुष्प वर्षा करते हुए चलेंगीं। साथ में भगवान शिव के विभिन्न स्वरूप रथ व बग्गियों पर उपस्थित रहेंगे। यह यात्रा नीलकंठ महादेव मंदिर पर जलाभिषेक व विशाल भंडारे के साथ समाप्त होगी। आगे जानकारी देते हुए संघर्ष सेवा समिति के ललितपुर जिलाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग महामंत्री सचिन दुबे ने बताया हमारा संगठन प्रत्येक वर्ष कावड़ यात्रा का आयोजन करता है।

# प्रशासन की सतर्कता से आरओ परीक्षा सकुशल संपन्न




जिला संवाददाता

**बांदा**। जिले में आयोजित समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रतियोगी परीक्षाओं को नकल विहीन व शांतिपूर्ण कराए जाने के लिए आयुक्त अजीत कुमार,

**● अधिकारी लेते रहे परीक्षा केन्द्रों का जायजा**

डीआईजी राजेश एस, डीएम जे0 रीभा व एसपी पलाश बंसल ने परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिया। अधिकारियों ने इस दौरान परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश प्रक्रिया, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, पुलिस बल की तैनाती, यातायात नियंत्रण व्यवस्था और परीक्षा केन्द्रों के आस-पास सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होने ड्यूटी में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। डीएम जे0 रीभा ने पंडित जे एन डिग्री कालेज, राजकीय महिला महाविद्यालय, इंटर मीडिएट कालेज तिंदवारा व अन्य परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होने परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी कंट्रोल रूम से चल रही परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सेक्टर मजिस्ट्रेट व केन्द्र प्रभारी से परीक्षा सकुशल संपन्न कराए जाने के बारे में जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र प्रभारी मौजूद रहे। जिले भर में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गयी कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की जानकारी नही मिली है।

# पुलिस मुठभेड़ में 3 गिरफ्तार एक को लगी गोली



**बांदा**। चोरी और लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को थाना मरका व एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से अवैध तमंचा, कारतूस, 66 हजार रुपये व चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। मरका क्षेत्र के समगरा निवासी राजकरन सोनी उर्फ करन पुत्र राया प्रसाद सोनी के साथ प्रभाकर सिंह उर्फ चेतन निवासी गाजीपुर व दो अज्ञात लोगों ने नगद रुपये व अन्य सामान की लूट की थी। इस मामले पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मरका पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी। रविवार को पुलिस को जानकारी मिली कि कुछ संदिग्ध मोटरसाइकिल के मरका क्षेत्र के सिरिया ताला औगासी पुल के पास चोरी के इरादे से जा रहे हैं। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर रोका तो आरोपियों ने घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस की जवाबी फायरिंग में प्रभाकर सिंह उर्फ चेतन सिंह गाजीपुर जनपद फतेहपुर के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मन की बात में बुंदेलखण्ड के ऐतिहासिक धरोहरों पर चर्चा



जिला संवाददाता

**बांदा**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी, दूरदर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम ह्यमन की बातह्ल के 124वें एपिसोड में उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में विशेष चर्चा की। उन्होने जिले के कालिंजर किले का उल्लेख करते हुए कहा कि यह किला भारतीय इतिहास का गौरवशाली अध्याय है, जहाँ महमूद गजनवी जैसे अक्रांताओं ने इस किले पर कई बार हमला किया लेकिन हर बार उसे असफलता ही हाथ लगी। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में ऐसे अनेक किले हैं जो हमारी संस्कृति, शौर्य और आत्मगौरव के प्रतीक है। ग्वालियर, झाँसी, दतिया, अजयगढ़, गढ़कुंडार और चंदेरी जैसे किलों की दीवारें न सिर्फ स्थापत्य का अद्भुत उदाहरण हैं बल्कि वह भारतीय स्वाभिमान की जीवंत गाथाएं हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आगाह किया कि वह इन किलों की यात्रा करें, अपने इतिहास को जानें और उसमें गर्व का अनुभव करें।

उन्होंने कहा कि यह केवल ईंट और पत्थरों का ढांचा नहीं बल्कि यह संस्कार, स्वाभिमान और संस्कृति की पहचान है जो आज भी अपनी ऊँची-ऊँची दीवारों से हमें प्रेरणा दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि भारत की विरासत को जानना और भावी पीढ़ियों तक पहुँचाना हम सभी का कर्तव्य है। अंत में प्रधामंत्री ने सभी से आग्रह किया कि वह पर्यटन, संस्कृति और इतिहास के प्रति जागरूकता को बढ़ाएं और भारत की समृद्ध विरासत को आत्मसात करें। मन की बात कार्यक्रम जिले के सभी 1395 बूथों में सुना गया। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने शहर के बाकर गंज बूथ 73 में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ मन की बात सुनी। वार्ड खुटला के बूथ 122 में पूर्व जिलाध्यक्ष उत्तम सक्सेना की उपस्थिति में मण्डल उपाध्यक्ष चन्द्रभूषण सोनी, सेक्टर संयोजक दिनेश शुक्ला व अन्य बूथों में भी सुनी गयी।

# मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**नगीना, बिजनौर**। मालगाड़ी की चपेट में आकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम काजीवाला निवासी राजकुमार का पुत्र निकित (17 वर्ष) शनिवार की सुबह थाना नगीना के मोहल्ला आजाद कालोनी लाइनपार अपनी मोसी के घर आया हुआ था। बताया जाता है निकित सुबह लगभग 10 बजे आजाद कालोनी लाइनपार से नगीना रेलवे फाटक होता हुआ नगीना-नजीबाबाद प्राईवेट बस स्टैंड के पास से रेलवे पोल संख्या 1475/22 पर पहुंच गया। निकित इसी दौरान नजीबाबाद की ओर से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मालगाड़ी चालक ने नगीना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर ने तुरंत जीआरपी पुलिस चैकी प्रभारी रोहितश को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही जीआरपी प्रभारी अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथघटना स्थल पहुंचे। और घायल निकित को एम्बुलेंस गाड़ी से नगीना सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां पर चिकित्सा प्रभारी ने घायल निकित को देखकर मृत घोषित किया। घटना की सूचना मिलते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया और वह बदहवास में नगीना सीएचसी पहुंचे। जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा दिया है।

# रोटी बैंक ने अस्पताल में मरीजों को बांटे फलऔर बिस्किट



**बांदा**। रोटी बैंक की महिला टीम ने जिला महिला अस्पताल में मरीजों को फल, बिस्किट का वितरण किया। रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चंद्रमौली भारद्वाज, मनु बंसल, महिला टीम अध्यक्ष तबस्सुम फात्मा, उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा, महिला जिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुनीता सिंह के निर्देशन में मरीजों और तीमारदारों को फल व बिस्किट वितरित किए। इसके बाद महिला टीम की सोशल मीडिया प्रभारी रिचा रैकवार और सदस्य शहाना खान ने मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। फल, बिस्किट पाकर मरीजों और तीमारदारों ने रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद और दुआएं दीं। फल वितरण कार्यक्रम में महिला चिकित्सालय की डॉ0 प्रिया, स्टाफ सोनम नामदेव, महिला टीम, पदाधिकारी, सदस्यों ने मरीजों और उनके तीमारदारों को सेवा प्रदान की। इस दौरान रिजवान अली अध्यक्ष, मोहम्मद सलीम उपाध्यक्ष, सुनील सक्सेना संगठन मंत्री, मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी, नग्गो खातून, नेहा खातून, सबीहा नूरानी, अलीमुद्दीन मौजूद रहे।

# आत्महत्याओं, नशा और जल्द धनवान बनने की चाहत में साइबर अपराधों से बचें युवाः एसपी



**ललितपुर**। जिले में व्याप्त विभिन्न समस्याएं मसलन बढ़ती हुई आत्महत्याएं, युवाओं में नशे की प्रवृत्ति, साइबर क्राइम जैसी ज्वलंत समस्याओं को लेकर नेहरू महाविद्यालय के तुलसी सभागार में बुन्देलखण्ड विकास सेना, लायंस क्लब तथा नेहरू महाविद्यालय परिवार के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के मुख्य आतिथ्य में एक संवाद संगोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने की तथा विशिष्ट अतिथि नेहरू महाविद्यालय प्रबंधक प्रदीप चैबे तथा लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321के मंडल अध्यक्ष सन्मति सराफ रहे। इस दौरान संयोजक हरीश कपूर टीटू के द्वारा पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक को बुन्देलखण्ड रत्न सम्मान से नवाजा गया। संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ मंच पर आसीन सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वल कर विधिवत शुभारंभ किया एवं राष्ट्र को सम्मान देते हुए राष्ट्रगान का भी गान किया गया। तत्पश्चात मंचासीन सभी सम्मानित अतिथियों का बुंदेलखंड विकास सेना के सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। संवाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी मो.मुश्ताक ने कहा कि जनपद ललितपुर अत्यंत गरीब, पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, यहां पर आर्थिक असमानताएं होने की वजह से, शिक्षा की कमी से, जागरूकता कम होने की वजह से आत्महत्याओं, नशा और जल्दी से जल्द धनवान बनने की चाहत में साइबर अपराधों का भी ग्राफ बढ़ रहा है। उन्होंने शिक्षा के मंदिरों से लेकर आम जनता को इन गंभीर समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर सामूहिक रूप से प्रयास करने होंगे। इस तरह की घटनाएं ना हो सबसे महत्वपूर्ण शिक्षा का योगदान, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रचार और प्रचार को भी बल दिया। विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष लायन सन्मति सराफ ने अपने विचारों को रखते हुए सभागार में उपस्थित सभी प्रबुद्ध जनों, बुद्धिजीवियों, चिकित्सकों, व्यापारियों, कानून विशेषज्ञों व विद्यार्थियों से आवाहन किया कि हम और आप अपने-अपने स्तर से प्रयास करें। नेमवि प्रबंधक प्रदीप चैबे ने तनाव से बचने के लिए विद्यालय कैंपस में मनोवैज्ञानिक अध्यापकों की देखरेख ब उपस्थिति में काउंसलिंग सेंटर खोलने की भी स्वीकृति प्रदान की। कार्यक्रम संयोजक बुविसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने एक शेर के माध्यम से कहा कि मुश्किल कोई आन पड़ी तो घबराने से क्या होगा, जीने की तरकीब निकालो, मर जाने से क्या होगा।

**● युवाओं में नशा की प्रवृत्ति और साइबर क्राइम को लेकर एक विचार गोष्ठी सम्पन्न**

**● बु.वि.सेना, लायंस क्लब, नेमवि के संयुक्त तत्वावधान में एसपी को बुन्देलखण्ड रत्न से किया सम्मान**

उन्होंने कहा कि वो अपने संगठन के माध्यम से युवाओं में बढ़ती नशाखोरी के विरुद्ध बृहद जन जागरण अभियान चलायेंगे। उन्होंने इस अभियान के लिए आम जनता, प्रबुद्ध जनों तथा अध्यापकों का सहयोग भी मांगा। विशिष्ट अतिथि सिद्धि समूह के निदेशक/प्रबंधक भूपेंद्र जैन ने इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए रोजगार सृजन व शिक्षा का व्यापक क्षेत्र बढ़ाने का आवाहन किया। संवाद कार्यक्रम में प्रो.डा.संजीव शर्मा, पूर्व प्राचार्य डा.अवधेश अग्रवाल, डा.एस.पी.पाठक, बजाज पावर प्लांट के उप प्रबंधक राजीव श्रीवास्तव, राजेश देवलिया एड., लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, मुक्ति संस्था अध्यक्ष अज्जू बाबा, पूर्व पार्षद भीम चैरसिया आदि ने संबोधित करते हुए विभिन्न सुझाव दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने विद्यालय के प्रोफेसर्स से अपील की कि वह भी प्रतिदिन अपने शिक्षण कार्य के साथ-साथ छात्रों को भारतीय जीवन पद्धति, सात्विक विचार और नशा से विमुख होने के उपायों की भी जानकारी दे। संचालन लायंस क्लब ललितपुर के पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन राजेंद्र गुप्ता ने किया। तदोपरांत एक वृक्ष मां के नाम का भी विद्यालय प्रांगण में बृहद वृक्षारोपण करके पर्यावरण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी का भी निर्वाह किया गया। अंत में चेयरपर्सन लायन राजेंद्र गुप्ता ने सभी आभार व्यक्त किया।

## सहकारी समितियों में अनियमितताओं का अम्बार

*ललितपुर*। जिले की सहकारी समितियों में चल रहे कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर झांसी मंडल के उपायुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता को एक विस्तृत पत्र लिखकर त्वरित कार्यवाही की मांग की गई है। पत्र में कई गंभीर आरोपों के साथ प्रमाणिक दस्तावेजों की मांग की गई है, जो जन सूचना अधिकार अधिनियम (आर.टी.आई.) के अंतर्गत जिला सहायक निबंधक ललितपुर को दिए गए थे। पत्रकार विनोद मिश्रा का कहना है कि थनवारा समिति से संबंधित कार्यवाहियों की सत्य प्रतिलिपियां जानबूझकर प्रदान नहीं की जा रही हैं, जबकि ये कार्यालय स्तर पर आसानी से उपलब्ध कराई जा सकती थीं। उन्होंने आरोप लगाया है कि यह टालमटोल भ्रष्टाचार छिपाने की मंशा से किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ललितपुर सहकारी समिति के उर्वरक विक्रेता मुन्नालाल ने सरकारी धन का दुरुपयोग किया है, जिसे अभी तक समिति के खातों में जमा नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त, किसानों के सीआर बैलेंस व अमानत खातों में भी गंभीर गड़बडि़ों की बात सामने आई है। मिश्रा ने मुन्नालाल के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। पत्र में उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि समिति में कई वर्षों से भ्रष्टाचार व्याप्त है, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे समिति को आर्थिक क्षति हो रही है। थनवारा बिपेक्स में गेहूं वितरण से जुड़ी अनियमितताओं का भी जिक्र करते हुए मिश्रा ने सचिव राघवेंद्र सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राघवेंद्र सिंह द्वारा पूर्व में धोरीसागर मड़ावरा में बांटा गया कर्ज करीब 60 लाख रुपये का है, जिसकी सत्यता को लेकर संदेह है और उसकी भी जांच आवश्यक है। सागर स्थानांतरित कर वहां की पुरानी वितरित ऋण एवं बीमा वसूली की विस्तृत जांच की जाए। पत्रकार मिश्रा ने 5 जुलाई 1996 के केन्द्रीय परिपत्र का हवाला देते हुए कहा कि कोई भी सचिव अपने ही ब्लॉक में तैनात नहीं किया जाएगा।

## एसपी ने जरूरतमंदों को कराया भोजन



**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक द्वारा उनके बेटे के जन्म के उपलक्ष में अन्नपूर्णा भोजनशाला में जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन कराया गया। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक द्वारा 1 वर्ष पूर्व अपनी बिटिया के जन्मदिन पर भी अन्नपूर्णा भोजशाला में भोजन कराया गया था अब 6 दिन पूर्व उनको पुत्र रत्न प्राप्ति होने पर छठी के शुभ अवसर पर उन्होंने जिला अस्पताल परिसर में लगभग 1000 लोगों को निशुल्क भोजन कराया जिस अवसर पर समस्त पुलिस प्रशासन उपस्थित था तथा अन्नपूर्णा सेवा संघ के पदाधिकारीयों ने पुलिस अधीक्षक को स्मृति चंद्र देकर उनका सम्मान किया इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अन्नपूर्णा सेवा संघ निस्वार्थ रूप से जनता की सेवा कर रही है जिसमें लोगों के सहयोग से वह जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन उपलब्ध करा रही है। एंबुलेंस सेवा, क्लॉथ बैंक, नेकी की दीवार, ऑक्सीजन बैंक, शव वाहन व अन्नपूर्णा मुक्ति रथ का संचालन भी सुचारू रूप से जनहित में चल रहा है इस प्रकार के कार्यों में सभी नागरिकों को चाहे वह प्रशासनिक अधिकारी हो या व्यापारी हो या सामान्य नागरिकों सभी को सहयोग प्रदान करना चाहिए जिससे कि जनहित के इस तरह के कार्यों से लोगों का भला होता रहे तथा मानवता सदैव कायम रहे।

# जीजीआईसी तालबेहट में पोस्टर प्रदर्शनी का हुआ आयोजन बच्चों ने किया प्रतिभाग

ललितपुर। राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज तालबेहट में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शामिल हुये बच्चों के बीच पोस्टर प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी। इस दौरान 50 बच्चों को गौरैया घर देकर पुरस्कृत किया गया एवं सर्टिफिकेट वितरण मुख्यातिथि द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर भूपेंद्र सिंह एसडीएम तालबेहट, पुनीत सिंह परिहार नगर पंचायत अध्यक्ष तालबेहट एवं अनिल कुशवाहा शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक तालबेहट उपस्थित रहे।

एसडीएम ने कहा कि यह एक जन चेतना का महान कार्य है और बच्चों को इस में जोड़कर एक नया अध्याय पुनरू स्थापित किया जा सकता है।

उन्होंने बताया ही वह खुद साक्षी हैं कि किस तरीके से आज नन्ही गौरैया का अस्तित्व संकटग्रस्त है लेकिन बहुत जरूरी है गौरैया को बचाना। बच्चों ने बारीकी से गौरैया व पर्यावरण संरक्षण के तरीके सीखे एवं हस्त निर्मित घोसला बनाना सीखा एवं प्रण लिया कि हम प्रकृति के बचाव में अपनी अहम भूमिका अवश्य निभाएंगे एवं अपने घरों पर गौरैया के घर अवश्य लगाएंगे। इस दौरान धर्मेंद्र सिंह, डा.सोनिका कुशवाहा, नवीन गुप्ता एवं अनिरुद्ध शुक्ला एवं समस्त जीजीआईसी की शिक्षिकाए मौजूद रहीं। आयोजन एवं संचालन पर्यावरण प्रेमी अमित बबेले मनु द्वारा किया गया।

# जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार



**स्योहारा, बिजनौर**। पुलिस ने मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी ग्राम मेवाजट निवासी मोनिश उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर न्यायलय में पेश किया जहां से उसे जेल भेल दिया है। जानकारी के अनुसार थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम मेवाजट निवासी फैसल पुत्र अकरम ने थाना स्योहारा में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमें में फैसल और उनकी माता सैयदा पर फावड़े और डंडों से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया गया था। मुकदमें में मोनिश उर्फ मोनू, अनस, रोशनी, बिलकिस, असलम और अकरम को भी नामजद किया गया था। असलम और अकरम पर पूरे प्रकरण की साजिश रचने का आरोप आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम मे उपनिरीक्षक यशदेव शर्मा, कांस्टेबल शिवम, कांस्टेबल अरुण शामिल रहे।

# हर रोज आसमान में ड्रोन दिखने से लोग परेशान, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

बिजनौर। पिछले कई दिनो सं जनपदभर में ड्रोन को लेकर तरफ-तरह की चर्चाए हो रही है। रात के अंधेरे में छतों पर ड्रोन दिखाई देने से लोगो में दहशत का माहौल है। ड्रोन के बारें में कुछ लोग बिना सोचे समझे अफवाह फैला रहें है। प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेकर आरोपियों को खिलाफ कड़ी कार्यवाई करनी चाहिए। सोशल मीडिया का इस्तेमाल सही काम के लिए हो न हो, लेकिन गलत काम के लिए जोरों से किया जा रहा है। फिर चाहे ये काम समाज के लिए सही हो या न हो इसकी परवाह किसी को नहीं। पिछले कई दिनो से रात के समय गांव-देहात में कुछ लोग ड्रोन उड़ाकर उनकी वीडियों बनाकर सोशल मिडिया पर अपलोड कर रहें है और ड्रोन के हमले से लोगों को सूरक्षा देने के लिए युवकों का झुण्ड लाठी-डंडे लेकर पहरा देते हुए दिखाई दे रहें है। दोनों ही मामलों का संबंध सिर्फ सोशल मीडिया पर रील बनाकर ज्यादा से ज्यादा व्यूज हासिल करना है। अफवाह फैलाई जा रही है कि चोर ड्रोन उड़ाकर चोरी करने की रैकी कर रहें है, जबकि ड्रोन के जरिये उसमे कैमरा लगाकर सिर्फ घर की छतो की ही रैकी की जा सकती है, जो रात के समय अक्सर खाली ही रहती है, फिर चोरों की रैकी किस काम की। प्रशासन को चाहिये कि बिना सत्यता के किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालो पर कडी कार्रवाही करें जिससे लोगो में फैल रहे भय को दूर किया जा सके।

# लापरवाही से मौतें

यह सिर्फ हादसा या आठ लोगों की मौत का ही मामला नहीं है। यह सीधे-सीधे धर्म को बदनाम करने का कृत्य है और इसके लिए जो भी दोषी हो, उसे कठोर सजा देने की जरूरत है। अगर मंदिर में भगदड़ से हुई मौतों का यह पहला मामला होता तो यह माना जा सकता था कि भीड़ का अनुमान नहीं रहा होगा या फिर कहीं चूक हो गयी। लेकिन यह कोई पहला मामला नहीं है बल्कि बार-बार ऐसे हादसे हो रहे हैं। अगर यहां धर्मस्थलों पर भगदड़ से होने वाले हादसों की सूची गिनायी जाये तो अनगिनत ऐसे हादसे सामने आयेंगे जिनको रोका जा सकता था। भारत का सामाजिक मिजाज बहुत धार्मिक है और यहां हर धार्मिक पर्व के मौके पर बड़ी संख्या में लोग मंदिरों में दर्शन करने, नदियों, सरोवरों में स्नान करने पहुंचते हैं। प्रयागराज का महाकुंभ इसका उदाहरण है जहां 65 करोड़ लोग महाकुंभ नगरी में पवित्र अमृत स्नान करने आये। प्रयागराज महाकुंभ-2025 की व्यवस्थाएं बेहद शानदार थीं और अब तक आयोजित हुए सभी कुंभ मेलों में महाकुंभ-2025 का आयोजन सबसे शानदार था, लेकिन यहां भी भीड़ प्रबंधन में जो बड़ी खामी सामने आयी उसके कारण महाकुंभ के शानदार आयोजन की चर्चा होने के बजाय महाकुंभ नगरी प्रयागराज में हुई भगदड़ और नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन व कई अन्य जगहों पर हुए हादसों की ज्यादा चर्चा हुई। दरअसल यह सब भीड़ के प्रबंधन में हुई



चूक का नतीजा है जिसके कारण सैकड़ों लोगों को जान गंवानी पड़ती है। महाकुंभ के बाद भी कई धार्मिक आयोजनों में हादसे हुए। हरिद्वार की मनसा देवी मंदिर में भीड़ के कारण भगदड़ हुई जिसमें आठ लोगों की मौत हो गयी और 25 घायल बताये जा रहे हैं। यह आंकड़े भी सरकारी हैं, वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है। सवाल यह है कि बार-बार होने वाले इन हादसों के लिए कौन जिम्मेदार है? अगर धार्मिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था नहीं होती है, तो फिर इतने लोगों को आने की अनुमति क्यों दी जाती है जिससे भगदड़ की स्थिति बनती है और लोगों की जान चली जाती है। सावन का महीना है और इस महीने मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ता है यह बात हर कोई जानता है। चूंकि रविवार का दिन था और इस कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार के हरि की पैड़ी में स्नान कर मनसा देवी मंदिर में दर्शन करने के लिए शिवालिक की पहाड़ियों की ओर चल पड़े। मनसा देवी मंदिर तक पहुंचने का रास्ता बहुत ही दुर्गम और जटिल है। यहां रोपवे का विकल्प भी है लेकिन उससे बहुत सीमित लोग पहुंच सकते हैं। जब ऊंची पहाड़ियों पर हजारों लोग एक साथ संकरे रास्तों पर बढ़ते हैं, तो इस तरह के हादसों की गुजाइश बन जाती है। भीड़ के बीच छोटी-छोटी बातों पर अफवाहों का बवंडर खड़ा हो जाता है और इस तरह के हादसे हो जाते हैं। बताया जाता है कि जब मंदिर की सीढ़ियों पर भीड़ बढ़ गयी, तभी बिजली के शॉर्ट सर्किट की अफवाह फैली और भगदड़ मच गयी जिससे यह हादसा हुआ। हो सकता है अफवाह किसी ने फैलायी हो या ऐसे ही लोग भयभीत होकर भागने लगे हों क्योंकि भीड़ का मनोविज्ञान कुछ ऐसा होता है जिसमें तर्क काम नहीं करता। लेकिन मंदिर और स्थानीय प्रशासन को तो यह बात पता होनी चाहिए कि सावन के महीने में और रविवार के दिन छुट्टी के कारण श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा रहेगी। इसलिए भीड़ के नियंत्रण और प्रबंधन के लिए पुख्ता इंतजाम होना चाहिए। मंदिर में दर्शन करने की उतने ही लोगों को अनुमति देनी चाहिए जितने लोग सुरक्षित तरीके से पहाड़ों के संकरे रास्ते और सीढ़ियों को चढ़कर सुरक्षित रूप से दर्शन कर सकें। चूंकि संकरे रास्तों पर एक साथ हजारों लोगों की भीड़ जमा हुई और धक्का-मुक्की के बीच अफवाहों ने भी अपना काम किया जिसके कारण यह हादसा हुआ। इस हादसे का निष्कर्ष यही है कि भीड़ प्रबंधन में लापरवाही हुई। ऐसी ही लापरवाही के कारण धर्मस्थलों पर हादसे होते हैं। इसलिए मंदिरों में अनिवार्य रूप से भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था लागू करना जरूरी है तभी हादसे रुकेंगे।

# उपराष्ट्रपति के इस्तीफे के सियासी निहितार्थ



मनोज बाजपेयी

> अपने कार्यकाल के पहले ढाई साल तक धनखड़ ने विपक्ष से पंगा लिया और आखिरी छह महीने में वे सरकार के खिलाफ हो गये और उसके सामने सियासी चुनौतियां पेश करने लगे। शायद वे प्रधानमंत्री मोदी के धैर्य और फैसले लेने की शक्ति का ठीक से आकलन नहीं कर पाये। यहां उनसे बड़ी चूक हुई और सियासत में हर गलती की कीमत चुकानी पड़ती है।

देश के चौदहवें उपराष्ट्रपति (अब भूतपूर्व) जगदीप धनखड़ ने अपना त्यागपत्र देते हुए स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है। चौहत्तर वर्ष की उम्र में स्वास्थ्य की समस्या होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। वैसे भी कई सार्वजनिक मौकों पर उनकी सेहत ने साथ नहीं दिया। हृदय की बीमारी से भी वे पीड़ित हैं और कुछ समय पहले ही एम्स में उनकी एंजियोप्लास्टी भी हुई थी। ऐसे में अगर स्वास्थ्य के आधार पर इस्तीफा देते हुए कुछ समय लेते, बाकायदा राज्यसभा में उनको फेयरवेल दिया जाता और अपने दफ्तर के सहयोगियों, कर्मियों के साथ औपचारिक विदाई लेते, तो यह माना जा सकता था कि शायद उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के चलते ही उपराष्ट्रपति के पद से खुद को अलग करने का फैसला किया। लेकिन दिन भर सदन चलाने, शाम तक सभी शेड्यूल मीटिंग/कार्यों को संपादित करने के बाद अचानक देर शाम इस्तीफा देने की खबर और अगले दिन सुबह ही इस्तीफा स्वीकार होने, गृहमंत्रालय द्वारा उपराष्ट्रपति पद को रिक्त घोषित करने की जो तेज गति की प्रक्रिया चली उससे एक बात स्पष्ट है कि धनखड़ के इस्तीफे के पीछे बहुत से कारण होंगे, लेकिन स्वास्थ्य संबंधी कारण तो नहीं ही है। वैसे भी धनखड़ अपने राजनीतिक जीवन में एक बार विधायक, एक बार सांसद व मंत्री और राज्यपाल एवं उपराष्ट्रपति बने लेकिन केवल विधायक का कार्यकाल उन्होंने पूरा किया।

लोकसभा सदस्य के रूप में उनका कार्यकाल महज डेढ़ वर्ष रहा, केन्द्रीय मंत्री के रूप में छह-सात माह, राज्यपाल के रूप में तीन साल से कुछ कम और उपराष्ट्रपति के रूप में भी तीन साल से कुछ समय तक उन्होंने देश की सेवा की। उनका कार्यकाल अभी दो साल से कुछ अधिक बाकी था और कुछ समय पहले ही उन्होंने कहा था कि ईश्वर ने चाहा तो अगस्त 2027 में कार्यकाल पूरा करके रिटायर हो जायेंगे। कुल मिलाकर जगदीप धनखड़ की इस्तीफे की कोई योजना नहीं थी। ऐसे में अचानक उनका इस्तीफा होना और उसके पीछे स्वास्थ्य संबंधी कारण बताना किसी के गले नहीं उतरा। धनखड़ के इस्तीफे के बाद लोगों के दिमाग में यह जरूर घूमने लगा कि अपने



कार्यकाल के दौरान किस तरह वे विवादित फैसले करते रहे। राज्यसभा में विपक्ष के साथ उनका बर्ताव उचित नहीं था। एक साथ बड़ी संख्या में सदस्यों के निलंबन से भी उनकी भूमिका पर सवाल उठा। यहां तक कि पिछले साल विपक्ष उनको हटाने के लिए राज्यसभा में प्रस्ताव लेकर भी आया था जिसे खारिज कर दिया गया। अब सवाल यह है कि जो विपक्ष कुछ समय पहले तक धनखड़ की कुर्सी लेने पर आमादा था, वह अचानक धनखड़ के साथ इतना सजह कैसे हो गया? दरअसल धनखड़ कभी निष्पक्ष और अपने सांविधानिक दायित्व के साथ बैलेंस रहे ही नहीं। राज्यसभा में वह सभी सदस्यों के साथ ही विपक्ष के अधिकारों के संरक्षक भी थे सभापति के रूप में, लेकिन अपने कार्यकाल के करीब ढाई वर्षों तक लगातार वे विपक्ष से दो-दो हाथ करते रहे। यही कारण है कि विपक्ष उनके खिलाफ हो गया था।

**विमर्श**

राज्यसभा में उनकी मिमिक्री हुई, आलोचना, निंदा से लेकर हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव तक विपक्ष लाया। करीब ढाई साल तक विपक्ष से पंगा लेने के बाद धनखड़ अचानक विपक्ष के नजदीक नजर आने लगे और सरकार को असहज करने लगे। उन्होंने कई मौकों पर सरकार को परेशान किया। कृषि मंत्री के सामने कहा दिया कि सरकार किसानों के लिए कुछ नहीं कर रही। इसी तरह अमरीकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा के समय, स्वयं की ईरान यात्रा के मौके पर बेवजह प्रोटोकॉल संबंधी विवाद खड़ा किया। इसी तरह जस्टिस वर्मा के खिलाफ विपक्ष के महाभियोग प्रस्ताव को स्वीकार कर एक तरह से सरकार को भ्रष्टाचार के खिलाफ श्रेय नहीं लेने दिया। यह सब सरकार को परेशान करने वाली बात थी।

लेकिन जैसे-तैसे सरकार चुपचाप सह रही थी क्योंकि आखिर उसी ने बनाया था। लेकिन हाल-फिलहाल खबरें यह भी आने लगी थीं कि धनखड़ सरकार के खिलाफ विपक्ष की गोलबंदी भी करने लगे थे। इसमें कांग्रेस नेताओं के साथ उनकी बढ़ती नजदीकी, केजरीवाल, संजय सिंह से मुलाकात और विपक्ष का चन्द्रबाबू नायडू के साथ सियासी मेल-मिलाप कराने की उनकी कोशिशों से सरकार के कान खड़े हो गये थे। शायद यही कारण है कि सरकार को तुरत-फुरत जगदीप धनखड़ से पीछा छुड़ाना पड़ा। कार्यकाल समाप्ति से दो साल पहले उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने वाले जगदीप धनखड़ का कार्यकाल सर्वाधिक विवादों से भरा रहा है। देश में इतने विवाद उपराष्ट्रपति और राज्यपाल पद पर रहते हुए शायद ही किसी के साथ जुड़े हों, जितने धनखड़ के नाम दर्ज हैं। इस पद पर रहते हुए धनखड़ पर कई तरीके के आरोप लगे।

उपराष्ट्रपति पद से पहले पश्चिम बंगाल में राज्यपाल रहते हुए भी धनखड़ विवादों से घिरे रहे। केंद्र की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ सख्त रवैया अपनाने वाले धनखड़ को ईनाम के तौर पर उपराष्ट्रपति पद से नवाजा था। इसके बावजूद कि धनखड़ का न तो भारतीय जनता पार्टी और न ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से कभी गहरा सरोकार रहा। जगदीप धनखड़ 2019 से 2022 तक पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे। इस दौरान उनका हमेशा सीएम ममता बनर्जी से टकराव बना रहा। धनखड़ ने कई बार सीएम ममता बनर्जी और उनकी सरकार की आलोचना की। धनखड़ ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और शासन की विफलता के आरोप लगाए। उनके इस रुख को विपक्ष ने पक्षपातपूर्ण माना, क्योंकि एक संवैधानिक पद पर रहते हुए उनकी टिप्पणियां सरकार के खिलाफ थीं। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति के रूप में धनखड़ का विपक्षी दलों के साथ रिश्ता हमेशा तनावपूर्ण रहा। विपक्ष ने उन पर पक्षपात और सरकार का पक्ष लेने का आरोप लगाया। इंडिया गठबंधन ने आरोप लगाया कि धनखड़ ने भाजपा सदस्यों को प्राथमिकता दी जबकि विपक्ष की आवाज को दबाया। विपक्ष ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए उपराष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कदम करार दिया था। देश में ऐसा पहली बार हुआ जब विपक्षी दलों ने राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया।

इस तरह देखा जाये तो धगदीप धनखड़ का कार्यकाल चाहे राज्यपाल के रूप में हो या उपराष्ट्रपति के रूप में, बहुत विवादित रहा। धनखड़ संविधान के जानकार हैं, अधिवक्ता भी रहे हैं लेकिन राज्यपाल और उपराष्ट्रपति जैसे बड़े सांविधानिक पद पर रहते हुए उन्होंने पद की गरिमा का कभी ख्याल नहीं किया। उपराष्ट्रपति के रूप में वे प्रोटोकॉल प्रेमी हो गये और खुद को स्वतंत्र सांविधानिक प्रतिष्ठान समझने लगे। अपने कार्यकाल के पहले ढाई साल तक उन्होंने विपक्ष से पंगा लिया और आखिरी छह महीने में वे सरकार के खिलाफ हो गये और सरकार के सामने राजनीतिक चुनौतियां पेश करने लगे। शायद वे प्रधानमंत्री मोदी के धैर्य और फैसले लेने की शक्ति का ठीक से आकलन नहीं कर पाये। यहां उनसे बड़ी चूक हुई और सियासत में हर गलती की कीमत चुकानी पड़ती है। धनखड़ ने इस्तीफा देकर यह कीमत चुकायी।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

**सोशल मीडिया**

कारगिल विजय दिवस हमारी जांबाज सेना के शौर्य, पराक्रम, बलिदान की याद दिलाता है। इस में हमारे बहादुर जवानों ने कठिन परिस्थितियों में जान की बाजी लगा देश की रक्षा की। प्रियंका गांधी.



कारगिल विजय दिवस पर भारत के वीरों को याद करते हुए जिन्होंने कठिन क्षेत्रों में हमारे देश के सम्मान की रक्षा में असाधारण साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया। राजनाथ सिंह.



गोरखपुर से महिला पुलिस रिक्रूट्स के ट्रेनिंग सेंटर की बद इंतजामी के दुर्भाग्य पूर्ण समाचार आ रहे हैं। न बिजली, न पानी न स्नानालय गरिमा पूर्ण। अखिलेश यादव



# पूरी दुनिया में बढ़ रही हैं 'ब्रेन स्ट्रोक' की घटनाएं



स्वास्थ्य

**डॉ.माजिद अलीम**

ब्रेन स्ट्रोक को आमतौर पर सिर्फ स्ट्रोक भी कहा जाता है। किसी इंसान को स्ट्रोक तब पड़ता है जब मस्तिष्क को रक्त की जरूरी आपूर्ति अवरूद्ध हो जाती है। इस प्रक्रिया को सेरेब्रो वॉस्कुलर दुर्घटना (सीवीए) भी कहा जाता है। वास्तव में जब मस्तिष्क की रक्त आपूर्ति बाधित हो जाती है तो उसे पर्याप्त ऑक्सीजन या पोषक तत्व नहीं मिलते हैं, इससे झटका या स्ट्रोक आ जाता है। स्ट्रोक की अलग अलग प्रकृति होती है। यह कुछ मिनटों से लेकर कई दिनों तक रह सकता है। स्ट्रोक होने के बाद, लोग अलग-अलग समय सीमा के भीतर ठीक हो जाते हैं, जिसमें स्ट्रोक की गंभीरता के आधार पर महीनों या साल भी लग सकते हैं। साथ ही कुछ के लक्षण 24 घंटे में भी गायब हो जाते हैं। दरअसल नसों में ब्लड क्लॉट जमने से मिनी स्ट्रोक पड़ता है। जिससे खून पूरी आजादी के साथ घूम नहीं पाता है। लेकिन ये ब्लड क्लॉट छोटे और अस्थाई होते हैं और कुछ ही देर में वापस घुल जाते हैं। लेकिन इस स्थिति को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और डॉक्टर को दिखाना चाहिए। 1990 में ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज के एक अध्ययन के मुताबिक ब्रेन स्ट्रोक या स्ट्रोक दुनियाभर में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण था। 2010 में यह अध्ययन दोबारा से हुआ और तब पता चला कि दुनिया में हर साल 58.70 लाख लोगों की मौत स्ट्रोक के कारण हो जाती है। जबकि 1990 में जब पहली बार इस पर अध्ययन हुआ था, तब इससे हर साल 46.60 लाख लोगों की मौत हो रही थीं। कहने का मतलब यह कि 1990 से 2010 के बाद यानी दो दशकों में स्ट्रोक से होने वाली मौतों में 26 फीसदी का इजाफा हुआ। इसके बाद से भी लगातार स्ट्रोक की घटनाओं में वृद्धि हो रही है।

जहां तक स्ट्रोक की अपने देश में वृद्धि का सवाल है तो पिछले तीन दशकों में भारत में 100 फीसदी तक स्ट्रोक की घटनाएं बढ़ी हैं। लेकिन अगर इन्हें प्रारंभिक स्तर तक ही देखा जाए तो यह बढ़ोत्तरी और ज्यादा है। क्योंकि पहले जहां 1 लाख लोगों में से 105 से 152 तक लोग स्ट्रोक से पीड़ित होते थे, जबकि पिछले कुछ सालों में यह संख्या बढ़कर 569 तक हो गई है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कैसे स्ट्रोक की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है। हैरानी की बात यह है कि दुनिया के स्तर पर भी यह स्वास्थ्य परेशानी निम्न और निम्न मध्यम आय वाले देशों में सबसे ज्यादा है। 2001 में जीबीडी के एक अध्ययन के मुताबिक 85 फीसदी स्ट्रोक गरीब और मध्य आयवर्ग वाले देश में आते हैं और उसमें से भी भारत की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। साल 2019 में हिंदुस्तान में 13 लाख लोगों को स्ट्रोक की समस्या हुई थी, जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे ज्यादा है। द लासेंट कमीशन ने भी इस तथ्य की पुष्टि की है। साल 2020 में अपने यहां 1.50 लाख लोगों की मौत स्ट्रोक के कारण हुई थी।

दुनिया के स्वास्थ्य में इतनी बड़ी भूमिका निभाने के कारण हर साल 29 अक्टूबर को विश्व स्ट्रोक दिवस मनाया जाता है ताकि इसकी गंभीरता और इससे होने वाली मौतों के बारे में न सिर्फ लोगों को जागरूक किया जा सके बल्कि इसके उपचार के संबंध में भी बेहतर तैयारी और शोध हो सकें। हाल के सालों में भारत में 100 फीसदी तक स्ट्रोक की घटनाओं में होने वाली वृद्धि ने इसे एक बेहद डरावनी स्वास्थ्य समस्या बना दिया है। आज की तारीख में भारत में स्ट्रोक एक बहुत बड़ी स्वास्थ्य चिंता है। विश्व स्ट्रोक दिवस मनाये जाने के पीछे मकसद यह है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इसकी भयावहता को समझें और इसके संकेतों, लक्षणों आदि से जागरूक हों, ताकि असमय मृत्यु से बचने की कोशिश कर सकें। विश्व स्ट्रोक संगठन या डब्ल्यूएसओ पूरी दुनिया में स्ट्रोक संबंधी समस्याओं पर नजर रखता है, इसके लिए जरूरी इलाज सुनिश्चित करता है और सक्रिय रूप से टास्क फोर्स बनाकर दुनियाभर के अस्पतालों में कार्डियोलॉजी और स्ट्रोक सेवाओं के बीच सहयोग बढ़ाने में पुल की भूमिका निभाता है। इसलिए हर साल विश्व स्ट्रोक डे पर लोगों को स्ट्रोक से संबंधित सभी बातों से अवगत कराया जाता है। हाल के सालों में भारत सहित दुनिया के ज्यादातर देशों में स्ट्रोक की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं तो इसका सबसे बड़ा कारण खराब लाइफस्टाइल के कारण नींद की कमी, खानपान और एक्सर साइज में संतुलित तालमेल का न होना, मोटापा, ब्लडप्रेशर और प्रदूषण जैसी समस्याओं के कारण स्ट्रोक की समस्या बेलगाम हो गई है।

# सामाजिक उत्थान

**अंतर्दृष्टि**

नागरिकों का चरित्र समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में महती भूमिका निभाता है। राष्ट्र के उत्थान के लिए यह जरूरी है कि बालकों के व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण की कोशिश होनी चाहिए। बालकों के चरित्र निर्माण के लिए यह जरूरी है कि उनमें दुनियादारी की समझ विकसित होने का पूरा मौका देना चाहिए। ऐसा न हो कि हम उन्हें हमेशा बालक ही समझकर व्यवहार करते रहें। चरित्र निर्माण के विषय में एक खास बात यह है कि हम उसे सदैव निष्क्रिय और पराश्रित बनाये रखने का प्रयत्न न करें। यह सच है कि बालक मनुष्य के लिए परम आनन्द का साधन होता है। जिसके घर में बालक नहीं, उसके घर में आनन्द नहीं। आनन्द का ऐसा यथेष्ट उपयोग करने के लिए मनुष्य आकाश-पाताल एक कर देता है। हमारे समाज में भी बांझपन, अपशकुन और अभाग्य का कारण माना जाता है। बांझपन का कलंक टालने के लिए स्त्री-पुरुष अपने वश भर कोई बात उठा नहीं रखते। घर में पालना बंध जाने से जो आनन्द प्राप्त हो सकता है, उसकी तुलना में दूसरे किसी आनन्द से नहीं की जा सकती। यह आनन्द देह और देही दोनों का है। इस परम आनन्द ने ही संसार की सततता को बनाये रखा और मनुष्य की शुभ वृत्तियों को हमेशा ऊपर चढ़ाया है। ऊर्ध्वगामी बनाया है। यह मनुष्य के आनन्द का जनक है। जब ऐसे आध्यात्मिक आनन्द को देने वाला कोई पात्र परिवार में जन्म लेता है तो वह न केवल अपने माता-पिता के, बल्कि सब किसी के आनन्द का साधन बन जाता है। उसे देखकर सब आनन्द मग्न हो जाते हैं। उसे गोद में लेकर सब कोई तृप्ति का अनुभव करते हैं। उसके कारण सारा परिवार आनन्द से परिप्लावित रहता है। बालक के आनन्द में माता-पिता का सच्चा आनन्द समाया हुआ है। जब बालक का आनन्द लुप्त होता है, तो माता-पिता का आनन्द भी जाता रहता है। बालक सममूचे कुटुम्ब के आनन्द का केन्द्र बन जाता है। कुटुम्ब के परिचित लोग भी बालक को देखकर खुश होते हैं और एक प्रकार के गहरे आनन्द का अनुभव करते हैं। किन्तु जैसे-जैसे समय बीतता गया, वैसे-वैसे इस आनन्द की कक्षा और इसका प्रवाह बदलता रहता है। सब किसी के आनन्द का कारण बनने वाला धीरे-धीरे सबके आनन्द का स्थूल और स्वार्थी साधन बनने लगता है। माता-पिता और बड़े-बूढ़े समझते नहीं कि बालक का भी अपना आननद होता है। जन्म के बाद तुरंत ही जो बालक अपनी रक्षा और अपने पोषण की अपेक्षा रखता है और अपने ढंग से अपना विकास करने लगता है। वह धीरे-धीरे समझदार और सशक्त भी बनता जाता है। बालक के लिए कामों को करने में माता-पिता को जो आनन्द मिलता है अथवा घर के बड़ों बूढ़ों द्वारा जो काम या आयोजन बच्चों के लिए, बच्चों का पोषण करने की दृष्टि से किये जाते हैं उनसे हमेशा आनन्द मिलता ही है।

# नेताजी के घड़ियालू आंसू

**व्यंग्यलोक**

नेताजी दहाडें मारकर रोते हुए मेरे घर आये। बोले- मैं बर्बाद हो गया शर्मा, मुझे बचा लो। मैं बोला-आखिर हुआ क्या है बलराम जी? वे और जोर से रोने लगे। रोते-रोते ही बोले-मैं चुनाव हार गया? मैंने कहा-देखिये चुनाव में एक ही जीतता है। दूसरों को तो हारना ही होता है। आप धैर्य रखें, आगे और चुनाव हैं। मौके खत्म थोड़े ही हुये हैं। सब ठीक हो जायेगा। मैंने सब कुछ दांव पर लगा दिया शर्मा। मैं कंगाल हो गया। जीप वाला, ढाबे वाला, माइकवाला और उधारी मांगने वाले मुझे ढूंढ रहे हैं। मैं करूं तो क्या करूं? वे बोले। उन्हें कहो कि पार्टी से पैसा मिलेगा तब चुका दूंगा उधारी। कोई ज्यादा ही दादागिरी करे तो आप भी गुण्डई पर उतर आयें। मांगना भूल जायेगा। मैंने कहा मुझे कहीं छिपा दो शर्मा। मैं किस मुंह से जनता केसामने जाऊं। मैंने सब्जबागों के वादे किये थे, लेकिन वोटरने मेरी जमानत जब्त करा दी। बलराम जी बोले। राजनेता होकर कैसी कायरों वाली बातें कर रहे हो? थोड़ा तो नेतागिरी का हौंसला पैदा करो और सबको धताबता दो। आप तो जब प्रधान थे तो मनरेगा में लाखों का घोटाला कर चुके हैं। घबराने की क्या बात है। मैंने कहा तो वे बोले- सब डूब गया। मेरी काली कमाई सब निकल गई। सोचा था, चुनाव बाद कई गुना कमाकर घर भर लूंगा। शर्मा मेरे सपनों पर पानी फिर गया। जीतने वाला चांदी काटेगा। आपको निराश होने की जरूरत नहीं है बलराम जी, दिन आपके भी फिरेंगे। देखना मध्यावधि चुनाव होंगे। ये गठबंधन चलने वाला नहीं है। हिम्मत से काम लें। मैंने कहा तो उन्होंने अपनी रोनी सूरत को शांत किया और बोले आपको पक्का विश्वास है कि मध्यावधि होंगे! सच मजा आ जायेगा। अबकी बार मैं सारे पैंतरे काम में ले लूंगा। देखना जनता को मूर्ख बनाने में मैं कोई कमी नहीं छोडूंगा। दरअसल सामने वाले ने खुलकरनोट बांटे थे और मैं पार्टी से मिला पैसा बचाने में मारा गया। वैसे शराब का तो मयखाना मैंने भी वोटर के लिए खोल दिया था। लेकिन भाई आजकल नोट के बदले वोट का जमाना है। मंहगाई के मारे वोटरों को नकद चाहिए। वह सब तो ठीक है, लेकिन मध्यावधि में मान लो पार्टी आपको टिकट नहीं दिया तो क्या करोगे? मैंने पूछा तो वे हौंसले से बोले निर्दलीय लड़ पडूंगा। आजकल निर्दलियों की भी चांदी है। आयडिया तो बुरा नहीं है बलराम जी। लेकिन चुनावजीतना जरूरी है, इस तरह माल मारने के लिए। मैंने कहा तो वे उछल पड़े, चिंता मत करो शर्मा। खजाना खोल दूंगा। अभी मैंजो रो रहा था न, वे घड़ियाली आंसू थे। चिंता की बात नहीं है, देखना मध्यवधि में मैं क्या गुल खिलाता हूँ। यह कहकर वे चल दिये। मैंने राहत की सांस ली कि आयी बला टली। नेता का दिल वाकई बहुतपक्का होता है। वह रोता भी है तो उसका कोई मकसद होताहै।



पूरन सरमा

**विचार**

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

–ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

–संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

–जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।

–चाणक्य.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

–फ्रेंकलिन.

## आप की बात

### पाकिस्तान का युद्धोन्माद

पाकिस्तान सुधरने वाला देश नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर में ध्वस्त आतंकी ठिकानों को वह फिर से खड़ा कर रहा है। यह एक तरह से भारत को चुनौती है। दरअसल पाकिस्तान की सेना भारत से तनाव बनाये रखना चाहती है ताकि उसकी सत्ता चलती रहे। पाकिस्तान अपनों के ही लूट खसोट का शिकार है और आज दाने-दाने को मोहताज हो गया है। पाकिस्तान इसका सबसे माकूल उदाहरण है।

1947 में जब आजादी के साथ भारत से अलग होकर पाकिस्तान बना था तब पाकिस्तान भारत वह हिस्सा था जो अपेक्षाकृत अधिक विकसित हुआ करता था। आर्थिक विकास, मानव विकास, रोजगार आदि अनेक दृष्टि से पाकिस्तान भारत से आगे था। लेकिन जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरानों ने भारत के खिलाफ युद्ध, आतंकवाद और विवाद की नीति अपनायी, उसके कारण पाकिस्तान धीरे-धीरे बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। 1972 के युद्ध में पाकिस्तान के दो खंड हो गये। पाकिस्ताान अपने देश का आधा हिस्सा गंवा बैठ, लेकिन कश्मीर के एक टुकड़े के लिए जिस तरह वह वर्षों से भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़े हुए है उससे अब पाकिस्तान जर्जर होने के कगार पर पहुंच गया है। रही-सही कसर चीन के साथ दोस्ती, भ्रष्ट सेना और सियासतदानों ने पूरी कर दी है। आज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतनी अधिक जर्जर हो गयी है कि पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गये हैं। इसके बावजूद आतंकवाद के वित्त पोषण, भारत के खिलाफ उनको उकसाने आदि के मामले कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट में फंस चुका है। जनता दाने-दाने मोहताज है। इसके बावजूद जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरान अपने घरेलू समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय भारत के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं। आतंकियों को प्रश्रय देते हैं, उससे स्पष्ट है कि इनको पाकिस्तान की जनता से लेना देना नहीं है। ये ध्यान भटकाने के लिए ही भारत से तनाव बढ़ाते हैं।

**अवधेश कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

### शिक्षा में सुधारों की पहल

बदलती सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के अनुकूल शिक्षा व्यवस्था में बदलाव जरूरी है ताकि देश के युवा देश की जरूरत के अनुकूल शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में अपना सम्यक योगदान कर सकें। नयी शिक्षा नीति और प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने से शिक्षा में व्यापक सुधार होगा। देश के युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति बदलनी जरूरी है और नौकरी के बजाय उद्यमिता की तरफ आगे बढ़ना चाहिए।

**आदित्य कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## आरक्षी चालक अब्दुल कलाम का निधन

**बहराइच।** थाना जरवल रोड, जनपद बहराइच में नियुक्त आरक्षी चालक श्री अब्दुल कलाम निवासी ग्राम वलिया दक्षिण पोस्ट भागलपुर थाना मईल जिला देवरिया की अचानक तबीयत बिगड़ गई जिन्हें इलाज हेतु तत्काल अस्पताल बहराइच रेफर किया गया। अविलम्ब उनके परिजनों को जरिये दूरभाष उक्त सम्बन्ध में अवगत कराया गया। दुर्भाग्यवश, अस्पताल ले जाते समय मार्ग में ही लगभग 16:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल उच्चाधिकारीगण भी मौके पर पहुँचे। आगे की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरक्षी चालक श्री अब्दुल कलाम का पोस्टमार्टम नियमानुसार कराया गया जिसके उपरांत बहराइच पुलिस द्वारा पूरे सम्मान के साथ उनके पार्थिव शरीर को आज दिनांक 27.07.2025 को पुलिस लाइन बहराइच स्थित पुलिस स्मृति स्थल पर लाया गया, जहाँ पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं समस्त पुलिस परिवार द्वारा उन्हें अंतिम विदाई दी गयी। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके कर्तव्यनिष्ठ जीवन एवं सेवाभाव को याद किया।

# रामनगरी में अभेद्य सुरक्षा, चप्पे-चप्पे पर नजर

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला प्रसिद्ध झूला मेला 27 जुलाई से 9 अगस्त तक धूमधाम से मनाया जाएगा। हर वर्ष सावन मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया से लेकर पूर्णिमा तक चलने वाला यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है। बल्कि अयोध्या की सांस्कृतिक पहचान और गौरव का प्रतीक भी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेले की सुरक्षा के लिए व्यापक और पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। मणिपर्वत झूला मेले के लिए विशेष रूप से व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसको देखते हुए अयोध्या पुलिस ने एटीएस की भी तैनाती की गई है। पुलिस प्रशासन ने मेले को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए क्षेत्र को 6 जोन और 29 सेक्टरों में विभाजित किया है। प्रत्येक जोन और सेक्टर में पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल, पीएसी, होमगार्ड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा, मेले के दौरान भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो यातायात और भीड़ को नियंत्रित करने में सहायता करेंगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित और सुगम वातावरण प्रदान किया जाए।मेले के दौरान मेडिकल सुविधाओं, स्वच्छता, और पेयजल की भी समुचित व्यवस्था की गई हैं।सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से मेले की निगरानी की जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। मणिपर्वत झूला मेला अयोध्या की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस मेले में दूर-दूर से श्रद्धालु भगवान राम की नगरी में आकर झूला झूलने और मेले का आनंद लेने आते हैं। मेले में रंग-बिरंगे झूले, दुकानें, और सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार, मणिपर्वत वह स्थल है, जहां भगवान श्रीराम के समय माता सीता सावन में झूला झूलती थीं। यह पर्वत लंका से लौटते समय हनुमान जी द्वारा लाए गए संजीवनी पर्वत का एक अंश माना जाता है, जो धरती पर गिर गया था। इसी स्थल पर आज का प्रसिद्ध मणिपर्वत मंदिर स्थित है। अयोध्या में झूला झूलने की यह परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। इस उत्सव का उल्लेख स्थानीय जनश्रुतियों, संत साहित्य और रामकथा से जुड़े वर्णनों में मिलता है। सावन के महीने में झूले पड़ना उत्तर भारत की लोक परंपरा रही है, लेकिन अयोध्या में यह परंपरा भगवान श्रीराम और माता सीता की झूला लीला के रूप में विशेष श्रद्धा से मनाई जाती है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी अयोध्या) डॉ. गौरव ग्रोवर ने कहा है कि मेला क्षेत्र में 24 घंटे पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और मेला पूर्णतः शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। एसएसपी ने बताया कि मेले में हर संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेला क्षेत्र को 6 जोन और 29 सेक्टरों में विभाजित किया गया है।

- 6 जोन, 29 सेक्टर, मणिपर्वत में दिखा सुरक्षा घेरा, 9 अगस्त तक रहेगा सुरक्षा पहरा



## मणिपर्वत पर सिया-संग झूले श्रीराम

**अयोध्या।** सावन शुक्ल तृतीया के पावन अवसर पर रविवार को रामनगरी अयोध्या में आस्था, भक्ति और उल्लास का भव्य संगम देखने को मिला। झूलनोत्सव की परंपरा के अंतर्गत अयोध्या के सैकड़ों प्रमुख मंदिरों से भगवान श्रीराम व माता सीता की शोभायात्राएं निकाली गईं, जो गाजे-बाजे, भजन-कीर्तन और भक्तों की जयकारों के बीच मणिपर्वत पहुँचीं। दोपहर बाद कनक भवन, श्रीरामवल्लभाकुंज, दशरथ महल, हनुमत निवास, मणिराम दास छावनी सहित अन्य मंदिरों से सजीधजी पालकियों में भगवान के स्वरूपों को झांकी के रूप में रवाना किया गया। मणिपर्वत पर विशेष रूप से वृक्षों की डालियों पर झूले सजाए गए थे, जहां भगवान श्रीराम माता सीता के संग झूले पर विराजमान हुए। झूला दर्शन के दौरान मणिपर्वत परिसर भक्ति और श्रद्धा के माहौल से सराबोर रहा। संतों और श्रद्धालुओं के समूहों ने भजन-कीर्तन, नृत्य और वादन के माध्यम से आयोजन में भक्तिरस घोल दिया। भगवान के दर्शन हेतु हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सभी शोभायात्राएं पुनः अपने-अपने मंदिरों को लौट गईं। इस के साथ अयोध्या के करीब 1000 मंदिरों में 12 दिवसीय झूला उत्सव का विधिवत शुभारंभ हो गया है, जो सावन पूर्णिमा, रक्षाबंधन (9 अगस्त) तक चलेगा।



## परमहंस को मिले भारत रत्न: हिंदू महासभा

**अयोध्या।** राम मंदिर आंदोलन के शलाका पुरुष परमहंस रामचंद्र दास जी महाराज की 22वीं पुण्यतिथि के अवसर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय द्वारा दिगंबर अखाड़ा स्थित उनकी प्रतिमा पर तथा सरयू तट स्थित है उनकी समाधि स्थल पहुंच कर पुष्पांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय ने परमहंस की व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम मंदिर आंदोलन में उनकी अविस्मरणीय भूमिका को देखते हुए भारत सरकार उन्हें भारत रत्न उपाधि से सम्मानित करें।

श्री पांडेय ने कहा कि अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाई जाने की आवश्यकता है ना कि पर्यटन नगरी, अयोध्या में कोई सरयू के तट पर अश्लील नृत्य करता हुआ दिखलाइए पड़ता है, कोई लता चौक पर अश्लील नृत्य करता है तो कोई कांवर यात्रा में अश्लील नृत्य करता हुआ दिखलाई पड़ता है, अयोध्या में यह अश्लीलता बर्दाश्त नहीं होगी, प्रदेश के यशस्वी मंदिर तक मांस, मदिरा ,और अंडे की दुकान खुले आम अयोध्या की मयार्दा को भंग करके यहां पापाचार ,अनाचार, और अधर्म को बढ़ाया जा रहा है।

## परीक्षा केंद्रों का डीएम ने किया निरीक्षण



**बहराइच।** जनपद के 22 शिक्षण संस्थाओं में स्थापित किये गये 23 परीक्षा केन्द्रों पर उ.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी के पदों पर भती हेतु 27 जुलाई 2025 को एक पाली में पूर्वान्ह 09:30 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक सम्पन्न होने वाली लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी सहित जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारी भ्रमणशील रहे। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने परीक्षा केंद्र चैधरी सियाराम इंटर कालेज फखरपुर, स्व. ठाकुर हुकुम सिंह इंटर कालेज कैंसरगंज तथा पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने प्रातःकाल में कोषागार पहुंच कर प्रश्नपत्रों को परीक्षा केन्द्र भेजने की प्रक्रिया का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# अयोध्या नगरी को सोलर सिटी बनाने का अभियान तेज

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या नगरी को सोलर सिटी बनाने का अभियान तेजी से दौड़ रहा है। इसी कड़ी में स्काई लाइट सोलर पावर ने अयोध्या में अपने नए प्रतिष्ठान की शुरूआत की है।

- स्काई लाइट सोलर पावर के कार्यालय का पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने किया उद्घाटन



जिसका उद्घाटन बीजेपी के पूर्व अयोध्या सांसद लल्लू सिंह और यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी पीएन पाण्डेय व वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता सईद खान ने फीता काट कर किया। सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या को बीजेपी सरकार सोलर सिटी बनाने की मुहिम में जुटी है। हर घर सोलर अभियान के तहत अपने घरों की छतों पर सोलर लगाने वाले लोगो को केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार भारी सब्सिडी मुहैय्या करा रही है। ऐसे में मात्र बीते 4 महीने में स्काई लाइट सोलर पावर ने अयोध्या में सौ घरों में सोलर स्थापित करके एक अलग पहचान बना ली है। साथ ही ज्यादातर लोगो को सब्सिडी भी मुहैय्या करा दी है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लल्लू सिंह का कहना है कि अयोध्या नगरी को देश की सर्वश्रेष्ठ नगरी बनाने के लिए भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार इन दिनों काफी प्रयासरत है। उन्होंने इस मौके पर लोगो से अपने घरों पर सब्सिडी वाला सोलर लगाने का आग्रह भी किया। जिससे न सिर्फ आपका बिजली का बिल कम होगा ,बल्कि कहीं न कही देश को ग्रीन एनर्जी के तौर पर विकसित करने में भी एक अहम भूमिका होगी।

इस दौरान स्काई लाइट सोलर पावर के एमडी अबुल बशर खान का कहना था कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए अब किसी को भटकना नही पड़ेगा। अयोध्या स्थित स्काई लाइट सोलर पावर अपने उपभोक्ताओं को रजिस्ट्रेशन से लेकर सोलर स्थापित करने और सब्सिडी दिलाने तक का भरोसा दिलाता है। इस मौके पर महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी , बीजेपी जिला अध्यक्ष संजीव सिंह , बीजेपी निवर्तमान अध्यक्ष अवधेश पांडे बादल, पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, डिप्पुल पांडेय, करुणाकर पांडेय , शिक्षक संघ नेता विश्वनाथ सिंह, अपना दल नेता प्रमोद सिंह, डा0 अफरोज खान,व्यवसायी महेश कपूर, साथी संस्थान के अमित सिंह, समाजसेवी बंटी सिंह, कांग्रेस नेता करन त्रिपाठी आदि सैकड़ो लोगो ने प्रतिष्ठान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## बिना पंजीयन व ओवरलोड़ मिलने पर पीटीओ ने किये 5 वाहन सीज



**बाराबंकी।** बिना फिटनेस, बगैर पंजीयन समेत सड़क हादसों को रोकने के लिए ओवरलोडिंग कर फरार्टा भरने वाले वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दौरान बिना फिटनेस, ओवरलोड़ बिना पंजीयन के वाहनो के विरुद्ध जुमार्ना करते हुये चालान किये गये। इस सम्बन्ध में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि बिना पंजीयन, फिटनेस, ओवरलोड़ वाहनो के खिलाफ प्रवर्तन टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने बिना पंजीयन व ओवरलोड़ मिलने पर 5 वाहनो को थानो मे निरुद्ध किया।

## सात स्थानों पर चाणक्य परिषद मनायेगा श्रावणी पर्व

**अयोध्या।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद पूरा ब्लॉक की बैठक भगवान सूर्य के मंदिर सूर्यकुंड दर्शन नगर में पूरा ब्लॉक संरक्षक रामचरित पांडे के अध्यक्षता में व ब्लॉक उपाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद दुबे के संचालन में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम मंगलाचरण सूर्य प्रकाश पांडे उर्फ मुंशी ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि पंडित के कृपा निधान तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि श्रावणी उपाकर्म दुजातियों, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, तीनों को करना चाहिए, विशेषकर ब्राह्मणों के लिए आवश्यक है। श्रावणी उपाकर्म करने से ज्ञाता ज्ञात सारे पापों का नाश हो जाता है, तथा आत्मा निर्मल हो जाती है। श्रावणी उपक्रम अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट द्वारा जिले में सात स्थानों पर मनाई जाएगी। श्री सूरजकुंड दर्शन नगर ,श्री भरत कुंड नंदीग्राम, पाराशर ऋषि आश्रम पौसरा मया, ढेमवा घाट सोहावल, श्री हनुमान मंदिर खपड़ाडीह हैदरगंज तारुन, आदि, स्थानो पर 9 जुलाई सुबह 8:00 बजे वैदिक विद्वानों द्वारा दशविध स्नान संध्योपासन, देव तर्पण, ऋषितर्पण, पिता तर्पण, के साथ सप्त ऋषियों का पूजन यज्ञोपवीत का पूजन विधि विधान से संपन्न होगा। उसी दिन की पूजित हुई यज्ञोपवीत दुजातियों को पहनना चाहिए। बैठक को सुरेंद्र मिश्र रामनयन पाठक करुणा निधान तिवारी रामकृष्ण तिवारी दिलीप तिवारी उर्फ दीपू देवेंद्र पांडे राजन पांडे आदि ने संबोधित किया। बैठक में सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# आप ने चलाया स्कूल बचाओ अभियान

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के मुद्दे पर योगी सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने ब्लाक मसौली के ग्राम पंचायत मदारपुर के प्राथमिक विद्यालय पर ह्लढपोरशंखों को जगाओ शंख बजाओ, स्कूल बचाओ अभियान के अन्तर्गत विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान आप जिलाध्यक्ष जुगराज सिंह ने कहा कि योगी सरकार 27000 शराब की दुकाने खोलकर 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने जा रही है। आम आदमी पार्टी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी।

- कार्यकर्ताओं ने सरकारी स्कूलों को बंद करने के खिलाफ किया प्रदर्शन



इसलिए आप प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह के आवाहन पर योगी सरकार के इस तुगलकी फरमान के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष करने उतर आई है। आम आदमी पार्टी इसके लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। इस अनोखे अभियान के तहत आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षक, अभिभावक और बच्चों ने, जिले के बंद किए गए सरकारी प्राथमिक विद्यालय मदारपुर पर जाकर शंख और थाली बजाकर इस ह्लढपोरशंख सरकारह्न को जगाने का प्रतीकात्मक प्रयास किया।

जिलाध्यक्ष ने आगे बताया कि उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उन स्कूलों को बंद करने की प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है। जिन पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। लेकिन यह केवल आंशिक राहत है। यदि जनता की आवाज नहीं उठी तो सरकार दोबारा इन्हें बंद करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी 2 अगस्त को लखनऊ के इको गार्डन में ऐतिहासिक ह्लस्कूल बचाओ आंदोलनह्न करेगी। जिसके लिये पार्टी द्वारा जारी नंबर 7500040004 पर मिस्ड कॉल कर क्रांति का हिस्सा बन बच्चों के स्कूल वापस दिलाये जाये। प्रदर्शन के दौरान आकाश वर्मा, नन्हे राम यादव, लव कुश यादव, सौरभ वर्मा आदि मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यालय पर कारगिल विजय दिवस मनाया गया

**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी के जिला बृजेश पांडे के अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर कारगिल विजय दिवस पर एक संगोष्ठी करके मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष (अवध) आदरणीय कमलेश मिश्र जी रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री नन्हेंलाल लोधी ने किया व कार्यक्रम का समापन भाषण जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए किया। मुख्य अतिथि के द्वारा शहीद उद्यान में शहीद शिलापट्ट पर पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया। व सरदार वल्लभभाई पटेल व पंडित भगवान दिन मिश्र व भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। तथा उद्यान परिसर में वृक्षारोपण करके भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पंडित दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण मुख्य अतिथि ने किया। व जिला अध्यक्ष व जिला पदाधिकारी द्वारा पुष्पांजलि अर्पण किया गया। तत्पश्चात जिला मंत्री भाजपा डॉक्टर डिंपल जैन व हेमा निगम व रंजीता श्रीवास्तव के द्वारा वंदे मातरम गीत उपस्थित सभी लोगों के साथ प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि युद्ध 3मई को भारत के जम्मू कश्मीर के कारगिल जिले से शुरू हुआ और 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ था। कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के जवानों ने पाकिस्तान सेना के छक्के छुड़ा दिए थे और उन्हें भागने पर मजबूर कर दिया था। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताव पूर्व कैबिनेट मुकुट बिहारी वर्मा ने भी संबोधित करते हुए कारगिल युद्ध के विषय में विस्तृत जानकारी उपस्थित





कार्यकताओं को दिया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश को अस्थिर करने का बार-बार कुत्सित प्रयास किया गया। चाहे वह 1965 या 1971 या फिर कारगिल पर आक्रमण करके किया। लेकिन हमारे वीर जवानों ने हर परिस्थिति का जमकर सामना किया कारगिल युद्ध में काम से कम 527 जवानों ने अपना बलिदान देकर विजय प्राप्त किया। आज शाहिद बलिकरन जी के पुत्र सुनील सिंह कैसरगंज तहसील गांव त्रिपोलिया निवासी को माला व अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। एवं अरुण कुमार त्रिपाठी निवासी रोहिणी भारी पयागपुर के भाई अशोक त्रिपाठी को पुष्प माला व अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह उमाशंकर तिवारी राहुल राय सुषमा चौधरी महामंत्री डॉक्टर जितेंद्र पार्टी नन्हेंलाल लोधी मनीष आर्य राघवेंद्र प्रताप सिंह जिला मंत्री सुनील श्रीवास्तव संजय रावमंदीप वलिया सभी मंडल अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख जिला पंचायत सदस्य गण सभासद गण सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## व्यापारियो ने किया प्रदर्शन कैबिनेट मंत्री के इस्तीफे की उठी मांग



**टिकैतनगर, बाराबंकी।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री द्वारा वैश्य समाज एवं व्यापारी वर्ग को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुये पैदल मार्च निकाल नारेबाजी करते हुए मंत्री के इस्तीफे की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला महामंत्री राजेश शर्मा फक्कड़ ने कहा कि मंत्री पद पर बैठे व्यक्ति से ऐसी अमर्यादित भाषा की उम्मीद नहीं की जा सकती। व्यापारी समाज इसका कड़ा विरोध करता है। और जब तक मंत्री माफी नहीं मांगते। तब तक विरोध जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान रंजीत वैश्य, ब्रज किशोर सोनी, राजेंद्र सोनी, डॉ0 सियाराम सोनी, ओम प्रकाश शर्मा, मानस सोनी, राहुल गुप्ता, राकेश गुप्ता, याकूब नेता, अंकुर यज्ञ सैनी, राजेंद्र धीरेंद्र शुक्ला, रजत गुप्ता, श्याम बाबू वैश्य आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## ग्रामीण जनता ने प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना



**बहराइच।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात के 124वें एपिसोड का सीधा प्रसारण के 0पी0एस0 इंटर कॉलेज हरिहरपुर के बूथ संख्या 401 पर आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश में उपाध्यक्ष मन की बात के प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक एवं जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे के नेतृत्व में स्थानीय जनमानस की उपस्थिति में सुना गया। प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनने के लिए भारी जनमानस की उपस्थिति ही देश के प्रधान सेवक के प्रति आम जनमानस का उनके प्रति भाव देखने को मिल रहा था महिलाओं की उपस्थिति आज यह दर्शा रही थी कि मोदी जी द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए जो सार्थक प्रयास करके उसे साकार रूप दिया देश के महिलाओं में उसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

मन की बात के लाइव प्रसारण में सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष डॉ0 जितेंद्र त्रिपाठी मन के बात के जिला सहयोजक व जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह नन्हेंलाल लोधी जिला उपाध्यक्ष रण विजय सिंह राहुल राय उमाशंकर तिवारी सुषमा चौधरी जिला मंत्री सुनील श्रीवास्तव डॉक्टर डिंपल जैन हेमा निगम युवा मोर्चा जिला जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा युवा मोर्चा संयोजक अरुडेन्द्र सिंह अंकित महिला मोर्चा जिला संयोजक रंजीता श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष दीप माला चौहान अमित शर्मा नितिन रुपानी सतीश सिंह शिवांकर शुक्ला कर्मवीर सिंह मनदीप सिंह वलिया प्रभात शुक्ला हर नारायण सिंह अजय जायसवाल पुरुषोत्तम कन्हैया सोनी पंकज केवट प्रियंका रावत निशा शर्मा सनी सिंह मुकेश सिंह हरेंद्र विक्रम सिंह राम सिंह चौहान पंकज सिंह सरिता पांडे नंदिनी मिश्रा पूनम अग्रवाल रजनी सक्सेना रीमा श्रीवास्तव दिनेश गुप्ता अखिलेश श्रीवास्तव राजेश सिंह पुनीत गुप्ता आनंद जायसवाल आनंद गुप्ता जयंत सिन्हा स्कंद प्रताप सिंह सहित हजारों की संख्या में कार्य कर्ताओ व स्थानीय ग्रामीण जनता ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना।

# व्यवसाय समीक्षा और रक्षाबंधन को लेकर डाक अधीक्षक किरण सिंह ने की बैठक

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** प्रधान कार्यालय डाकघर मे डाक अधीक्षक किरण सिंह की अध्यक्षता मे व्यवसाय समीक्षा एवं रक्षा बंधन हेतु विशेष पहल को लेकर बैठक हुई। बैठक मे डाक अधीक्षक श्रीमती सिंह ने विभिन्न डाक योजनाओं सुकन्या समृद्धि, आधार आधारित लेनदेन, बचत बैंक खातों

- आमजन को योजनाओ से जोड़ने हेतु जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश
- रक्षाबंधन पर डाक विभाग जारी करेगा एक विशेष राखी वाटरप्रूफ लिफाफा





एवं पीएलआई/आरपीएलआई योजनाओ की प्रगति की समीक्षा करते हुये सम्बधितो को समयबद्ध रुप से पूर्ण करने एंव आमजन को योजनाओ से जोड़ने हेतु जागरुकता अभियान चलाये जाने तथा 10 वर्ष तक की कन्याओं को सुकन्या समृद्धि योजना से जोड़ने हेतु गाव-गाव में घूमकर तथा कैम्प लगाकर निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक मे आगामी रक्षाबन्धन को लेकर डाक अधीक्षक श्रीमती सिंह ने बताया कि इस वर्ष रक्षा बंधन पर डाक विभाग द्वारा एक विशेष राखी लिफाफा जारी किया गया है। यह विशेष लिफाफा वाटरप्रूफ एवं टिकाऊ सामग्री से निर्मित है। जिससे राखियों सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुँच सकेंगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया है कि राखियाँ पर्व से पूर्व ही संबंधित पते पर पहुँच जाएँ। जिसको लेकर डाक कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में सहायक डाक अधीक्षक मो0 मोहिसन, डाक निरीक्षक हैदरगढ़ कपिल वर्मा, पोस्टमास्टर प्रधान डाकघर, डाक जीवन बीमा अधिकारी, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव समेत समस्त उपडाकपाल मौजूद रहे।

## प्रभातनगर-अलीगंज मार्ग निर्माण के लिए दर्जनों ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** प्रभातनगर से अलीगंज मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं सम्मानित ग्रामीणों ने मिल्कीपुर विधायक चन्द्रभान पासवान से भेंट कर हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा। विधायक श्री पासवान ने शीघ्र ही कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अशोक तिवारी अध्यक्ष प्रधान संघ हैरिंग्टनगंज, मनीष पाण्डेय, लल्लन दूवे, राजवती यादव, शिवकुमार पासवान, मन्तराम, जानकी यादव, संदीप कोरी, शरद तिवारी, राहुल दूवे, प्रेमचन्द्र चैहान, रमेश चैहान, एडवोकेट विवेक पाण्डेय, एडवोकेट पुष्कर मिश्रा, संजय गुप्ता ( अध्यक्ष व्यापार मंडल ), एडवोकेट मुख्तार खान, राकेश विश्वकर्मा, रमेश तिवारी, केशव, अजीत सेन, अमरेन्द्र यादव, माधव पाण्डेय, कृष्ण कुमार तिवारी, सतीश भोजवाल सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी एवं व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

संक्षेप

## 289 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**लालगंज, रायबरेली।** लोक सेवा आयोग से आयोजित समीक्षा अधिकारी परीक्षा बैसवारा डिग्री कालेज में सकुशल सम्पन्न हुई। इस परीक्षा केंद्र में 480 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें मात्र 191 परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा दी। प्राचार्य डा. निरंजन राय ने बताया कि 289 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। श्री राय ने कहा कि प्रशासनिक सहयोग से आर ओ/एआर ओ परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई है।

## आल्हा गायन सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता



**सुलतानपुर।** देवी दुर्गा धाम, पिलाई कोट देवनगर में श्रावण मास के तीसरे रविवार को भव्य आल्हा समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय आल्हा सम्राट फौजदार सिंह ने अपने अवधी अंदाज में वीर रस से ओतप्रोत प्रसिद्ध आल्हा प्रसंग ₹बाप का बदला₹ और ₹मांडवगढ़ की लड़ाई₹ का जीवंत वर्णन प्रस्तुत किया। उनकी ओजस्वी वाणी, चुटीला अंदाज और दमदार प्रस्तुतिकरण ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भीषण बारिश के बावजूद श्रद्धालु मंदिर परिसर के बाहर भीगते हुए डटे रहे और पूरे उत्साह से वीर गाथाओं का आनंद लिया। कार्यक्रम के समापन पर कन्हाई समिति पिलाई कोट के अध्यक्ष बाबू सुरेश प्रताप सिंह ने सभी आगंतुकों और श्रोताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने का एक प्रयास है। अगली बार भी इसी तरह श्रद्धा और जोश से जुटने की अपेक्षा है। इस सांस्कृतिक आयोजन में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जिससे यह आयोजन क्षेत्रीय एकता और लोक परंपरा के सम्मान का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मनोज प्रभाकर सिंह, मीडिया प्रभारी कन्हाई समिति ने किया। यह आयोजन न केवल भक्तिभाव से भरा रहा, बल्कि लोक संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल भी साबित हुआ।

## मुफ्त चिकित्सा शिविर में सैकड़ों मरीजों का हुआ इलाज

**सुलतानपुर।** लखनऊ के हरदोई रोड स्थित हिजा हॉस्पिटल ने एक बार फिर समाज सेवा में अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। रविवार को सुलतानपुर के मनियारपुर गांव में कर्बला के शहीदों की याद में आयोजित जुलूस के मौके पर अस्पताल की ओर से एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर, आंखों की जांच सहित सामान्य बीमारियों की जांच की गई और मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में डॉ. असद अब्बास, डॉ. दानिश मिर्जा, डॉ. मोहम्मद नईम और ऑप्टोमेट्रिस्ट हसनैन हैदर समेत अस्पताल की मेडिकल टीम ने सेवाएं दीं। हिजा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. एसके रजा ने बताया, ₹हमारा मकसद केवल इलाज तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है।

# गोलाघाट से पयागीपुर तक रोशन होगी सड़क



**सुलतानपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर को भव्य और आकर्षक स्वरूप देने के अभियान के तहत रविवार को दरियापुर ओवरब्रिज से पयागीपुर चौराहे तक सड़क के मध्य बने डिवाइडर पर आधुनिक विद्युत पोल लगाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने विधिवत पूजन-अर्चन कर कार्य का उद्घाटन किया। इस परियोजना के अंतर्गत डिवाइडर पर डिजाइनर ब्रैकेट युक्त 47 आक्टागोनल पोल लगाए जा रहे हैं, जिन पर दोनों ओर 120 वॉट की एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। साथ ही, प्रत्येक पोल को आकर्षक तिरंगा एलईडी स्ट्रिप लाइटों से सजाया जाएगा। यह कार्य 15वें वित्त आयोग की मद से लगभग 47 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि पहले गोलाघाट से बस स्टेशन, कलेक्ट्रेट, शाहगंज चौराहा व दरियापुर फ्लाईओवर तक इस प्रकार की लाइटें लगाई जा चुकी हैं। अब इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए पयागीपुर तक का क्षेत्र भी पूरी तरह से प्रकाशित होगा। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए नगर की सभी खराब स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त की जाएंगी और नई एलईडी लाइटें भी लगाई जाएंगी। इस मौके पर स्थानीय सभासदों, भाजपा पदाधिकारियों, नगर के गणमान्य नागरिकों और विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रही। पालिकाध्यक्ष ने आगे बताया कि अगले चरण में बस स्टेशन से अमहट तक भी लाइटें लगाकर नगर को और अधिक आकर्षक बनाया जाएगा।

## मारपीट में दो महिला समेत तीन घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के बनकेगांव फु टेहरी के रामकृष्ण की विपक्षियों से पुरानी राजेश चल रही थी। आरोप है कि शनिवार को रात लगभग साढ़े आठ बजे विपक्षी उनके घर पर आए। गाली गलौज देते हुए लाठी डंडा एवं चाकू से हमला बोल दिया। जिससे रामकृष्ण उनकी मां शोभावती एवं पत्नी शारदा को काफी चोट आई। वह तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पीड़ित रामकृष्ण की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राजमणि, अमित कुमार एवं राममूरत के विरुद्ध नाम जद केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रोटरी क्लब सुल्तानपुर का 55वां अधिष्ठापन समारोह संपन्न

**सुलतानपुर।** रोटरी क्लब सुलतानपुर का 55वां अधिष्ठापन समारोह होटल गार्डन व्यू में गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंडलाध्यक्ष रोटेरियन के.के. श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि सह मंडलाध्यक्ष रो. नीरव पांडेय रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन व राष्ट्रगान के साथ हुई। मुख्य अतिथि श्री श्रीवास्तव ने रोटरी क्लब के समाज सेवा में योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सुलतानपुर में रोटरी ने सेवा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया है। पूर्व अध्यक्ष रो. संजय केसरवानी ने क्लब की उपलब्धियों को रेखांकित किया, वहीं रो. विजय सेठ ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष रो. अखिल अग्रवाल एवं सचिव रो. डॉ. अभिषेक पांडेय को शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान ₹नो प्लास्टिक अभियान₹ के तहत पर्यावरण अनुकूल बैग का अनावरण किया गया, जिसे आमजन में निःशुल्क वितरित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य प्लास्टिक के प्रयोग को कम कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। नए अध्यक्ष रो. अखिल अग्रवाल ने आगामी वर्ष की योजनाएं साझा कीं। दो नए कपल सदस्य प्रमोद-नेहा मिश्र एवं अंकित-आकांक्षा श्रीवास्तव को क्लब में शामिल किया गया। कार्यक्रम का संचालन रो. साक्षी पांडेय एवं रो. तनु टंडन ने किया। समारोह में पूर्व पदाधिकारी, रोटेरियन, सीएमएस डॉ. आर.के. मिश्रा सहित अन्य चिकित्सक व सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे।

## साक्षी हैंडबॉल खिलाड़ी के रूप में चयनित

**सुल्तानपुर।** जिले की हैंडबॉल खिलाड़ी साक्षी का चयन खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय महिला प्रतियोगिता में हुआ है। इनके पिता अशोक कुमार जिले के फायर स्टेशन में कार्यरत हैं। साक्षी यहीं रहकर पढ़ाई के साथ पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में नियमित अभ्यास भी करती हैं। स्टेडियम कोच प्रवीण मिश्रा ने बताया कि मंडलीय ट्रायल में चयनित साक्षी 27 से 29 जुलाई को जिला खेल कार्यालय प्रयागराज में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय महिला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। चयन पर क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर, हैंडबॉल संघ कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह, राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाडी आसिफ खान, मुनेंद्र मिश्रा, राजेश कनौजिया, तारिक वसीम, स्टेडियम कोच प्रदीप यादव आदि ने खुशी जताई है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच आरओ/एआरओ की परीक्षा संपन्न , प्रशासन रहा मुस्तैद



**सुलतानपुर।** जिले में रविवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरओ/एआरओ की परीक्षा शांतिपूर्ण शुरू हुई। कुल 15,384 अभ्यर्थियों के लिए जिले में 34 परीक्षा केंद्र बनाए गए, जिन पर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। परीक्षा में कुल 7,654 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 7,730 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। योगी सरकार की सख्ती व पारदर्शिता के संदेश को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। परीक्षा केंद्रों पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में विभागीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी ने पयागीपुर चौराहे की ओर स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा केंद्रों पर मुन्ना भाई जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए मजिस्ट्रेट व पुलिसकर्मी निगरानी कर रहे थे। जिला प्रशासन ने सभी थानाध्यक्षों को अलर्ट मोड पर रखा है। केंद्रों के बाहर भीड़ न जुटने देने के निर्देश दिए गए हैं। सीसीटीवी व निगरानी दलों के जरिए परीक्षा आयोजन पर कड़ी नजर रखी गई। परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन बनाने के लिए जिला प्रशासन की सक्रियता की चारों ओर सराहना हो रही है।

# मन की बात कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायी : सुशील त्रिपाठी

जिला संवाददाता (vol)



**सुलतानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। 124 वें एपिसोड को जिले के 1793 बूथों पर कार्यकताओं द्वारा विभिन्न डिजिटल माध्यम से कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में कई प्रमुख बातों का उल्लेख किया। उन्होंने भारत की उपलब्धियों के बारे में बात की। देश और समाज के विकास में लोगों के योगदान को भी सराहा। मन की बातह्न कार्यक्रम की शुरूआत में प्रधानमंत्री मोदी ने शुभांशु शुक्ला का जिक्र किया।कहा कि शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी पर पूरा देश गर्व से भर गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने नगर के बूथ संख्या 204 लाल डिग्गी पर शक्ति केन्द्र संयोजक निर्भय सिंह के संयोजन में मन की बात कार्यक्रम सुना। उन्होंने कहा पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादाई होता है। पीएम ने कार्यक्रम में विज्ञान, विरासत और विविधता का संदेश देशवासियों को दिया है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल, सतनाम सिंह, देवेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। भाजपा मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बूथ संख्या 286 पर शक्ति केन्द्र संयोजक राजीव सिंह के संयोजन में मन की बात कार्यक्रम सुना। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष सचिन चोपड़ा, विनोद सिंह, मोहित साहू, ज्ञानेश मिश्रा आदि मौजूद रहे। वही जिला उपाध्यक्ष सुनील वर्मा ने बूथ संख्या 347 भाई, आनन्द द्विवेदी बूथ संख्या 120 कादीपुर खुर्द, विवेक सिंह विपिन बूथ संख्या 147 पीढ़ी, राजेश सिंह ने कादीपुर के बूथ संख्या 305, मनोज मौर्या कादीपुर के बूथ संख्या 346, अशोक सिंह बूथ संख्या 345 धम्मौर, प्रदीप शुक्ला इसौली में बूथ संख्या 177 पर मन की बात कार्यक्रम सुना। इसी तरह जिले के 1793 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सुना गया।

# शिव आराधना का प्रमुख केंद्र है बैसवारा

- लोक कल्याण और आत्मकल्याण की भावना के साथ घर-घर हो रही शिव स्तुति



**लालगंज, रायबरेली।** बैसवारा क्षेत्र में सावन को पर्व की तरह मनाकर शिव आराधना होती है। समूचे क्षेत्र में षिव एवं षाक्य परंम्परा के पोषकों की बहुलता होने के कारण समूचे सावन माह जन-जन षिव आराधना में लीन होता है। क्षेत्र में गांव-गांव स्थापित नगण्य षिवालय इस बात के प्रमाण है। समूचे क्षेत्र में शिवालयों की संख्या अन्य जनपदों के मुकाबले काफी अधिक है। प्राचीन एवं नवीन षिवालयों में आज भी जलाभिषेक, बिल्व पत्र अर्पण एवं रूद्राभिषेक की परंम्परा जीवंत है। षिव आराधना के जरिये शिव भक्ति लोगों में सन्निहित है। लोगों का मानना है कि भगवान षिव की भक्ति करने से न केवल अत्मिक शांति मिलती है बल्कि सुख और समृद्धि भी जीवन में आती है। वहीं मनोकामनाओं की भी शिव आराधकों की पूर्ति होती है। लोगों ने बताया कि क्षेत्र का बेंहटाकलां एक ऐसा भी गांव है जिसे छोटी काषी के रूप में जाना जाता है। इस ग्राम पंचायत में छोटे बड़े मिलाकर तीन दर्जन शिवालय मौजूद है। वही पतित पावनी मां गंगा के तट पर स्थित गेंगांसो में मुण्ड मालेष्वर मंदिर, त्रयम्बकेष्वर मंदिर में कांवड़ियों की भीड़ षोभायमान हो रही है। गंगा जल से शिवलिंगों का अभिषेक करने के बाद षिवभक्त ऐहार स्थित बाबा बाल्हेश्वर मंदिर एवं बाराबंकी जनपद में स्थित बाबा लोधेश्वर महराज के जलाभिषेक के लिये शिवभक्त कांवड लेकर निकल रहे है। गहिरेष्वर मंदिर एवं सरेनी में सोहलेश्वर मंदिर में समूचे सावन माह षिव आराधना के लिये भक्तो की भारी भीड़ पहुंचती है। भगवान शिव के उपासकों की यहां सर्वाधिक संख्या होने के कारण मंदिरों में न पहुंच पाने वाले षिवभक्त अपने घरों में ही षिव आराधना व जल, दुग्ध से शिवलिंग का अभिषेक कर आषीर्वाद प्राप्त कर रहे है। कुल मिलाकर घर-घर शिव आराधना में लोग लगे है। लोक कल्याण एवं आत्म कल्याण की भावना को लेकर षिव स्तुति हो रही है।

## शिक्षक के हाई स्कूल प्रमाण पत्र में जन्मतिथि में गड़बड़ी का मामला उजागर, जांच शुरू

**कादीपुर, सुलतानपुर।** प्राथमिक विद्यालय हरिशचंद्रपुर में तैनात सहायक अध्यापक गंगाराम पर फर्जी जन्मतिथि के आधार पर नौकरी करने का आरोप सामने आया है। मामले में विभागीय जांच शुरू हो गई है। अंबेडकर नगर जिले के सलाहुद्दीनपुर निवासी राज नारायण ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर गंगाराम के विरुद्ध शिकायत की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि शिक्षक ने हाई स्कूल के प्रमाण पत्र में जन्मतिथि में हेरफेर कर नौकरी प्राप्त की है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्त ने जांच का जिम्मा खंड शिक्षा अधिकारी कादीपुर पूजा पाठक को सौंपा। जांच के दौरान यह सामने आया कि गंगाराम ने बाबा बरुआ दास इंटर कॉलेज परुईया आश्रम से वर्ष 2003-04 में हाई स्कूल की परीक्षा दी थी, जिसमें वह फेल हो गए थे। इस अंकपत्र में उनकी जन्मतिथि 5 जुलाई 1990 दर्ज है। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2004-05 में फिर से परीक्षा दी और पास हो गए। पास होने के प्रमाण पत्र में उनकी जन्मतिथि 5 जुलाई 1988 अंकित है। दोनों प्रमाणपत्रों में जन्मतिथि में अंतर पाया गया है, जो गंभीर अनियमितता को दशार्ता है। खंड शिक्षा अधिकारी पूजा पाठक ने पुष्टि की कि जन्मतिथि में अंतर की जांच पूरी कर रिपोर्ट बीएसए को सौंप दी गई है।

### मां गोमती की पीड़ा अब असहनीय : शालिनी कसौधन

**सुलतानपुर।** मां गोमती स्वच्छता मिशन के तहत हर रविवार को होने वाले साप्ताहिक श्रमदान में इस बार महिला शक्ति की भागीदारी देखने को मिली। रविवार को गोमती मित्र मंडल द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान का नेतृत्व महिला मंडल की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी कसौधन ने किया। कसौधन ने कहा कि मां गोमती की पीड़ा अब असहनीय हो चली है, और अब समय है कि हर महिला घर से निकलकर मां गोमती के लिए आंचल फैलाकर जागरूकता की याचना करे।

## सीएमओ ने किया आरोग्य मेले का निरीक्षण अनुपस्थित कर्मियों पर होगी कार्रवाई



**मुसाफिरखाना, अमेठी ।** रविवार मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण किया , डॉ नीरज गौतम 2 जुलाई से एवं छअराम आधार राव 21 मई से आज तक अनुपस्थित है , मेले में 37 मरीज देखे गए और 12 लोंगो की जांच की गई । मुख्य चिकित्सा अधिकारी उस्मान सिंह ने बताया कि अनुपस्थित दो कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उपस्थित कर्मियों ने मिले के सफल आयोजन में अच्छी भूमिका निभाई तथा आए हुए मरीजों का इलाज जांच किया गया ।सीएमओ ने पूर्व की तरह रविवार को भी बताया की कर्मचारी शासन की मनसा के अनुरूप खरे उतरे अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी मेले में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी स्वास्थ्य मेले से दूर दराज के मरीजों को लाभ मिल रहा है लिहाजा अपनी ड्यूटी में लापरवाही ना करें जिससे लोगों का समुचित इलाज और जांच हो सके। रविवार को पी एच सी कैंपस में हरी शंकरी पीपल + बरगद +पाकड़ का बृक्षा रोपड़ किया, पेड़ों के संरक्षण संवर्धन के लिए उन्होंने कर्मचारियों को जरूरी निर्देश देते हुए बताया कि पेड़ लगाए और उनकी सुरक्षा भी करें।

## दारोगा कर रहा विपक्षी की मदद, दलित महिला ने मुख्यमंत्री से की न्याय की गुहार

**अमेठी।** कोतवाली अन्तर्गत बालीपुर डुहिया गांव में मारपीट और उत्पीड़न के एक मामले में पीपरपुर थाने की पुलिस भेदभावपूर्ण कार्यवाही कर रही है। पीड़ित पक्ष ने डी एम और मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार की है। मारपीट की घटना एक जुलाई को हुई थी। एक पक्षीय कार्रवाई में लगी पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर एक जुलाई को रिपोर्ट दर्ज की थी। पीड़ित पिंकी कोरी ने बताया कि डी एम के आदेश के बाद भी उसके घर के पास से घूर और गंदगी को नहीं हटाया गया है। ग्राम प्रधान और विपक्षी कैलाश यादव की मिली भगत से उसके साथ बराबर भेदभावपूर्ण कार्रवाई में लगी हुई है। आरोप है कि दरोगा संकठा प्रसाद मौर्य विपक्षी से मिले हुए हैं और मुकदमे में उसके विरुद्ध पैरवी कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में दरोगा संकठा प्रसाद मौर्य से पूछने पर उन्होंने कहा कि घूर एस एच ओ ने खुद जाकर हटवा दिया है। कैलाश मुकदमे में वादी है इसलिए उसको साथ लेकर मेडिकल रिपोर्ट लेने गया था।

## गायत्री की स्तुति करने से आयु, प्राण शक्ति कीर्ति,धन और ब्रह्म तेज की होती है प्राप्ति

**अमेठी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में चल रहे चालीस दिवसीय जप अनुष्ठान में रविवार को बड़ी संख्या में साधकों ने पहुंचकर मंत्र जप किया। ब्रह्म मुहूर्त में पहुंचे साधकों ने शक्तिपीठ पर नित्य प्रति होने वाली हवन पूजन में भी भाग लिया। गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में चल रहे चालीस दिवसीय अनुष्ठान के अठारहवें दिन सुबह पहुंचे ज्यादातर साधकों ने गायत्री शक्तिपीठ में चलने वाली दैनिक यज्ञ में भाग लेकर विश्व कल्याण की कामना की। रविवार को सुबह से ही गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति होने लगी। रविवार को को गायत्री शक्तिपीठ अमेठी पहुंचे गायत्री परिवार के अशोक शर्मा ने बताया कि अथर्ववेद में कहा गया है महाशक्ति गायत्री की स्तुति करते हुए साधक को आयु,प्राण, शक्ति, कीर्ति,धन, और ब्रह्म तेज की प्राप्ति होती है। इसलिए गायत्री का जप, गायत्री की उपासना सबके लिए सरल, श्रेष्ठ व उपयोगी है। मंत्र जप में डा चन्द्रावती सिंह,राणा प्रताप सिंह,ज्ञानेश रस्तोगी , डॉ त्रिवेणी सिंह के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

## तहसील कार्यकारिणी का हुआ गठन सभी पदों पर हुआ मनोनयन



**मुसाफिरखाना, अमेठी।** स्थानीय वन विभाग के निरीक्षण भवन में पत्रकार एसो. के जिलाध्यक्ष रमन पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित पत्रकारों की बैठक में तहसील मुसाफिरखाना की कार्यकारिणी के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया।अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष रमन पांडेय ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न व उपेक्षा कतई बर्दाश्त नहीं होगी । रविवार को मुसाफिरखाना कस्बा स्थित वन विभाग के निरीक्षण भवन में आयोजित पत्रकारों की बैठक में तहसील मुसाफिरखाना की कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से पवन कुमार तिवारी को संरक्षक व प्रदीप सिंह को तहसील अध्यक्ष पद पर चुनाव गया । वही विक्रम सिंह भदौरिया व विजय यादव को उपाध्यक्ष बनाया गया है। आलोक तिवारी व मनोज यादव को संगठन सचिव तो हंसराज सिंह को मीडिया प्रभारी पद पर चुना गया है। विजय सिंह को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ विभिन्न पदों पर चयन किए गए पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष रमन पांडेय ने माला पहना कर बधाई दी।पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रमन पांडेय ने कहा कि पत्रकारिता जोखिम भर रास्ता है जिस पर चल कर समाज में पीड़ित व वंचित समुदाय की आवाज उठाने व उनके हक अधिकार प्रशासनिक अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर दिलाना उद्देश्य होता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के उत्पीड़न व उपेक्षा की शिकायतें मिलती रहती हैं जिस पर संगठन काम कर रहा है और ऐसे मामलों को लेकर लड़ाई लड़ी जाएगी। पत्रकारों के हित से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में पवन तिवारी प्रदीप सिंह विजय यादव हंसराज सिंह संतोष तिवारी हरिभान सिंह मनोज यादव अजुग पांडेय विजय सिंह हरि प्रसाद यादव राम मिश्र अमित यादव सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## एपीजे अब्दुल कलाम को पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और राष्ट्रीय अभिभावक दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के साथ मिसाइल मैन डॉ अब्दुल कलाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। छात्रा आरोही पाल ने डॉ कलाम के जीवन की संक्षिप्त जानकारी दी और बताया कि वह हमारे देश के ग्यारहवें राष्ट्रपति निर्वाचित हुए, वह जाने माने वैज्ञानिक और अभियंता के रूप में भी विख्यात रहे, डॉ कलाम ने परमाणु परीक्षण में भी अहम भूमिका निभाई। वहीं राष्ट्रीय अभिभावक दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने माता-पिता पर भावनात्मक लेख और स्लोगन लिखे तथा छात्रा एंजेल एवं भव्या ने इस अवसर पर गीत प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि उन्होंने इस देश को बहुत कुछ दिया साथ ही उन्होंने सीखने की ललक एवं ज्ञान प्राप्त कर अपने जीवन को सफल बनाने की शिक्षा देते हुए कहा कि ष्सीखना रचनात्मकता देता है, रचनात्मकता सोच की ओर ले जाती है। चिंतन ज्ञान प्रदान करता है, ज्ञान आपको महान बनता है। श्री प्रजापति ने राष्ट्रीय अभिभावक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता-पिता बच्चों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जन्म से ही वह हमारी रक्षा करते हैं और हमारे आदर्श के रूप में कार्य करते हैं उनकी यह निस्वार्थ सेवा हमें जीवन भर के लिए उनका ऋणी बनाती है, इसलिए हमें जीवन पर्यन्त उनका सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं , विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रामकथा सुनकर भावविभोर हो गये श्रोता

- 29 जुलाई को होगा भव्य भण्डारा



**सलोन, रायबरेली।** प्राचीन बाबा झारखंडेश्वर मंदिर परिसर मटका में भव्य राम संगीतमई राम कथा चली रही है जिसमें सिध्देश्वर आश्रम कालाकांकर प्रतापगढ़ से पधारे आचार्य सौरभ महराज ने शनिवार को राम वन गमन की हदय को झकझोर देने वाली संगीतमई राम कथा सुनाई है। कथा व्यास आचार्य सौरभ महराज ने सुनाया कि जिस समय श्री राम को अयोध्या नरेश राजा दशरथ द्वारा करुणा भरी आवाज में वन जाने कि आज्ञा मिली उस समय राम का चेहरा खुशी से मुस्कुरा उठा था। राम का यह त्याग देखकर कैकेई भी अचंभित रह गई। राम ने कैकेई से कहा था कि मां वनवास मेरे लिए हर प्रकार से श्रेयस्कर रहेगा। इतनी छोटी-सी बात पर मेरे पिता ( अयोध्या नरेश राजा दशरथ ) इतना व्यथित क्यूं है। अयोध्या नगरी से वनवास जाते समय सीता और लक्ष्मण को भी आग्रह पर राम ले जाने के लिए तैयार हो गए जिस समय राम वन के लिए निकले उसी समय राजा दशरथ के आदेश पर मंत्री सुमंत ने रथ लेकर श्री राम को नगर के बाहर तक रथ पर सवार होकर चलने को कहा। रथ पर चढ़ते ही राम लक्ष्मण और सीता ने अयोध्या नगरी को सर झुका कर प्रणाम किया और वन के लिए निकल गये। शनिवार को राम वन गमन की हुई इस कथा को सुनकर श्रोता भावविभोर हो गये।20 जुलाई से शुरू हुई यह राम कथा 28 जुलाई तक चलेगी।29 जुलाई को भव्य भंडारे का भी कार्यक्रम रखा गया है। इस मौके पर आर्गन वादक राहुल तिवारी, ढोलक वादक रंजीत सिंह, पैड वादक ब्रजेश सिंह, विपिन मिश्रा, आशीष तिवारी, रामसजीवन मौर्या बूटी, राकेश श्रीवास्तव बच्चन , विनय मिश्रा, अनुपम शुक्ला, बीरेंद्र मौर्या, राजू पटवा सहित सैंकड़ों श्रोतागण मौजूद रहे।

### बाबा सोहलेश्वर मंदिर परिसर में कराया जायेगा विशाल भंडारा

**लालगंज, रायबरेली।** सोमवार को लालगंज क्षेत्र के बाबा सोहलेश्वर मंदिर परिसर में रघुवीर हॉस्पिटल के चेयरमैन और प्रसिद्ध समाजसेवी रमेश दीक्षित के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। विशाल भंडारे में रघुवीर रोलिंग मिल्स के प्रबंधक शशांक दीक्षित, रघुवीर हॉस्पिटल की निदेशक डॉ मोनिका मिश्रा, डॉ मणि मिश्रा का भी सहयोग रहेगा। समाजसेवी रमेश दीक्षित ने क्षेत्र के लोगों से सोहलेश्वर मंदिर पहुंचकर भोले बाबा के दर्शन के साथ-साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि रमेश दीक्षित का समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान रहता है। वाजपेई पुर इंटर कॉलेज के प्रबंधक होने के नाते स्कूल के बच्चों को समय-समय पर सहयोग देने में भी उनकी अग्रणी भूमिका रहती है। समाज के गरीब व्यक्तियों की सेवा के लिए भी रमेश दीक्षित खुलकर दोनों हाथों से दान करते हैं। डॉ रमेश दीक्षित की देखरेख में रघुवीर हॉस्पिटल की ओर से समय-समय पर गांवों में कैंप लगाकर निःशुल्क जांच और दवा देने का काम उनकी सुपुत्री डॉ मोनिका मिश्रा के द्वारा किया जाता है।

## हर-हर बम-बम के साथ निकली कांवडियों की यात्रा



**सलोन, रायबरेली।** सलोन कस्बे में रविवार को विशाल कांवड़ यात्रा गाजे बाजे के साथ धूमधाम के साथ निकाली गई। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। कांवड यात्रा में वाहनों पर सवार कांवडिए बम-बम भोले के जयकारा लगाने के साथ भक्ति गीतों पर नृत्य भी कर रहे थे। कांवड़ यात्रा के दौरान जगह- जगह कांवड़ यात्रा पर पुष्पों की वर्षा की गई। शोभायात्रा के बाद कावड़ियों का जत्था जल भरने के लिए मानिकपुर घाट की ओर प्रस्थान कर गया। रविवार दोपहर लगभग बारह बजे कावड़ियों की शोभा यात्रा औना सदरा से निकाली गई।कार्यक्रम के आयोजक रमेश पटेल के नेतृत्व में कावड़ यात्रा निकाली गई। तहसील चैराहा स्थित श्रद्धालुओं ने कावड़ियों पर पुष्पवर्षा करते हुए बम बम भोले का जयकारा लगाया और उन्हें फल फ्रूट प्रसाद के रूप में वितरित किये गया। शोभा यात्रा में कलात्मक चैकी पर सांस्कृतिक नृत्य आकर्षण का केंद्र रही। शोभा यात्रा कस्बे के मुख्य मार्ग से दुगार्पूजा पंडाल, सब्जी मंडी, बस स्टेशन, उसके बाद गोकर्ण घाट के लिए प्रस्थान हुआ।

संक्षेप

## चोरी की दो बाइक सहित 2 गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्तों को चोरी की दो मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है।थाना उत्तर पुलिस टीम व एन्टी ऑटोथैफ्ट टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन चैकिंग के दौरान दो अभियुक्तों भूरी सिंह पुत्र नेमीचन्द निषाद नरेन्द्र पुत्र राजबहादुर को सनक सिंह के भट्टे पर थाना क्षेत्र उत्तर फिरोजाबाद से रविवार को गिरफ्तार किया। जिनसे 02 चोरी की हुई मोटरसाइकिल व 03 मास्टर चाबी बरामद हुई, जिनका थाना उत्तर पर चोरी का मुकदमा दर्ज था। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

## 931 ग्राम गांजा सहित 1 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना बसई मौहम्मदपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त रमाशंकर उर्फ भोला पुत्र विजय सिंह निवासी पहाडपुर थाना बसई मोहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद को 931 ग्राम गांजा के साथ नगला बिना से ग्राम बसई को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर एनडीपीएस मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की है।

## बैठक में शोक व्यक्त किया

**टूंडला।** राज्य स्वायत्त शासन कर्मचारी परिषद उप्र के प्रदेश संगठन मंत्री व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश फिरोजाबाद के जिला प्रभारी मंत्री सुनील अमर टैगोर की पूज्य माताजी व लक्ष्य अमर टैगोर राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी भाकियू भानु की दादी ईश्वर देवी के आकस्मिक निधन 25/7/25 की रात्रि में हो गया,जिनको मुखाग्नि व पंचतत्व में विलीन टूडला मोक्ष धाम पर किया गया। शोकाकुल बैठक टैगोर गली न्यू शिव नगर टूडला के ईश अमर सदन ठाकुर वाडी पर हो रही है। शोकाकुल परिवार अमर टैगोर वंश के प्रपौत्र धैर्य अमर टैगोर टुन्नू व रजत अमर टैगोर ने दादी को पुष्पांजलि अर्पित की,साथ ही बैठक में उपस्थित क्षेत्रीजनों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया,और शोकाकुल परिवार को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने को प्रार्थना की गई।

## कुंड की सीढ़ियों पर पैर फिसलने से युवक की मौत

**मथुरा।** थाना गोवर्धन की राधाकुंड चैकी क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध राधारानी कुंड में रविवार सुबह स्नान के दौरान कुंड की सीढ़ियों पर पैर फिसलने से एक युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। रविवार सुबह कस्बा राधारानी कुंड में स्नान के दौरान कुंड की सीढ़ियों पर पैर फ्सिलने से मध्य प्रदेश के मुरैना निवासी 16 वर्षीय श्रद्धालु कनिया भारती की डूबने से मौत हो गई। घटना के समय कनिया अपने परिवार के साथ राधारानी कुंड में स्नान कर रहे थे। सीढ़ियों पर जमी काई के कारण उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चले गए। परिजनों ने शोर मचाया जिसे सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घाट पर मौजूद गोताखोर विष्णु ठाकुर ने तुरंत कुंड में छलांग लगाकर उसे पानी से बाहर निकाला। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# स्वर्ण-रजत हिंडोले में विराजे बांकेबिहारी

## बांकेबिहारी लाल के गगनभेदी जयकारों से गूंजा मंदिर प्रांगण



मधुसूदन शर्मा

**मथुरा।** हरियाली तीज के पावन पर्व पर जन-जन के आराध्य ठा. बांकेबिहारी महाराज ने स्वर्ण-रजत हिंडोले में विराजकर भक्तों को दर्शन दिए। वर्ष में एक बाहर होने वाले हिंडोला दर्शनों के लिए भक्तों की कतारे सुबह 5 बजे से ही लगना शुरू हो गया तथा मंदिर परिसर बांकेबिहारी लाल के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा। वृन्दावन के लाड़ले ठाकुर बांकेबिहारी महाराज के स्वर्ण-रजित हिंडोले की यह 78वीं वर्षगांठ है। आजादी के चार दिन बाद 19 अगस्त 1947 को हरियाली तीज के दिन ही बांकेबिहारी पहली बार दिव्य-अलौकिक हिंडोले में विराजे थे। पिछले कई दिनों से इन मनभावन दर्शनों को करने के लिए देश-विदेश के श्रद्धालु बड़ी तादाद में वृन्दावन पहचंने लगे थे। नतीजतन, उत्साहित भक्तों के रेले सुबह से ही अपने आराध्य के दर्शनों को पलक-पांवड़े बिछाए बैठे थे। सुबह पांच बजे से ही भक्त बांकेबिहारी के द्वार पर एकत्रित हो गये। इसके बाद प्रातः लगभग 7 बजे बांकेबिहारी लाल के दर्शन खुल गये। बांकेबिहारी की नयनाभिराम छवि को निहारते ही भक्त मंत्रगुग्ध होकर एकटक निहारते रहे। बीच में राजभोग के बाद दो बजे तक दर्शन हुए। सायंकाल 5 बजे पुनः दर्शनों का क्रम शुरू हो गया। इस स्वर्ण-रजत हिंडोले को संवारने का कार्य परंपरागत रुप से सेठ हरगुलाल के वंशजों द्वारा किया जाता है। ठा. बांकेबिहारी लाल भक्तों को दर्शन देने के बाद सुख सेज पर विराजते हैं। जहां उनका श्रम दूर करने के लिए मखमली बिस्तर तैयार किया जाता है। जिनपर इत्र, पुष्प आदि सुगंधित द्रव्यों को छिड़का ओर रखा जाता है। रजत निर्मित सेज को चारों ओर से मोगरा के फूलों से सजाया जाता है। इसके साथ ही उन्हें लड्डू आदि भोग भी निवेदित किये जाते हैं। हिंडोला दर्शनों के दौरान, शैलेन्द्रनाथ गोस्वामी, सोनू गोस्वामी, बालकिशन गोस्वामी, ज्ञानेन्द्र किशोर गोस्वामी, मम्मू गोस्वामी, चंद्रकिशोर गोस्वामी, श्रीनाथ गोस्वामी आदि सेवायत मौजूद रहे। उल्लेखनीय रहे कि जिलाधिकारी सीपी सिंह ने रिसीवर और सेवायतों से समन्वय बनाकर दर्शन की अवधि 4 घंटे बढ़वा दी थी जिस कारण श्रद्धालु अपने इष्ट के अनवरत दर्शन बिना कोई परेशानी के करते देखे गए।

### हिंडोला में झूले वृन्दावन के आराध्य देव

**वृन्दावन।** ठा. बांकेबिहारी महाराज के हिंडोला दर्शनों के साथ ही वृन्दावन के अन्य प्रमुख मंदिरों में भी हरियाली तीज के अवसर पर हिंडोला दर्शन हुए। सभी आराध्यों को श्रद्धालुओं ने भक्ति की डोर से झुलाया। इस मौके पर विविध ऋतुनुकूल भोग ठाकुरजी को निवेदित किये गये।

## व्यापार मंडल व प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता अभियान संपन्न

**मथुरा।** एक राष्ट्र, एक चुनाव की दिशा में जनचेतना को बल देने हेतु भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा राधेश्याम चैरिटेबल फाउंडेशन तत्वाधान में रविवार को सरस्वती कुंड के निकट स्थित अग्रवाटिका में मतदाता जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चैबे उत्तर प्रदेश सरकार कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चैधरी महापौर विनोद अग्रवाल भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव पूर्व जिला अध्यक्ष पदम सिंह शर्मा प्रख्यात शिक्षाविद प्रो. (डॉ.) रमाकांत द्विवेदी, और संस्था के महासचिव सौरभ त्रिपाठी ने मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित सम्मेलन का शुभारंभ किया।

म्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीयमंत्री अश्विनी चैबे ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से न केवल संसाधनों की बबार्दी होती है, बल्कि यह प्रशासनिक और विकास कार्यों में रुकावट भी पैदा करता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, एक देश, एक चुनावकी आवश्यकता पर बल देते हुए इसे देश की समृद्धि, संसाधनों के संरक्षण और लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने इस पहल का विरोध करने वाली पार्टियों, विशेषकर कांग्रेस, पर निशाना साधते हुए इसे जनभावनाओं के प्रतिकूल बताया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा एक राष्ट्र, एक चुनाव भारत के लोकतंत्र की गति को तीव्र और पारदर्शी बनाएगा। जनप्रतिनिधि शासन में व्यस्त रहें, चुनाव में नहीं यही समय की माँग है। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कहा मतदाता जागरूकता एक राष्ट्रीय कर्तव्य है। प्रत्येक नागरिक को यह संकल्प लेना होगा कि वे न केवल स्वयं मतदान करें, अपितु दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा लोकतंत्र की असली ताकत जनता है। जब जनता पूरी तरह से जागरूक होकर मतदान करेगी, तभी सशक्त भारत का निर्माण होगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री हरिशंकरयादव ने कहा मथुरा के नागरिक सदैव राष्ट्रहित के मुद्दों पर अग्रणी रहे हैं। एक राष्ट्र, एक चुनाव एक ऐतिहासिक निर्णय होगा, जिसमें मथुरा की भूमिका अहम रहेगी। अंत में मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने उपस्थितजनों को एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में शपथ दिलाई और सभी से शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। मंच साझा पर विधायक पूरन प्रकाश, विधायक गोवर्धन ठा. मेघश्याम सिंह ,एमएलसी ठाकुर ओमप्रकाश सिंह, पूर्व चेयरमैन रविंद्र पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. डीपी गोयल समेत बड़ी संख्या में मंच पर गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जन-जन की बात, मोदी जी के मन की बात

**मथुरा।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायक मासिक संवाद कार्यक्रम ‖मन की बात‖ की 124वीं कड़ी को भाजपा मथुरा महानगर के सतोहा मंडल अंतर्गत बूथ संख्या 257 पर भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कार्यकताओं एवं स्थानीय जनसमूह के साथ सामूहिक रूप से सुना गया। वहीं भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ‖मन की बात‖ कार्यक्रम आज देशवासियों के लिए केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि एक सकारात्मक परिवर्तन की चेतना है। कार्यकताओं को इससे राष्ट्र निर्माण के प्रति नई दिशा और प्रेरणा प्राप्त होती है। हमें बूथ स्तर तक प्रधानमंत्री जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना है।वहीं भाजपा महानगर मंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी ने कहा मन की बात‖ कार्यक्रम समाज को जोड़ने वाला, विचारों को जाग्रत करने वाला और प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रहित में सहभागी बनाने वाला सशक्त माध्यम है। मोदी जी के विचार देश को आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर कर रहे हैं। इस अवसर पर संजय शर्मा, सतोहा मण्डल अध्यक्ष अजय सिंह राजावत, ललित गौतम, मनोज सौनोंठ, अशोक राज सिंह आदि मौजूद थे।

## छह साल की मासूम गायब, अपहरण की आशंका

**मथुरा।** कोसीकलां में मां के साथ सो रही छह साल की बच्ची पलक का अपहरण हो गया। परिजनों ने बच्ची को आसपास ढूंढा पर उसका कोई पता नहीं चला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची की तलाश करने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों से खोजबीन शुरू कर दी है। ऐसा ही एक मामला जैत थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व भी हुआ था। जिसे बाद में पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सौंप दिया था। राजस्थान डीग जिले के थाना कामां के चील महल के नीचे निवासी पवन उर्फ परदेशी फुटपाथ पर लोहे के तसला, प्लास्टिक के बर्तन आदि लगा कर बेचते हैं। उसका परिवार कोसीकलां में नंदगांव पुल अपनी पत्नी व बच्चों के साथ अस्थाई झुग्गी झोपड़ी बना कर रहता है। पवन ने बताया कि शनिवार रात वह अपने परिवार के साथ सोए थे। पत्नी के पास तीनों बच्चे लेटे हुए थे। सुबह चार बजे पत्नी उठी तो उसे छह वर्ष की बड़ी बेटी पलक गायब मिली। आसपास काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

## शादी करा मोटी रकम वसूलने वाले 5 सदस्य गिरफ्तार

जिला संवाददाता (vol)



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा थाना लाइनपार पर शादियां रचाकर मोटी रकम की ठगी करने वाले गिरोह के नामित व प्रकाश में आये 05 अभियुक्तगण अजय प्रकाश सविता पुत्र जय प्रकाश सविता निवासी हिमायुपुर थाना दक्षिण फिरोजाबाद, शाहरुख पुत्र रिजवान निवासी अलीपुर अलीगंज के पास थाना सराय जनपद एटा अमर सिंह राठौर पुत्र नाथूराम राठौर निवासी रसूलपुर थाने के पास थाना रसूलपुर फिरोजाबाद ,रंजना उर्फ पूनम पुत्री सनोज साहनी निवासी सिकोरना नूर टोला थाना कदवा जिला कटिहार बिहार रानी पुत्री पप्पू राउत निवासी कोरीडिह थाना जसीडिह जिला देवगढ, झारखण्ड को नकटपुरा रेलवे अंडर पास बनी समाधी के पास से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि शाहरुख पुत्र रिजवान निवासी अलीपुर अलीगंज के पास थाना सराय जनपद एटा बिहार व झारखंड से लडकियाँ दुल्हन ले आने का कार्य करता है तथा फिरोजाबाद का अजय प्रकाश ग्राहक लडका मुहैया कराता है और अमर सिंह लडकियों को अपना रिस्तेदार बताकर रूकने की व्यवस्था करता है। रंजना व रानी दोनों दुल्हन बनकर शादी करती है तथा मौका मिलने पर जेवरात,रुपए पैसे आदि लेकर फरार हो जाती है। इस गिरोह के द्वारा अब तक चित्तोडगढ राजस्थान हरियाणा व उत्तर प्रदेश तथा अन्य प्रान्तों में इस तरह की घटना की जा चुकी है ।

उक्त लोग मिलकर एक संगठित गिरोह चलाकर जनता के भोले भाले लोगो की शादी कराकर शादी के बदले मोटी रकम वसूलते है एवं लोगो को ठगते हैं तथा इनके गिरोह की लडकिया अन्य प्रान्त बिहार व झारखण्ड की होती है। जिनका एक मात्र उद्देश्य शादी करके लडका पक्ष से मोटी रकम वसूलकर आर्थिक लाभ कमाना होता है तथा शादी के बाद दुल्हन लडका पक्ष के घर से जेवरात व रुपए लेकर फरार हो जाती है,गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक का?वाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## डीएम-एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया



- जिलाधिकारी ने परीक्षार्थियों से वातार्लाप भी किया

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी आर0 ओ0, एआरओ की परीक्षा के दृष्टिगत विभिन्न केंद्रों का भ्रमण कर वहां की स्थितियों का जायजा लिया, सर्वप्रथम वह किड्स कॉर्नर हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल गए जहां पर 600 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे है,यहां पर जिलाधिकारी ने परीक्षार्थियों से वातार्लाप भी किया, परीक्षार्थी यहां पर दी जारी व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए, जिलाधिकारी ने यहां पर कंट्रोल रूम को देखा, यहां लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा, बायोमेट्रिक व्यवस्था का अवलोकन किया,इसके पश्चात जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गए, जहां पर 480 बच्चे परीक्षा दे रहे हैं, जिलाधिकारी ने वहां पर व्यवस्था में लगे कर्मचारियों के अलावा जो भी अतिरिक्त कर्मचारी थे उनको तुरंत बाहर करने के आदेश दिए साथ ही उन्होंने कहा कि यहां पेयजल की समुचित व्यवस्था हो, इससे परीक्षार्थियों को कोई परेशानी न हो, इसके पश्चात जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सेंड डोमिनिक स्कूल शिकोहाबाद गए जहां पर 600 बच्चे परीक्षार्थी दे रहे है, जिलाधिकारी ने यहां पर कंट्रोल रूम को देखने के साथ-साथ बच्चों की आईडी चेकिंग की व्यवस्था को भी देखा अंत में डीएम एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महावीर दिगंबर जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज गए जहां पर 480 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं, जिलाधिकारी और वरिष्ठपुलिस अधीक्षक ने यहां की व्यवस्थाओं को अवलोकित करने के पश्चात कंट्रोल रूम में दी जा रही व्यवस्थाओं को देखा और व्यवस्था में लगे समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता के साथ परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने की हिदायत दी, इस दौरान अपर जिलाधिकारी विशु राजा भी मौजूद रहे।

## जब तक हिंदू धर्म में समानता नहीं आयेगी तब तक नहीं रुकेगा धर्मांतरण : सांसद

जिला संवाददाता (vol)

- मनु महाराज का संविधान इस देश में नहीं चलेगा

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने धर्मांतरण पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक हिंदू धर्म में समानता नहीं आएगी, तब तक देश में धर्मांतरण को कोई नहीं रोक सकता। फिरोजाबाद में सपा जिला कार्यालय पर आरक्षण दिवस एवं संविधान स्तंभ स्थापना दिवस मनाया गया। सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने कहा कि मनु महाराज का संविधान इस देश में नहीं चलेगा। यह देश बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान से चलेगा। जो सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की सीख देता है। सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने कहा कि हम जब भी किसी पीड़ित के पास जाने का प्रयास करते हैं तो भाजपा का प्रशासन हमें जाने नहीं देता है। क्या यह संविधान का अपमान नहीं है।

कार्यक्रम में सपा सांसद अक्षय यादव ने कहा कि बूथ को बचाना है संविधान को बचाना है। वोटर लिस्ट को बचाने के साथ ही संविधान की जीत होगी। उन्होंने कहा कि हम सदन में बहस करने को तैयार हैं। संचालन सपा के जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव ने किया। सपा विधायक डा.मुकेश वर्मा, विधायक इंजी. सचिन यादव,पूर्व जिलाध्यक्ष रमेशचंद्र चंचल आदि मौजूद रहे। भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ऋषभ यादव ने सपा जिला कार्यालय पर आरक्षण दिवस के मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामजीलाल सुमन एवं सांसद अक्षय यादव को बाबा साहब के संविधान की प्रति भेंट की।

## 13 दिन बाद कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा महिला का शव, पति पर हत्या का आरोप

रामपुर। रामपुर में एक महिला की कथित हत्या के मामले की जांच के लिए उसका शव 13 दिन बाद कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सलमा बेगम (37) नाम की महिला की रामपुर के मिलक थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्ष पूर्व शादी हुई थी और उसकी छत्तीसगढ़ में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसने बताया कि सलमा की मौत के बाद उसके शव को रामपुर जिला स्थित गांव में लाकर दफन किया गया था। उसने बताया कि सलमा के परिजन ने उसके पति मौलाना बशीर पर हत्या का आरोप लगाया और छत्तीसगढ़ पुलिस से मामले की जांच करने की अपील की। पुलिस ने बताया कि रामपुर निवासी मौलाना बशीर छत्तीसगढ़ के एक मदरसे में बच्चों को पढ़ाता है और अपना कारोबार भी करता है। पुलिस ने बताया कि परिजनों की मांग पर छत्तीसगढ़ पुलिस ने रामपुर पुलिस अधीक्षक को एक पत्र लिखा और 13 दिन पहले दफन किया गया महिला का शव कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की रामपुर के जिलाधिकारी से सिफारिश की। जिला प्रशासन के निर्देश पर शनिवार दोपहर दो बजे महिला के शव को कब्र से निकाला गया। उक्त कार्रवाई रामपुर जिला प्रशासन के निर्देश पर अधिकारियों की निगरानी में की गई। रामपुर के पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बड़े भाई की हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति और उसकी बेटियां हिरासत में

देवरिया। देवरिया जिले के एक गांव में भूमि विवाद के कारण एक व्यक्ति ने अपनी बेटियों के साथ मिलकर अपने बड़े भाई की कथित रूप से हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि मुख्य आरोपी, उसकी दो बेटियों और एक अन्य महिला को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के पगरा गांव में दो भाइयों सुकई चौहान (65) और दुधई चौहान में भूखंड को लेकर विवाद था। जब सुकई शनिवार रात गांव के बाहर शौच के लिए जा रहा था, तभी दुधई एवं उनके परिवार के लोगों ने लाठियों से उसे पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि बुरी तरह से घायल सुकई को उसके परिजन देवरिया मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देवरिया सदर कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की और मुख्य आरोपी दुधई, उसकी दो बेटियों और एक अन्य महिला को हिरासत में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है और गांव में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## कमरे में मिले पति-पत्नी के शव, जांच शुरू

बाराबंकी। जिले में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर पति-पत्नी के शव पाये गये। पुलिस ने पति की मां को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि देवा कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी रोहित (27) और उसकी 26 वर्षीय पत्नी मुन्नी के शव आज उनके कमरे में पाये गये। मुन्नी का शव साड़ी से लगे फांसी के फंदे से लटकता पाया गया। वहीं, रोहित का शव जमीन पर पड़ा मिला। उनकी शादी छह साल पहले हुई थी। दोनों का चार साल का एक बेटा भी है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर मुन्नी की मां कुंती देवी अपनी बेटी के ससुराल पहुंची और रोहित की मां पर अपने दामाद और बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने रोहित की मां को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इसके पूर्व, रोहित के साथ विवाद होने पर मुन्नी तीन साल से अपने मायके में रह रही थी। वह दो माह पहले अपने ससुराल आई थी, लेकिन इस दौरान भी दोनों के बीच झगड़ा होता रहता था। एक दिन पहले ही दोनों के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस ने रोहित के खिलाफ कार्रवाई की थी। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्थिति स्पष्ट होगी। इस संबंध में फिलहाल अभी तक कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर प्राप्त होते ही मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## फर्जी आर्य समाज सोसाइटी की जांच करायें प्रमुख सचिव गृह : इलाबाद हाई कोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में प्रदेश के प्रमुख सचिव (गृह) को फर्जी आर्य समाज सोसाइटी की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने 24 जुलाई को दिए अपने आदेश में यह स्पष्ट किया कि जांच पुलिस उपायुक्त स्तर से नीचे के अधिकारी द्वारा नहीं कराई जानी चाहिए। उक्त निर्देश पारित करने से पूर्व अदालत ने स्पष्ट रूप से यह पाया कि याचिकाकर्ता और पीड़िता अलग अलग धर्म से आते हैं और याचिका से स्पष्ट है कि उन्होंने प्रयागराज के आर्य समाज मंदिर में विवाह किया है। अदालत ने कहा कि हालांकि, मौजूदा कानून के मुताबिक यह विवाह बिना धर्म परिवर्तन के नहीं किया जा सकता था। अदालत सोनू उर्फ शाहनुर नाम के व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उसने अपने खिलाफ 12 सितंबर 2024 को जारी समन के आदेश और महाराजगंज के विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) की अदालत में लंबित आपराधिक मुकदमे को रद्द करने का अनुरोध किया था। हालांकि अदालत ने याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता के खिलाफ महाराजगंज के निचलौल थाना में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 363 (अपहरण), 366 (इच्छा के विरुद्ध विवाह के लिए विवश करना) और 376 (दुष्कर्म) एवं यौन अपराधों से बच्चे का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 3।4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी, मेरे मुव्वकिल ने 14 फरवरी, 2020 को लड़की से विवाह किया। चूंकि शादी के समय वह नाबालिग थी, इसलिए उसे नारी निकेतन भेज दिया गया और वयस्क होने पर वह याचिकाकर्ता के साथ रहने लगी। सरकारी वकील ने दलील दी कि लड़की के हाईस्कूल के प्रमाणपत्र के मुताबिक वह नाबालिग थी और वह याचिकाकर्ता के साथ विवाह नहीं कर सकती थी। साथ ही दोनों अलग-अलग धर्म से हैं, इसलिए बिना धर्म परिवर्तन के उनके विवाह को वैध नहीं माना जा सकता। इसके अलावा याचिकाकर्ता और पीड़िता के बीच विवाह का प्रमाणपत्र आर्य समाज मंदिर द्वारा जारी किया गया है जोकि एक जाली दस्तावेज प्रतीत होता है। सरकारी वकील ने अवगत कराया कि शनिदेव एवं अन्य बनाम राज्य सरकार के मामले में इस अदालत का कहना है कि कुछ लोग स्वयं को आर्य समाज से होने का दावा कर अवैध विवाह करा रहे हैं जिसमें वर और वधु की आयु तक का सत्यापन नहीं किया जा रहा है। अदालत ने कहा कि मौजूदा मामले में विवाह का पंजीकरण नहीं किया गया है। रिकॉर्ड से पता चलता है कि कथित घटना के समय लड़की नाबालिग थी और किसी भी तरह से उसकी शादी वैध नहीं कही जाएगी। उच्च न्यायालय ने प्रदेश के प्रमुख सचिव (गृह) को इस बात की जांच कराने का निर्देश दिया है कि कैसे प्रदेश में फर्जी आर्य समाज सोसाइटी संचालित की जा रही है और वे वर-वधु की आयु सत्यापित किए बगैर दुर्भावनापूर्ण इरादे से अवैध विवाह कराने के व्यवसाय में संलिप्त हैं। सोनू उर्फ शाहनुर की याचिका खारिज करते हुए अदालत ने इस मामले को नए सिरे से 29 अगस्त को सुनने का आदेश दिया।

## 13 सेंटरों पर आरओ-एआरओ परीक्षा

- सुबह 8 बजे चेकिंग के बाद दिया गया प्रवेश, छात्र बोले हमारी अच्छी है तैयारी

**आगरा।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा लंबे समय बाद आरओ-एआरओ परीक्षा अयोजित की गई है। जहां 5453 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परिक्षा के लिए प्रवेश दिया जा चुका है। सुबह 8 बजे ही एंट्री दे दी गई। आगरा में कुल 76 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है। छात्र बोले की उनकी भी तैयारी अच्छी है। आगरा के एमडी जैन इंटर कॉलेज में बच्चों को पूरी चैकिंग करके ही प्रवेश दिया गया। शहर को 13 सेक्टरों में बांटकर सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, दो सह-व्यवस्थापक, पुलिस बल और एलआईयू की निगरानी टीम तैनात है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी और एआई आधारित सिस्टम से किसी भी गड़बड़ी पर तत्काल अलर्ट जारी किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया भी कड़ी रखी गई है। बॉयोमीट्रिक सत्यापन और फेस रिकग्निशन तकनीक के जरिए ही उम्मीदवारों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जा रहा है। सुबह 8:00 बजे से एंट्री शुरू हुई। 8:45 बजे तक ही प्रवेश दिया गया। किसी भी अभ्यर्थी को मोबाइल फोन, घड़ी, ईयरफोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है। प्रशासन ने पेपर लीक या सॉल्वर गैंग की आशंका को देखते हुए रळक्र और खुफिया एजेंसियों को भी एक्टिव मोड में रखा है। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को भी अलर्ट किया गया है ताकि किसी भी अफवाह या गलत जानकारी को फैलने से रोका जा सके। परीक्षा से जुड़े किसी भी विवाद से बचने के लिए सभी इन्विजिलेटर और कर्मचारियों की ड्यूटी रैंडम कंप्यूटराइज्ड सिस्टम से तय की गई है। प्रशासन की कोशिश है कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हो।

# विद्यालय के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन

## हाइटेंशन लाइन बनी हजारों बच्चों के लिए खतरे का सबब

जिला संवाददाता




चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा क्षेत्र के भाऊपार स्थित एक विद्यालय के उपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रहा है। जो वहां पढने वाले हजारों बच्चों के लिए खतरे का सबब बना रहता है। हाईटेंशन लाइन के समीप विद्यालय होने के बावजूद बोर्ड के सदस्यों को नही दिखा और विद्यालय को मान्यता देकर बच्चों के जीवन से खिलवाड़ किया गया। जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र अन्तर्गत सेंट्रल पब्लिक एकेडमी हाईटेंशन लाइन के समीप बना है। हाईटेंशन लाइन के खतरे को नजर अंदाज विद्यालय प्रबंधन ने यहां विद्यालय स्थापित किया। तो वहीं विद्यालय को मान्यता देने वाले बोर्ड समिति के सदस्यों ने भी हाईटेंशन लाइन को नजर अंदाज कर विद्यालय को मान्यता दे दी। जो आज वहां पढने वाले बच्चों के लिए हर समय खतरे का सबब बना रहता है।

आज यहां हजारों छात्र अपनी जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अभिभावकों को इस हाईटेंशन तार को लेकर काफी चिंता सता रही है। लोगों ने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय या हाईटेंशन विद्युत तार को हटवाने की मांग किया है। उक्त के संबंध में अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग चौरीचौरा का कहना है कि हाईटेंशन विद्युत तार के नीचे विद्यालय बनाना ही नहीं चाहिए था। शीध्र ही विद्युत विभाग द्वारा विद्यालय को नोटिस भेजी जायेगी।

## सड़क किनारे मिली खून से लथपथ महिला धारदार हथियार से हमला, पति से पूछताछ

**आगरा।** खून से लथपथ महिला सड़क किनारे पड़ी मिली। परिजन ने महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला पति से अलग रह रही थी। पुलिस पति से पूछताछ में जुटी है। थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के चौहटना-सदरवन मार्ग पर शनिवार रात आठ बजे फैक्ट्री से काम करके लौट रही महिला लहूलुहान हालत में सड़क किनारे मिली। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। वहीं बेटे ने देर रात घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के गांव सदरवन की रहने वाली यशोदा (45 वर्ष) पत्नी देवकीनंदन पाठक अपने बेटे कृष्णा पाठक (20 वर्ष) के साथ पिछले कुछ वर्षों से पति से अलग रह रही है। ग्रामीणों के मुताबिक महिला फैक्ट्री में काम कर अपना और अपने बेटे का भरण-पोषण कर रही है। शनिवार रात आठ बजे यशोदा लहूलुहान हालत में सदरवन गांव के पास सड़क किनारे मिली। ग्रामीणों के अनुसार हमलावर ने उसकी आंख और अन्य अंगों पर धारदार हथियार से प्रहार किए हैं। मौके पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर हालत में निजी अस्पताल में महिला को भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। चौकी इंचार्ज बिचपुरी ने बताया है कि पुलिस घटना की जांच कर रही है। सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

संक्षेप

## मेस्से फ्रैंकफर्ट और एमईएक्स एक्जिबिशन्स ने की साझेदारी

कानपुर। गिफ्ट्स वर्ल्ड एक्सपो - दिल्ली 2025 के भव्य उद्घाटन के दौरान की गई एक ऐतिहासिक घोषणा में, पेपरवर्ल्ड इंडिया, कॉर्पोरेट गिफ्ट्स शो और गिफ्ट्स वर्ल्ड एक्सपो के आयोजकों ने आधिकारिक तौर पर अपने प्रदर्शनी पोर्टफोलियो के विलय की घोषणा की। दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और कोलकाता में अब समर्पित शो आयोजित होने के साथ, यह संयुक्त पहल उपहार और स्टेशनरी क्षेत्र की अखिल भारतीय उपस्थिति स्थापित करने की दीर्घकालिक रणनीति को रेखांकित करती है। देश के शीर्ष व्यावसायिक और उपभोक्ता केंद्रों में मजबूत क्षेत्रीय मंच बनाकर, आयोजक एक ऐसा स्केलेबल मॉडल प्रस्तुत कर रहे हैं जो निम्नलिखित का समर्थन करता है।

## ओरिएंट का नेक्स्ट-जेन बीएलडीसी फैन लॉन्च

नई दिल्ली। ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड ने नेक्स्ट-जेन बीएलडीसी सीलिंग फैन लॉन्च किए हैं। ये फैन स्मार्ट वॉइस कंट्रोल के साथ बहुत शांत परफॉर्मेंस देते हैं और बोल्ड, आकर्षक रंगों एवं फिनिश में उपलब्ध है। क्रीम लैटे और गहरे ऑलिव रंग की सुंदरता तथा आइस ब्लू के बोल्ड आर्कषण के साथ ये फैन 40 से अधिक रंगों में उपलब्ध हैं। ये फैन आज के प्रबुद्ध ग्राहकों के लिए बनाए गए हैं तथा डिजाइन के साथ बेहतरीन टेक्नोलॉजी पेश करते हैं। इनसे आधुनिक स्थानों की सुंदरता और अधिक आकर्षक बन जाती है। भारतीय ग्राहक जीवनशैली से प्रेरित उत्पाद पसंद करने लगे है।

## आपे इलेक्ट्रिक के नये जमाने की शुरुआत

कानपुर। पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. ने आज अपनी नई 2025 आपे इलेक्ट्रिक ईवी रेंज लॉन्च की, जिसमें दो नए मॉडलों – आपेई-सिटी अल्ट्रा और आपेई-सिटी एफएक्स मैक्स को शामिल किया गया है। ये उन्नत इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर, ब्रांड की यात्री वाहन श्रृंखला को और मजबूती देते हैं। आपेई-सिटी अल्ट्रा की खासियत इसकी मजबूत फुल मेटल बॉडी, 10.2 केडब्लूएच की एडवांस्ड एलएफपी बैटरी और स्मार्ट टेलीमैटिक्स है, जो इसे शहरी उपयोग के लिए एक आधुनिक और टिकाऊ विकल्प बनाते हैं। वहीं आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स लंबी बैटरी लाइफ और लगातार शानदार प्रदर्शन सुनिश्चित करता है।



## 'बकैती' जल्द आ रही है जी5 पर, ट्रेलर रिलीज

नई दिल्ली। कभी-कभी सबसे छोटे घरों में सबसे बड़ी कहानियाँ बसती हैं। इसी सच्चाई को अपनाते हुए, जी5 अपनी नई स्लाइस-ऑफ-लाइफ ओरिजिनल सीरीज बकैती लेकर आ रहा है। डाइस मीडिया द्वारा निर्मित इस सीरीज से शीबा चड्ढा और राजेश तैलंग एक बार फिर माता-पिता की भूमिका में अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी कर रहे हैं। आज रिलीज हुए ट्रेलर में दोनों की सहज ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री की झलक देखने को मिलती है, जो देखने वालों के लिए एक खास अनुभव बन जाती है। बकैती की कहानी मध्य वर्ग परिवार की उस सच्चाई को खूबसूरती से दर्शाती है।

## चंडीगढ़ के छात्रों की रही शानदार प्रस्तुति

नई दिल्ली। खेतान पब्लिक स्कूल की कक्षाओं में उत्साह से भरी चर्चाओं और व्हाइटबोर्ड पर बनाए जाने वाले स्केचेज में अब एक नई सोच और बदलाव की लहर नजर आ रही है। यह बदलाव आ रहा है सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025 के जरिए, जो युवाओं को अपने आइडियाज को हकीकत में बदलने का मंच दे रहा है। इस नेशनल इनोवेशन चैलेंज को 29 अप्रैल को शुरू किया गया था और यह देशभर के छात्रों को प्रेरित कर रही है। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो प्रोग्राम 14 से 22 वर्ष की उम्र के युवाओं को वास्तविक जीवन की समस्याओं को पहचानने और डिजाइन थिंकिंग का इस्तेमाल कर तकनीक आधारित समाधान तैयार करने में सक्षम बनाता है।

## सेठ आनंदराम जैपुरिया को मिली डायमंड रेटिंग

नोएडा। शिक्षा के सभी पहलुओं में उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की मान्यता में, सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल, शहीद पथ, लखनऊ को भारतीय स्कूलों के लिए क्यू एस आई गेज रेटिंग द्वारा समग्र डायमंड रेटिंग प्रदान की गई है। डायमंड रेटिंग पाने वाला यह लखनऊ शहर का पहला स्कूल है। क्यू एस आई गेज स्वतंत्र रूप से भारत में स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन करता है। यह भारतीय शिक्षा परिदृश्य की गहरी स्थानीय अंतर्दृष्टि के साथ क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के लिए प्रसिद्ध क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स की वैश्विक विशेषज्ञता और प्रतिष्ठा को जोड़ती है।

# 10 कंपनियों की पूंजी 2.22 लाख करोड़ घटी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2.22 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 294.64 अंक या 0.36 प्रतिशत नीचे आया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 2,22,193.17 करोड़ रुपये की गिरावट आई। वहीं दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन ।,14,687.7 करोड़ रुपये घटकर 18,83,855.52 करोड़ रुपये पर आ गया। सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को ही हुआ। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 29,474.56 करोड़ रुपये घटकर 6,29,621.56 करोड़ रुपये रह गई। एलआईसी का मूल्यांकन 23,086.24 करोड़ रुपये घटकर 5,60,742.67 करोड़ रुपये पर और टीसीएस का मूल्यांकन 20,080.39 करोड़ रुपये घटकर 11,34,035.26 करोड़ रुपये रह गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 17,524.3 करोड़ रुपये घटकर 5,67,768.53 करोड़ रुपये रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 17,339.98 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,67,449.79 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 37,161.53 करोड़ रुपये बढ़कर 15,38,078.95 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 35,814.41 करोड़ रुपये बढ़कर 10,53,823.14 करोड़ रुपये रही। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 20,841.2 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 11,04,839.93 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 9,685.34 करोड़ रुपये बढ़कर 7,44,449.31 करोड़ रुपये रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार के लिए यह सप्ताह काफी उतार-चढ़ाव वाला रहने की संभावना है। विश्लेषकों का कहना है कि इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा कई बड़ी कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजों, फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की कारोबारी गतिविधियों पर निर्भर करेगी।

उन्होंने कहा कि व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणाएं, मासिक वाहन बिक्री के आंकड़े और वैश्विक बाजार के रुझान भी घरेलू बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बाजार की निगाह अमेरिकी शुल्क लागू होने की समयसीमा (एक अगस्त) तथा थाईलैंड और कंबोडिया के बीच भू-राजनीतिक तनाव पर भी रहेगी। एक अगस्त को भारत सहित दर्जनों देशों पर अमेरिकी प्रशासन द्वारा लगाए



गए जवाबी शुल्क पर रोक की अवधि समाप्त हो रही है। नए महीने की शुरुआत कई महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों के साथ होगी। एक अगस्त को औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) और एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई के आंकड़े आएंगे। साथ ही मासिक वाहन बिक्री के आंकड़ों पर भी सभी की निगाह रहेगी। जुलाई माह के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा।

जैसे-जैसे तिमाही नतीजों का सीजन आगे बढ़ेगा....इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, सन फार्मा, आईटीसी और अन्य दिग्गज कंपनियों के नतीजों पर सभी की नजर रहेगी। तिमाही नतीजों से विभिन्न क्षेत्रों की मजबूती तथा कंपनियों के प्रदर्शन का संकेत मिलेगा। वैश्विक स्तर पर, कारोबारी अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के आंकड़ों के साथ-साथ शुल्क निलंबन की एक अगस्त की समयसीमा पास आने के साथ व्यापार वार्ताओं पर भी नजर रखेंगे। इससे एफपीआई का प्रवाह प्रभावित हो सकता है। साथ ही डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की निगाह रहेगी।

# भारत ने की ब्रिटेन के पेस्ट्री, सौंदर्य प्रसाधन पर शुल्क में राहत की पेशकश

नयी दिल्ली। भारत ने हाल ही में हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत पेस्ट्री, पालतू पशुओं के भोजन, सौंदर्य प्रसाधन और माइक्रोवेव ओवन सहित कई ब्रिटिश वस्तुओं पर शुल्क में रियायतें दी हैं।

जबकि घरेलू हितों की रक्षा के लिए संवेदनशील क्षेत्रों को इससे बाहर रखा है।पिछले बृहस्पतिवार को हस्ताक्षरित व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) केक, प्रोटीन कॉन्संट्रेट, पशुओं के भोजन, साबुन, शेविंग क्रीम, डिटर्जेंट, और एयर कंडीशनर (एसी) व वाशिंग मशीन जैसे घरेलू उपकरणों जैसे ब्रिटिश उत्पादों तक शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है। हालांकि, ये रियायतें विभिन्न क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से दी जा रही हैं ताकि भारतीय उद्योग को ब्रिटिश कंपनियों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होने का पर्याप्त समय मिल सके। यह समझौता लगभग एक वर्ष में लागू होगा क्योंकि इसके लिए ब्रिटिश संसद की मंजूरी आवश्यक है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के विश्लेषण के अनुसार, भारत ने ब्रिटेन से आयातित लगभग 90 प्रतिशत वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करने या समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताई है। इस समझौते में विभिन्न क्षेत्रों- चॉकलेट और उपभोक्ता उपकरणों से लेकर औद्योगिक कच्चे माल तक में चरणबद्ध रियायतें शामिल हैं।

# भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए 6.5 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने में कोई चुनौती नहीं

नयी दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है और चालू वित्त वर्ष (2025-26) में इसे 6.5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल करने में किसी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ेगा। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य नागेश कुमार ने रविवार को यह बात कही।

कुमार ने पीटीआई वीडियो के साथ साक्षात्कार में कहा कि दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं में भारत की स्थिति बेहतर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि वास्तव में, एक-तिहाई से ज्यादा वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं ऋण संकट से जूझ रही हैं... औद्योगिकीकृत अर्थव्यवस्थाएं भारी दबाव, ऊंची मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि में सुस्ती का सामना कर रही हैं। कुमार ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था निर्यात या व्यापार से अधिक घरेलू खपत और घरेलू निवेश पर टिकी है। इस वजह से आज भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे चालू वित्त वर्ष और अगले साल भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने की राह में कोई दिक्कत नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा, और, आप जानते हैं, उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भी इस तरह की वृद्धि जारी रहेगी, और एक समय यह सात से 7.5 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। पिछले वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में भी देश की अर्थव्यवस्था इसी दर से बढ़ेगी। मुद्रास्फीति पर एक सवाल पर कुमार ने कहा कि वर्तमान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति लगभग दो प्रतिशत है और यह काफी हद तक एमपीसी (मौद्रिक नीति समिति) या आरबीआई द्वारा अपनाई गई नीति का परिणाम है। और अब यह लक्ष्य के दायरे में आ गई है।

# भारत-ब्रिटेन एफटीए पर होंगी 1000 हितधारक बैठकें व कार्यशालाएं

नयी दिल्ली। सरकार भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते पर उद्योग और राज्यों को जागरूक करने के लिए अगले 20 दिन में देशभर में हितधारक बैठकों, कार्यशालाओं, जागरूकता अभियानों और रायशुमारी सत्रों सहित कुल 1000 संपर्क कार्यक्रम आयोजित करेगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इस कवायद का मकसद 24 जुलाई को हस्ताक्षरित व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करना और इसके लाभ को अधिकतम करना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवार संपर्क कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। केंद्रीय दल इस व्यापार समझौते के



फायदों के बारे में जानकारी देने के लिए विभिन्न राज्यों का दौरा भी करेंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सोमवार को यहां व्यापार समझौते पर चमड़ा और वस्त्र क्षेत्र के साथ बैठक करेंगे। इस समझौते के लागू होने पर, 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात ब्रिटेन में शुल्क मुक्त हो जाएंगे। इसके साथ ही कार, सौंदर्य प्रसाधन और व्हिस्की जैसे ब्रिटिश उत्पादों पर शुल्क भी कम हो जाएगा।

# सोने में इस साल रहा 27 प्रतिशत रिटर्न

नयी दिल्ली। सोना एक सुरक्षित निवेश परिसंपत्ति के रूप में अपनी मजबूती बनाये हुए है और 2025 की पहली छमाही में इस बहुमूल्य धातु ने निवेशकों को लगभग 27 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सुधार के साथ निवेशकों को मौजूदा स्तर पर सोने में नए निवेश से बचने की जरूरत है। उनका कहना है कि सोने में मौजूदा तेजी लंबी खिंचती दिख रही है। ऐसे में कीमतें फिर से बढ़ने से पहले कुछ समय के लिए थम सकती हैं और इसमें कुछ गिरावट आ सकती है। सोना एक सुरक्षित निवेश परिसंपत्ति के रूप में अपनी पारंपरिक मजबूती बनाये हुए है। एमसीएक्स में सोना इस साल की पहली छमाही में करीब 27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 76,772 रुपये प्रति 10 ग्राम से जून, 2025 के अंत में 96,075 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। और अगर हम चालू वित्त वर्ष की शुरुआत अप्रैल, 2025 से बात करें, तो सोने ने निवेशकों को लगभग 33 प्रतिशत का उल्लेखनीय रिटर्न दिया है। पिछले साल के बेहतर रिटर्न के साथ यह सभी परिसंपत्ति वर्गों में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले निवेश उत्पादों में से एक बन गया है। मौजूदा हालात में सोने में निवेश के बारे में पूछे जाने पर कलंत्री ने कहा कि 2025 की पहली छमाही निश्चित रूप से सोने के लिए अनुकूल थी, लेकिन अब वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सुधार के साथ, सोने की कीमतों में कमी आ सकती है। ऐसे में हमारी निवेशकों को मौजूदा स्तर पर सोने में नए निवेश से बचने की सलाह है। अल्पकाल के लिए निवेश करने वाले निवेशक अपने पोर्टफोलियो का कुछ हिस्सा चांदी में लगाने पर विचार कर सकते हैं। औद्योगिक सुधार और आर्थिक विस्तार से चांदी में अधिक लाभ हो सकता है। लेकिन निवेश रणनीतिक और अनुशासित होना चाहिए।

## स्टूडेंट्स ने सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो के साथ भविष्य की नये सिरे से कल्पना की

नई दिल्ली। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो के रोडशोज और ओपन हाउस ने देश के कई शहरों में स्टूडेंट्स के में इनोवेशन की प्रेरणा जगाई है, और दिल्ली एनसीआर भी इसमें पीछे नहीं रहा। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो की शुरूआत 29 अप्रैल, 2025 को हुई थी और यह सिर्फ एक नेशनल इनोवेशन चैलेंज नहीं है। सैमसंग की टीम ने विकासपुरी के ममता मॉडर्न स्कूल, मोहन गार्डन के कमलमॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुड़गांव के डीएवी सेक्टर 14, इंदिरापुरम के सेंट टेरेसा स्कूल और डब्ल्यूसीटीएम गुड़गांव का दौरा किया। यह कार्यक्रम छात्रों को डिजाइन थिंकिंग टूल्स, सैमसंग लीडर्स और आईआईटी दिल्ली के फैकल्टी से मेंटरशिप, निवेशकों से संपर्क और प्रोटोटाइपिंग सपोर्ट प्रदान करता है।

# त्योहारी मांग से अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में सुधार, मूंगफली के भाव स्थिर

नयी दिल्ली। त्योहारों का मौसम नजदीक आने के बीच मांग सुधरने के कारण घरेलू तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम मामूली सुधार दर्शाते बंद हुए।

वहीं न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से 16-17 प्रतिशत नीचे थोक दाम में कामकाज अपेक्षाकृत सुस्त रहने के बावजूद मूंगफली तेल-तिलहन के भाव पूर्व सप्ताह के बंद स्तर पर स्थिर बने रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि गत सप्ताह विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के दाम में सुधार का रुख देखने को मिला। साथ ही रुपया भी कमजोर हुआ है। इसके अलावा जो आयातक पहले बंदरगाहों पर आयातित सोयाबीन



डीगम तेल को लागत से लगभग तीन प्रतिशत नीचे थोक दाम पर बेच रहे थे, बीते सप्ताह उन्हें इसी आयातित तेल को लागत से लगभग पांच प्रतिशत नीचे थोक दाम पर बिक्री करते देखा गया। उन्होंने कहा कि आयातकों के साथ साथ तेल-उद्योग की आर्थिक हालत अच्छी नहीं रह गई है। बैंकों में अपना ऋण साख पत्र (लेटर आफ क्रेडिट) को चलाते रहने के लिए, बैंकों द्वारा ऋण लौटाने के लिए 180 दिन की मोहलत के होने के बावजूद ये आयातक आर्थिक बदहाली के कारण माल रोकने की स्थिति में नहीं हैं और लागत से कम थोक दाम पर सोयाबीन डीगम तेल बेच रहे हैं। अगली खरीफ फसल भी डेढ़-दो महीने में आ जायेगी। इन स्थितियों की ओर सरकार को गंभीरता से ध्यान देना होगा। सूत्रों ने कहा कि जब पहले के कम एमएसपी वाला सोयाबीन और मूंगफली बाजार में नहीं खप रहा है तो अधिक एमएसपी वाला अगला खरीफ सोयाबीन और मूंगफली कैसे खपेगा? देशी तेल-तिलहनों का बाजार बनाना ही एक रास्ता हो सकता है।

## निप्पॉन पेंट ने किया पेंट प्रोटेक्शन कैपेंन का अनावरण

नई दिल्ली। निप्पॉन पेंट ने नई दिल्ली में आज अपना नवीनतम नवाचार- पेंट प्रोटेक्शन कैपेंन का अनावरण किया। एन-शील्ड ब्रांड के तहत निप्पॉन पेंट का लक्ष्य भारत और दुनियाभर के अन्य बाजारों में पेंट प्रोटेक्शन के लिए इस बाजार का विकास एवं विस्तार करना है। वाहनों के पेंट का संरक्षण इस बाजार की बढ़ती जरूरत है और आज यह बाजर अत्यधिक असंगठित है। निप्पॉन पेंट पिछले 4 वर्षों से अपने कैम्पेन आधारित उत्पादों के विकास पर काम करती रही है।

पेज एक का शेष

## थाईलैंड, कंबोडिया

तत्काल पुष्टि नहीं की है। थाईलैंड और कंबोडिया की सीमा पर एक सुरंग में बृहस्पतिवार को हुए विस्फोट में पांच थाई सैनिकों के घायल होने के बाद दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हो गया था।

## पूर्वी कांगो

को गोली मार दी गई और हमें कम से कम तीन जले हुए शवों तथा कई मकानों के जल जाने की सूचना मिली है। तलाश अभियान जारी है। कोमांडा में स्थित इतुरी प्रांत में कांगो सेना के एक प्रवक्ता ने 10 लोगों की मौत की पुष्टि की है।

## जनप्रतिनिधि

माध्यम से समयबद्ध पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग को निर्देश दिया कि विभाग द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से संबंधित शिलापट्ट पर स्थानीय जनप्रतिनिधि के नाम अंकित किये जाने चाहिए। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने संवाद की शुरुआत प्रत्येक जन प्रतिनिधि से सीधे संवाद करते हुए की। उन्होंने उनके निर्वाचन क्षेत्रों की जमीनी परिस्थितियों, जन अपेक्षाओं, विकास कार्यों की प्रगति और प्रशासनिक समन्वय पर विस्तार से जानकारी ली। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सतत और संतुलित विकास में कानपुर मंडल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मंडल राज्य की औद्योगिक और शैक्षणिक रीढ़ तो है ही, साथ ही साथ यह सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक चेतना और जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का भी केन्द्र है।

## योगी ने

कालिंजर किले का स्मरण, हमारे गौरवशाली अतीत की महिमा को पुनः जाग्रत करने वाला है। योगी ने पोस्ट में कहा, कालिंजर किला वह अजेय गाथा है, जिसने महमूद गजनवी जैसे क्रूर आक्रांताओं के बार-बार आक्रमणों के बावजूद कभी आत्मसमर्पण नहीं किया। यह किला न केवल स्थापत्य की दृष्टि से अद्भुत है, अपितु भारतीय स्वाभिमान और सांस्कृतिक अस्मिता का अमिट प्रतीक भी है। उन्होंने कहा, बुन्देलखण्ड की वीर भूमि पर स्थित झांसी, ग्वालियर, दतिया, अजयगढ़, गढ़कुंडार व चंदेरी जैसे अनेकों किलों की ऊंची-ऊंची प्राचीरें आज भी वीरता की वह गूंज सुनाती हैं, जब मातृभूमि की रक्षा के लिए हमारे पूर्वजों ने अपने प्राण अर्पित कर दिए।

## भारत के

दस्तावेज है, जो 1215 में इंग्लैंड के राजा जॉन द्वारा हस्ताक्षरित किया गया था। यह दस्तावेज राजा की शक्तियों पर अंकुश लगाने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए बनाया गया था।

## बच्चों में

पैदा हुई। छोटे-छोटे बच्चे अब कहते हैं, हम भी अंतरिक्ष में जाएंगेअ हम भी चांद पर उतरेंगे - हम भी अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनेंगे। इंस्पायर-मानक अभियान के बारे में बात करते हुए मोदी ने कहा कि यह बच्चों में नवाचार को बढ़ावा देने का अभियान है। उन्होंने कहा, इसमें हर स्कूल से पांच बच्चों का चयन किया जाता है। हर बच्चा एक नया विचार लेकर आता है। अब तक लाखों बच्चे इससे जुड़ चुके हैं और चंद्रयान-3 के बाद इनकी संख्या दोगुनी हो गई है। मोदी ने कहा कि पूरे भारत में बच्चों में अंतरिक्ष के प्रति जिज्ञासा की एक नयी लहर उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि देश में अंतरिक्ष के क्षेत्र से जुड़े स्टार्टअप भी तेजी से उभर रहे हैं। उन्होंने कहा, पांच साल पहले 50 से भी कम स्टार्टअप थे। आज अकेले अंतरिक्ष क्षेत्र में 200 से अधिक स्टार्टअप हैं। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नयी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले, हमारे छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय रसायन विज्ञान ओलंपियाड में पदक जीते। देवेश पंकज, संदीप कुची, देबदत्त प्रियदर्शी और उज्ज्वल केसरी, इन चारों ने भारत का नाम रोशन किया। गणित की दुनिया में भी भारत ने अपनी छवि मजबूत की है। ऑस्ट्रेलिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में हमारे छात्रों ने तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले महीने मुंबई में खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी ओलंपियाड आयोजित होने जा रहा है। यह अब तक का सबसे बड़ा ओलंपियाड होगा। मोदी ने कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है कि वीरता और दूरदर्शिता के प्रतीक 12 मराठा किलों को यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन) विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में ग्यारह किले, तमिलनाडु में एक। हर किले से इतिहास का एक अध्याय जुड़ा है। हर पत्थर एक ऐतिहासिक घटना का साक्षी है...सल्हेर किला, जहां मुगलों को हराया गया था, शिवनेरी, जहां छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म हुआ था। एक ऐसा किला, जो दुश्मन के लिए अभेद्य है। खानदेरी किला समुद्र के बीच में बना एक अद्भुत किला है। मोदी ने कहा, दुश्मन उन्हें रोकना चाहता था, लेकिन शिवाजी महाराज ने असंभव को संभव कर दिखाया। प्रतापगढ़ किला, जहां अफजल खान को हराया गया था, उस गाथा की गूंज आज भी किले की दीवारों में समाई है।

## बिहार की

और नहीं मिल रहे लोगों की सूची राज्य के सभी 12 प्रमुख राजनीतिक दलों को मुहैया करा दी थी। साथ ही अनुरोध किया था कि यदि किसी को इनके बारे में कोई जानकारी है तो उस क्षेत्र के बीएलओ को तुरंत सूचित करें। गौरतलब है कि बिहार में मौजूदा समय में 7.90 करोड़ मतदाता है।

## कुशीनगर में

थाना कोतवाली पडरौना, मो. साहब अंसारी पुत्र इसराइल अंसारी निवासी नोनिया पट्टी थाना कोतवाली पडरौना, तौफीक अंसारी पुत्र गब्बू अंसारी निवासी जंगल जगदीशपुर विशुनपट्टी थाना कोतवाली पडरौना, जीशान कमर पुत्र जियाउल कमर साकिन बड़हरागंज थाना कोतवाली पडरौना, मजहर पुत्र मो.सफीक साकिन नगरी थाना कोतवाली पडरौना, कैसर जहाँ पुत्री अनवर अंसारी साकिन चखनी व फातिमा पत्नी अनवर साकिन चखनी भोज शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है जो हिन्दू युवतियों को अपना टारगेट बनाता है। इस प्रकरण में भी हिन्दू युवती को कई वर्षों से टारगेट में लिया गया था और बहला-फुसलाकर व प्रलोभन देकर अपने प्रेम जाल में फंसाकर उसका धर्म परिवर्तित करा दिया गया। गिरोह का सरगना तौफीक अंसारी, पीड़िता के अश्लील वीडियो और धर्म परिवर्तन की रिकॉर्डिंग का उपयोग परिजनों को ब्लैकमेल करने के लिए करता था। कैसर जहां और फातिमा ने पीड़िता को इस्लामिक सामग्री दिखाकर ब्रेनवॉश करने में सहयोग किया। घटना में शामिल गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

## मनसा देवी

की और मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। चश्मदीदों के अनुसार, हादसा सुबह करीब 9 बजे हुआ जब भीड़ के बीच यह बात फैली कि रेलिंग में करंट दौड़ गया है, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। मंदिर में उस समय भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन को निर्देशित किया है कि भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा उपायों और व्यवस्थाओं की पुनरवलोकन कर ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। सचिव सुमन ने बताया कि सभी घायलों को तत्काल चिकित्सकीय सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से राहत और पुनर्वास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी निगरानी, आपात निकासी मार्गों की व्यवस्था, दिशा संकेतक बोर्ड और स्थानीय प्रशासनिक समन्वय को और अधिक मजबूत करने के निर्देश भी जारी किए हैं। सचिव सुमन ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें। उन्होंने यह भी दोहराया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## कपिल

(झांसी) को 21-17, 21-16 से परास्त कर कपिल सलोनिया ने तीसरे खिताब मे भी कब्जा किया। पुरस्कार वितरण मुख्य डॉ. नवनीत सहगल, अध्यक्ष उप्र. बैडमिंटन संघ, चेयरमैन प्रसार भारती भारत सरकार, मुख्य अतिथि विराज सागर दास, चेयरमैन उप्र. बैडमिंटन संघ ने एक लाख रुपये एवं ट्राफी, मैडल बाटकर खिलाड़ियों का मनोबल बढाया व सबको आशीर्वाद साहित बधाइयां दी। इस अवसर पर डॉ. सुधर्मा सिंह सचिव उप्र. बैडमिंटन संघ, अरूण कक्कड़ उपाध्यक्ष उप्र. बैडमिंटन संघ, जिला सचिव अनिल ध्यानी, मुख्य निर्णायक रविन्द्र चौहान, डॉ. योगेश शेट्टी, डॉ. अनुराग दीक्षित, देवेंद्र कौशल (पूर्व कोच) अभिजीत यादव आदि मौजूद रहे।

## यूपी ओलंपिक

कोष से प्रदेश के खिलाड़ी आर्थिक सहायता पा सकते हैं। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना का लाभ भी प्रदेश के उदीयमान खिलाड़ियों तक पहुंचे, इसके प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने एसोसिएशन की वेबसाइट विकसित करने और खेल मैदानों में हेल्थ एटीएम स्थापित करने का भी सुझाव दिया, जिस पर चेयरमैन बृजेश पाठक ने सकारात्मक रूप से कार्य करने की बात कही। बैठक के दौरान कोषाध्यक्ष डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी ने एसोसिएशन का वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस पर आर्थिक सुदृढ़ता को प्राथमिकता देते हुए चेयरमैन ब्रजेश पाठक ने एसोसिएशन को 51 हजार रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने जानकारी देते हुए कहा कि आयोजन की कार्ययोजना तैयार कर भारतीय ओलंपिक संघ को इस बारे में प्रस्ताव भेजा जाएगा। यूपीओए की ओर से नेशनल यूथ गेम्स का आयोजन उत्तर प्रदेश में कराने के लिए दावेदारी की जाएगी। इन खेलों का प्रथम संस्करण साल 2027 में हो, जिसमें 12-15 प्रमुख खेलों के आयोजन की योजना बनायी जा रही है। आगामी नेशनल गेम्स से पहले यूपी के खिलाड़ियों की तैयारी को बेहतर बनाने के लिए यूपी स्टेट गेम्स का भी आयोजन किया जाएगा। भविष्य में उत्तर प्रदेश नेशनल गेम्स की मेजबानी का दावा भी पेश करेगा जिसके लिए प्रदेश में आवश्यक आधारभूत सुविधाएं मौजूद हैं। यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक (एमएलसी), एसोसिएट उपाध्यक्ष ओपी सिंह (पूर्व खेल मंत्री), एसोसिएट उपाध्यक्ष वीके सिंह (आईपीएस, एडीजी), यूपी जिम्नास्टिक एसोसिएशन से यूके मिश्रा व यूपीओए कोषाध्यक्ष डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी ने भी 51-51 हजार रुपये सहयोग राशि देने की घोषणा की। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न खेल संघों व जिला ओलंपिक संघों के पदाधिकारीगण मौजूद थे जिसमें यूपीओए के उपाध्यक्ष सुधीर हलवासिया व अभिजीत सरकार सहित पद्मश्री सुधा सिंह (ओलंपियन व एशियाड स्वर्ण पदक विजेता एथलीट) व गुलाब चंद्र (अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता एथलीट) सहित उत्तर प्रदेश वॉलीबाल संघ के सचिव सुनील कुमार तिवारी, उत्तर प्रदेश बाक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रोहित पाण्डेय व उपाध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री, उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा, उत्तर प्रदेश तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष जतिन वर्मा व सचिव यूजिन पाल, उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो के सचिव डा.रजत आदित्य दीक्षित और कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के सचिव जसपाल सिंह और उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी सचिव अमित पाण्डेय, कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।




# भारत- इंग्लैंड मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ

## जडेजा-सुंदर ने नाबाद 203 रन की साझेदारी कर टीम को पारी की हार से बचाया

एजेंसी

मैनचेस्टर। टीम इंडिया ने दूसरी पारी में 143 ओवर बैटिंग कर मैनचेस्टर टेस्ट को हार से ड्रॉ में बदल दिया। टीम से शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर ने शतक लगाया। वहीं केएल राहुल ने 90 रन की पारी खेली। ओल्ड ट्रैफर्ड में पहली पारी में भारत ने 358 और इंग्लैंड ने 669 रन बनाए थे। भारत ने दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 425 रन बनाए और मुकाबला ड्रॉ करा दिया। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट ड्रॉ होने के बावजूद इंग्लैंड के पास सीरीज में 2-1 की बढ़त है। सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जाएगा। यहां अगर इंग्लैंड जीता तो टीम सीरीज जीत लेगी, वहीं भारत जीता तो टीम यहां लगातार दूसरी टेस्ट सीरीज ड्रॉ करा लेगी। इंग्लैंड से जो रूट ने 150, बेन स्टोक्स ने 141, बेन डकेट ने 94, जैक क्रॉली ने 84 और ओली पोप ने 71 रन बनाए। स्टोक्स ने 5 और जोफ्रा आर्चर ने 3 विकेट लिए। पहली पारी में भारत से साई सुदर्शन ने 61, यशस्वी जायसवाल ने 58 और ऋषभ पंत ने 54 रन बनाए थे।

भारत ने मैनचेस्टर टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ पारी की हार टाल दी है। टीम इंडिया ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 356रन बना लिए हैं। टीम 45 रन आगे हैं। वॉशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा नाबाद हैं। दोनों शतकीय साझेदारी कर चुके हैं। इस सीरीज में जडेजा 5वीं फिफ्टी लगा चुके हैं। जबकि सुंदर ने पहला अर्धशतक बनाया है। रविवार को मुकाबले का आखिरी दिन है और आखिरी सेशन जारी है। इंग्लैंड जीत से 6 विकेट दूर है, जबकि भारत को मैच ड्रॉ कराने के लिए 25 ओवर बैटिंग करनी है। टीम इंडिया ने लंच ब्रेक से पहले कप्तान शुभमन गिल (103) और केएल राहुल (90 रन) के विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में टीम इंडिया पर पारी की हार का खतरा मंडरा रहा था। आज भारतीय टीम ने 174/2 के स्कोर दिन की शुरूआत की। इंग्लैंड ने पहली पारी में 311 रन की बढ़त ली। टीम 669 रन पर ऑलआउट हुई, जबकि भारतीय टीम 358 रन पर ऑलआउट हुई।



कप्तान शुभमन गिल (103) की शतकीय पारी के दम पर भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन रविवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ लंच के विश्राम तक चार विकेट पर 223 रन बनाकर मैच बचाने का अपना संघर्ष जारी रखा। पहली पारी में 311 रन से पिछड़ने वाली भारतीय टीम अब भी इंग्लैंड से 88 रन पीछे हैं। लंच तक वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 21) के साथ रविंद्र जडेजा खाता खोले बिना क्रीज पर मौजूद थे।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कंधे में दर्द के बावजूद गेंदबाजी करने का फैसला किया और लोकेश राहुल (90) को आउट कर गिल के साथ तीसरे विकेट के लिए 188 रन की साझेदारी को तोड़ा। राहुल के आउट होने के बाद गिल ने धैर्य से बल्लेबाजी की लेकिन शतक पूरा करने के बाद लंच से पहले जोफ्रा आर्चर की गेंद पर बल्ला अड़ाकर विकेटकीपर जैमी स्मिथ को कैच दे बैठे। भारत ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 174 रन से की। टीम इस समय इंग्लैंड की पहली पारी के रनों को बराबरी करने के लिए और 137 रन की जरूरत थी। बीते दिन के नाबाद बल्लेबाज गिल और राहुल ने उस अंदाज में बल्लेबाजी शुरू की जैसी उन्होंने मैच के चौथे दिन के आखिरी दो सत्र में की थी। भारतीय टीम अगर अगले दो सत्र में डट कर बल्लेबाजी करने में सफल रही तो गिल की इस शतकीय पारी का महत्व और बढ़ जायेगा। ज षभ पंत की चोट को देखते हुए यह हालांकि काफी मुश्किल होगा क्योंकि सुंदर और जडेजा के बाद भारतीय बल्लेबाजी काफी कमजोर है। भारत मैच में अब भी काफी पीछे था ऐसे में आउट होने के बाद गिल के चेहरे पर निराशा साफ झलक रही थी। गिल और राहुल ने उस समय मोर्चा संभाला था जब टीम ने बिना किसी रन के दो विकेट गंवा दिए थे। उनकी 421 गेंद तक चली मैराथन साझेदारी आखिरकार तब टूटी जब स्टोक्स की गेंद टप्पा खाने के बाद तेजी से राहुल के पैड से टकरा गयी और अंपायर ने उन्हें बिना देरी किये पगबाधा करार दिया। इसके तुरंत बाद स्टोक्स की लगभग इसी लेंथ की गेंद गिल को चकमा देते हुए उनकी उंगलियों और हेलमेट से टकरा गयी। गिल इसके बाद काफी दर्द में दिखे और फिजियो ने मैदान पर उनकी उंगली का उपचार किया।

## गिल शारदुल को नहीं, कुलदीप को खिलाना चाहते थे : गावस्कर



मैनचेस्टर। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि शुभमन गिल को अंतिम एकादश चुनने में शायद अंतिम फैसला लेने का अधिकार नहीं था। उनका कहना है कि यह फैसला पूरी तरह से कप्तान का होना चाहिए और मुख्य कोच सहित किसी और का इस पर प्रभाव नहीं होना चाहिए। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को लगातार टीम में नहीं चुने जाने पर तीखी बहस छिड़ गई है, विशेषकर जो रूट के मौजूदा चौथे टेस्ट में रिकॉर्ड शतक के बाद जहां वह रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट क्रिकेट में दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।

रूट के नाम अब 13,409 रन हैं और केवल सचिन तेंदुलकर (15,291 रन) उनसे आगे हैं। गावस्कर ने सोनी स्पोर्ट्स पर कहा आखिरकार, यह कप्तान की टीम होती है। उन्होंने आगे कहा हो सकता है कि शुभमन शारदुल को टीम में नहीं चाहते थे और कुलदीप को चाहते थे। रूट को 2018 में मैनचेस्टर और लॉर्ड्स में दो सीमित ओवरों के मैच तीन गेंद पर दो बार आउट करने के बावजूद कुलदीप अब तक पूरी टेस्ट श्रृंखला में बाहर रहे हैं। आम धारणा यह है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने ऐसे गेंदबाजों पर जोर दिया है जो बल्ले से योगदान दे सकें, विशेषकर हेडिंग्ले टेस्ट में भारत के तीन विकेट पर 430 रन बनाने के बावजूद अगले 11 ओवर में 471 पर ऑल आउट होने के बाद।

गावस्कर का मानना था कि कुलदीप को एकादश का हिस्सा होना चाहिए था। उन्होंने कहा उसे टीम में वह मिलना चाहिए था। वह कप्तान है। लोग उसके और उसकी कप्तानी के बारे में बात करेंगे। इसलिए यह फैसला असल में उसका ही होना चाहिए। पूर्व भारतीय कप्तान का यह भी मानना था कि आंतरिक मतभेदों या चयन के मुद्दों को जानबूझकर छुपाया जा सकता है जिससे यह दिखाया जा सके कि ड्रेसिंग रूम में सब कुछ ठीक है।

गावस्कर ने कहा मुझे पता है कि सब कुछ ठीक-ठाक दिखाने के लिए ये बातें शायद सामने न आएं। सच तो यह है कि कप्तान जिम्मेदार है। वही एकादश का नेतृत्व करेगा। यह सामान्य सी बात है। गावस्कर ने कहा कि उनके कप्तानी कार्यकाल में चीजें अलग तरह से होती थीं, जब टीम का चयन पूरी तरह से कप्तान का विशेषाधिकार होता था और कोच की अवधारणा ही नहीं थी।

## संक्षेप

### आईटीबीपी ने केएएमएस-एफसी को 2-1 से हराया

कोकराझार। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) फुटबॉल टीम ने डूरंड कप में अपने पदार्पण को यादगार बनाते हुए रविवार को यहां ग्रुप डी मैच में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही कार्बी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार एफसी (केएएमएसएफसी) को 2-1 से हराया। आई-लीग 3 में खेलने वाली केएएमएसएफसी को 23वें मिनट के बाद से ही 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब घाना के सेंटर-बैक बेन नैश क्वांश को रेड कार्ड दिखाया गया। दोनों ही नई टीमें मिडफील्ड पर नियंत्रण पाने की कोशिश कर रही थीं लेकिन असम की टीम ने लुनमिनलेन हाओकिप के गोल से बढत कायम की। आईटीबीपी ने एक खिलाड़ी के फायदे का इस्तेमाल करते हुए गेंद पर बेहतर नियंत्रण बनाया और पुलुंग डियामरी तथा हेमराज भुजेल के गोलों से जीत दर्ज कर पूरे तीन अंक हासिल किये।

### दीक्षा स्कॉटिश ओपन में 48वें स्थान पर

नॉर्थ आयशर (स्कॉटलैंड)। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर 2025 आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद 11 स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 48वें स्थान पर हैं। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो बार की विजेता 24 साल की दीक्षा ने तीसरे दौर में दो बर्डी और एक बोगी से एक अंडर 71 का स्कोर बनाया। वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से 59वें स्थान पर थीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही दो अन्य भारतीय प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक इससे पहले कट हासिल करने में नाकाम रहीं। इंग्लैंड की लेटी वोएड ने तीसरे दौर में पांच अंडर 67 के स्कोर से दो शॉट की बढ़त बना ली है।

### अटवाल सीनियर ओपन में शीर्ष भारतीय

सनिंगडेल (ब्रिटेन)। अर्जुन अटवाल यहां आईएसपीएस हांडा सीनियर ओपन गोल्फ के तीसरे दौर में 1-अंडर 69 का स्कोर करने के बाद संयुक्त 29वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में तालिका में शीर्ष पर है। सीनियर्स टूर पर अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे अटवाल ने शुरुआती दो दौर में 67 और 72 के कार्ड खेले थे। 54 होल के खेल के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर का है। ज्योति रंधावा (70-71-70) एक ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 50वें स्थान पर है, जबकि जीव मिल्खा सिंह (71-69-74) पांच-ओवर के स्कोर साथ संयुक्त 69वें स्थान पर है।

## लेलाह फर्नांडिज व अन्ना कालिन्सकाया फाइनल में

एजेंसी



वाशिंगटन। लेलाह फर्नांडिज हार्ड कोर्ट टेनिस प्रतियोगिता डीसी ओपन के फाइनल में सत्र का पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने उतरेंगी जबकि अन्ना कालिन्सकाया की नजरें करियर के पहले खिताब पर होंगी। अमेरिकी ओपन 2021 की उप विजेता फर्नांडिज ने 12 ऐस लगाते हुए सेमीफाइनल में शनिवार को 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना को तीन घंटे और 16 मिनट में 6-7, 7-6, 7-6 से हराया। कालिन्सकाया ने हालांकि फर्नांडिज से आधे से भी कम समय में ऐमा राडुकानु को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल में जगह बनाने वाली फर्नांडिज और कालिन्सकाया दोनों गैरवरीय खिलाड़ी हैं। पुरुष एकल में सातवें वरीय एलेक्स डि मनोर ने कोरेंटिन मोटेट को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत चौथे वरीय बेन शेल्टन और 12वें वरीय एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी।

**भारतीय टेबल टेनिस को लगातार चैंपियन देने के लिए एक व्यवस्था की जरूरत: शरत कमल**

नयी दिल्ली। अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल का मानना है कि भारतीय टेबल टेनिस को युवा प्रतिभाओं को सीनियर स्तर पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ने में मदद करने के लिए एक सुस्पष्ट प्रणाली की आवश्यकता है। हालांकि हाल के परिणाम उत्साहजनक रहे हैं लेकिन 43 वर्षीय शरत का कहना है कि दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने वाली प्रणाली के बिना केवल प्रतिभा ही पर्याप्त नहीं है। शरत ने बताया, हम एक-दो सितारों पर निर्भर नहीं रह सकते, हमें एक ऐसी संरचना की आवश्यकता है जो लगातार चैंपियन तैयार करे। उन्होंने कहा युवा प्रतिभाएं तो बहुत हैं लेकिन मुख्य समस्या बदलाव के दौर की है। जब तक हम सही व्यवस्था नहीं अपनाते, हम जूनियर चैंपियन को सीनियर चैंपियन बनते नहीं देख पाएंगे।

## ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टी-20 में वेस्टइंडीज को हराया

एजेंसी



बासेटेरे (सेंट किट्स)। कैमरन ग्रीन और जोश इंग्लिस के अर्धशतक से ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 4-0 की बढ़त बना ली। वेस्टइंडीज के 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने ग्रीन (नाबाद 55, 35 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) और इंग्लिस (51 रन, 30 गेंद, 10 चौके, एक छक्का) की पारियों की बदौलत 19.2 ओवर में सात विकेट पर 206 रन बनाकर जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज की ओर से जेडिया ब्लेड्स ने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाए। वेस्टइंडीज ने इससे पहले नौ विकेट पर 205 रन बनाए लेकिन उसकी तरफ से कोई बल्लेबाज टिककर बड़ी पारी नहीं खेल पाया। मेजबान टीम के चार बल्लेबाजों ने 20 रन के आंकड़े को पार किया जिसमें शेरफेन रदरफोर्ड 31 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से आरोन हार्डी, जेवियर बार्टलेट, और सीन एबट ने दो-दो जबकि एडम जंपा ने तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने पारी की दूसरी ही गेंद पर मिचेल मार्श (00) का विकेट गंवा दिया जिन्हें ब्लेड्स ने पगबाधा किया। इंग्लिस ने इसके बाद सलामी बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल (47) के साथ दूसरे विकेट के लिए 66 और ग्रीन के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया की जीत की नींव रखी। ग्रीन ने आरोन हार्डी (23) के साथ भी छठे विकेट के लिए 51 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की।

○ ग्रीन और इंग्लिस के अर्धशतक

## तिलक वर्मा दलीप ट्रॉफी में दक्षिण क्षेत्र की अगुवाई करेंगे

बेंगलुरु। भारतीय बल्लेबाज एन तिलक वर्मा को अगले महीने होने वाली घरेलू सत्र की शुरुआती टूर्नामेंट दिलीप ट्रॉफी के लिए दक्षिण क्षेत्र का कप्तान बनाया गया है। बाईस बरस के तिलक ने भारत के लिए चार वनडे और 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है। वह शानदार लय में है और इंग्लैंड की काउंटी टीम हैम्पशर के लिए हाल ही में चार पारियों में 100, 56, 47 और 112 रन बनाए है। रणजी ट्रॉफी फाइनल तक शानदार प्रदर्शन करने वाले केरल के चार खिलाड़ियों ने 16 सदस्यीय टीम में जगह बनाई है। इसमें मोहम्मद अजहरुद्दीन टीम के उपकप्तान होंगे जबकि एम.डी. निधीश, बेसिल एन.पी. और सलमान निसार भी टीम में जगह पाने में सफल रहे। तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज नारायण जगदीशन (जो चोटिल ज षभ पंत के विकल्प के तौर पर इंग्लैंड गए हैं), बाएं हाथ के अनुभवी स्पिनर आर. साई किशोर और मध्यक्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल भी टीम में हैं। भारत ए और कर्नाटक के तेज गेंदबाज वैशाख विजयकुमार दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करेंगे। पिछले रणजी सत्र में कर्नाटक के लिए 516 रनों के साथ सर्वाधिक रन बनाने वाले आर. स्मरण को स्टैंडबाय (वैकल्पिक खिलाड़ी) के तौर पर शामिल किया गया है। संभवतः ऐसा उस चोट के कारण किया गया है जो उन्हें मई में लगी थी। वह इस चोट के कारण आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद में शामिल नहीं हो पाए थे। इस साल दिलीप ट्रॉफी की छह टीमों के बीच क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो रही है। पिछले कुछ साल से इसका आयोजन भारत ए, बी, सी और डी टीमों के साथ होता था। जब यह टूर्नामेंट ए, बी, सी और डी प्रारूप में खेला जाता था।

### हॉकी इंडिया ने अनुदानों की घोषणा की, सात नवंबर को होगा महोत्सव

महाबलीपुरम। हॉकी इंडिया ने यहां अपनी 15वीं कांग्रेस के दौरान राष्ट्रीय और जमीनी स्तर के टूर्नामेंट के समर्थन के लिए अपने वित्तीय अनुदान में पर्याप्त वृद्धि की घोषणा की है। अब से सीनियर पुरुष और सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए 70-70 लाख रुपये, जूनियर पुरुष, जूनियर महिला, सब जूनियर पुरुष और सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन के लिए 30-30 लाख रुपये आवंटित किए जाएंगे। इसके अलावा जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के समर्थन के लिए प्रत्येक राज्य को 25 लाख रुपये दिए जाएंगे। हॉकी इंडिया ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इन बढ़े हुए अनुदानों का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, आयोजन की गुणवत्ता में सुधार करना और स्थानीय स्तर पर वित्तीय बाधाओं को कम करके व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस सहयोग से हजारों उभरते खिलाड़ियों, कोचों और जमीनी स्तर के अधिकारियों को लाभ होने की उम्मीद है जो भारतीय हॉकी के भविष्य की रीढ़ हैं। भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस कांग्रेस में कई ऐतिहासिक घोषणाएं हुईं जिनमें सात नवंबर को एक राष्ट्रव्यापी उत्सव का आयोजन भी शामिल है।

## चैंपियनशिप : अंकिता को मिले दो पदक, रजत व कांस्य

एजेंसी



राइन रूहर (जर्मनी)। स्टीपलचेज एथलीट अंकिता ने 9:31.99 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ 3000 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि पुरुषों की चार गुणा 100 मीटर रिले चौकड़ी ने कांस्य पदक अपने नाम किया जिससे भारतीय एथलीटों ने रविवार को विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) के अंतिम दिन अपना अभियान समाप्त किया।

मुनिता प्रजापति, मानसी नेगी और सेजल सिंह की तिकड़ी ने अंतिम दिन महिलाओं की 20 किमी टीम पैदलचाल में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। भारत ने इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में अपना अभियान दो स्वर्ण, पांच रजत और पांच कांस्य पदक के साथ समाप्त किया। कई भारतीय एथलीट अंतिम दिन ट्रैक स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा में थे, लेकिन केवल दो पदक ही जीत सके। 23 वर्षीय अंकिता ने अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 9:39.00 सेकेंड से लगभग सात सेकेंड कम समय में रजत पदक जीता। वह फिनलैंड की इलोना मारिया मोनोनेन (9:31.86 सेकेंड) से पीछे रहीं। जर्मनी की अदिया बुड्डे ने 9:33.34 सेकेंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता। शुक्रवार को अंकिता ने 9:54.79 सेकंड का समय निकालकर हीट। में शीर्ष स्थान हासिल किया था और फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। लालूप्रसाद भोई, अनिमेष कुजुर, मनिकांता होबलिधर और मृत्यम जयराम की पुरुषों की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम ने 38.89 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरिया ने 38.50 सेकेंड से स्वर्ण और दक्षिण अफ्रीका (38.80) ने रजत पदक हासिल किया। भारतीय महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने 3:35.08 सेकेंड से सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला, लेकिन यह पदक के लिए पर्याप्त नहीं था। अनखा बिजुकुमार, देवयानीबा जाला, रशदीप कौर और रूपल की चौकड़ी पांचवें स्थान पर रही। जर्मनी की टीम ने 3:29.68 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। विशाल कायालविझी, अश्विन लक्ष्मणन, जेरोम जयसीलन पनिमया और बालकृष्ण की भारतीय पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी 3:06.5 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रही। पोलैंड ने 3:03.64 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारतीय पैदल चाल एथलीटों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। कोई भी पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष 10 में भी जगह नहीं बना पाया। हालांकि कुछ ने व्यक्तिगत या सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला।

भारत की स्टीपलचेज एथलीट अंकिता ने रविवार को विश्व विश्वविद्यालय खेलों के अंतिम दिन 9:31.99 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ 3000 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीता। रविवार को कई भारतीय एथलीट ट्रैक स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। 23 वर्षीय अंकिता ने अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 9:39.00 सेकेंड से लगभग सात सेकेंड कम समय में रजत पदक जीता। वह फिनलैंड की इलोना मारिया मोनोनेन (9:31.86 सेकेंड) के मिली सेकेंड से पीछे रहीं। जर्मनी की अदिया बुड्डे ने 9:33.34 सेकेंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता। शुक्रवार को अंकिता ने 9:54.79 सेकंड का समय निकालकर हीट। में शीर्ष स्थान हासिल किया था और फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। सुबह के सत्र में अंकिता के पदक जीतने के साथ भारत ने इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में अपने पदकों की संख्या दो स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदकों तक पहुंचा दी है। भारतीय महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने 3:35.08 सेकेंड से सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला, लेकिन यह पदक के लिए पर्याप्त नहीं था। अनखा बिजुकुमार, देवयानीबा जाला, रशदीप कौर और रूपल की चौकड़ी पांचवें स्थान पर रही। जर्मनी की टीम ने 3:29.68 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। रिले स्पर्धाओं में भारत पारंपरिक रूप से मजबूत है जो पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर और चार गुणा 100 मीटर तथा महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले स्पर्धाओं में पदकों की संख्या को और बेहतर करने की कोशिश करेगा। भारतीय पैदल चाल एथलीटों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। कोई भी पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष 10 में भी जगह नहीं बना पाया। हालांकि कुछ ने व्यक्तिगत या सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला।

## ओलंपिक जीतने में सक्षम हैं घाटी के खिलाड़ी



एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल बिलकिस मीर का मानना है कि बर्फ से ढकी ढलानें, ग्लेशियर से निकलने वाली नदियां और खिलाड़ियों की नयी पीढ़ी को देखते हुए शीतकालीन खेलों और जलक्रीड़ा में राज्य के खिलाड़ियों के पास देश के लिए ओलंपिक पदक जीतने की क्षमता है। पेरिस ओलंपिक (2024) में जूरी सदस्य के रूप में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली भारतीय महिला मीर ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर और देश को पोडियम के शीर्ष स्थान पर देखना चाहती हैं और इस दिशा में अपने प्रयास जारी रखेंगी। श्रीनगर की इस 38 साल की खिलाड़ी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खिलाड़ियों के साथ नियमित बातचीत की प्रशंसा की और कहा कि यह एक खिलाड़ी के लिए बड़ा क्षण है और खेल संस्कृति बनाने की दिशा में एक कदम है। जल क्रीड़ा खिलाड़ी मीर ने वीडियो को दिये साक्षात्कार में कहा, मेरा सपना है कि जम्मू-कश्मीर और देश को वैश्विक मंच पर शीर्ष स्थान पर देखूं। जम्मू-कश्मीर में ओलंपिक में जलक्रीड़ा और शीतकालीन खेलों में भारत का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने की क्षमता है क्योंकि हमारे पास प्राकृतिक संसाधन होने के साथ-साथ आवश्यक प्रतिभा भी है जिसे बस निखारने की आवश्यकता है। कयाकिंग और कैनोइंग की प्रसिद्ध खिलाड़ी रही मीर ने कहा कि उन्होंने उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, मणिपुर और देश के भीतर तथा बाहर कई अन्य जगहों पर युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है लेकिन हमारे बच्चों (जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ी) में एशियाई खेल और ओलंपिक में जाने की बहुत क्षमता है और मुझे लगता है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने कहा कि सरकार को प्रमुख खिलाड़ियों और उपलब्धि हासिल करने वालों के साथ जुड़ना चाहिए क्योंकि उनके पास अपने खेलों में विशेषज्ञता है और वे भविष्य के लिए एक खाका बनाने में सहायता कर सकते हैं। उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि एक बिलकिस मीर की बजाय, यहां से हजारों लड़कियां निकलेंगी और जम्मू-कश्मीर तथा देश को गर्व महसूस कराएंगी। मीर हाल ही में तब सुर्खियों में थीं जब उन्होंने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा दायर एक एफआईआर को रद्द करवाने के लिए अपनी तीन साल की कानूनी लड़ाई जीती। जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय ने अधिकारियों की कड़ी निंदा करते हुए कहा था कि ऐसा लगता है कि सत्ता में बैठे लोग ऐसे प्रतिभाशाली लोगों को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मीर के 28



साल के शानदार करियर का आगाज आठ साल की उम्र में ही शुरू हो गया था। उनकी उपलब्धियों में हंगरी में 2009 कैनोइंग और कयाकिंग विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर आठवां स्थान हासिल करना है। उन्हें कैनोइंग और कयाकिंग से जुड़ी भारत की आयु वर्ग से लेकर सीनियर टीम तक को कोचिंग देने का अनुभव है।

# युद्ध गोलियों-बंदूकों से ही नहीं जीते जाते

## संसाधन प्रबंधन ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में एक निर्णायक कारक था : राजनाथ

एजेंसी



वडोदरा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाकर भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से मई में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में विभिन्न एजेंसियों द्वारा संसाधनों (लॉजिस्टिक) का प्रबंधन एक निर्णायक कारक था। राजनाथ वडोदरा में रेल मंत्रालय के तहत आने वाले गति शक्ति विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों और अध्यापकों को डिजिटल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, दुनिया जिस तेजी से बदल रही है, वह प्रभावी एवं चौंकाने वाली भी है।

रक्षा क्षेत्र भी बदल रहा है और युद्ध के तरीकों में भी बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। आज के दौर में युद्ध सिर्फ बंदूकों और गोलियों से नहीं, बल्कि समयबद्ध तरीके (चीजों का प्रंधन करने) से जीते जाते हैं। राजनाथ ने इस बात पर जोर दिया कि संसाधनों का प्रबंधन युद्ध के मैदान में देश का भाग्य तय करता है। उन्होंने कहा कि जीत और हार जरूरी संसाधनों से तय होती है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने इसे देखा। राजनाथ ने कहा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में संसाधनों का प्रबंधन एक निर्णायक कारक था। विभिन्न एजेंसियों ने हमारे सशस्त्र बलों को जुटाने से लेकर सही समय पर सही जगह पर आवश्यक सामग्री पहुंचाने तक, जिस तरह से जरूरी संसाधनों का प्रबंधन किया, वह ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में एक निर्णायक कारक साबित हुआ। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक को केवल सामान पहुंचाने की प्रक्रिया के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा संसाधन ही युद्धक्षेत्र को युद्धक्षेत्र बनाते हैं। संसाधनों के बिना, यह एक असमंजस का क्षेत्र बन जाएगा। युद्ध के दौरान अगर हथियार और गोला-बारूद सही समय पर सही जगह न पहुंचें, तो इसका कोई मतलब नहीं है। हमारा संसाधन प्रबंधन जितना मजबूत होगा, हमारी सीमाएं भी उतनी ही सुरक्षित होंगी। उन्होंने कहा आज हम ऐसे दौर में हैं, जहां ताकत सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि समय पर संसाधन प्रबंधन से मापी जाती है।

चाहे युद्ध हो, आपदा हो या वैश्विक महामारी, यह सिद्ध हो चुका है कि जो राष्ट्र अपनी आपूर्ति शृंखला को मजबूत रखता है, वह सबसे स्थिर, सुरक्षित और सक्षम होता है। राजनाथ ने कहा कि सेना के लिए संसाधन प्रबंधन का मतलब है कि हथियार, ईंधन, राशन और दवाइयां बिना किसी देरी के दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचें, जबकि नौसेना के मामले में इसका अर्थ यह सुनिश्चित करना है कि जहाजों को समय पर कलपुर्जे और अन्य उपकरण उपलब्ध हों। रक्षा मंत्री ने कहा और हमारी वायु सेना के लिए इसका मतलब यह सुनिश्चित करना है कि जमीनी सहायता और निर्बाध ईंधन आपूर्ति की मदद से जेट विमान बिना किसी बाधा के उड़ान भरना जारी रखें। जरा सोचिए, अगर हमारे पास उन्नत मिसाइल प्रणालियां हैं, लेकिन उन्हें प्रक्षेपित करने के लिए जरूरी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण समय पर नहीं पहुंचते, तो उस तकनीकी का कोई फायदा नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पीएम गति शक्ति पहल, लॉजिस्टिक एकीकरण के विचार का ही विस्तार है।

## धनखड़ के इस्तीफे का कारण नहीं पता : खरगे



विजयपुरा (कर्नाटक)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि उन्हें जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के वास्तविक कारण के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि धनखड़ को बताना होगा कि वास्तव में क्या हुआ था, क्योंकि मामला उनके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच का है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि धनखड़ ने हमेशा सरकार का पक्ष लिया। उन्होंने कहा कि जब भी विपक्ष ने मुद्दे उठाने की कोशिश की, चाहे वह किसानों या गरीबों से संबंधित हो या विदेश नीति से जुड़ा हो, उन्होंने कभी भी विपक्ष को ऐसा करने की अनुमति नहीं दी। यह सवाल पूछे जाने पर कि क्या धनखड़ को किसानों के पक्ष में बोलने के कारण इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा, खरगे ने कहा, मुझे ये सब जानकारी नहीं है। वह (धनखड़) हमेशा सरकार के पक्ष में रहे। उन्हें बताना चाहिए कि क्या हुआ था। खरगे ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, जब हमने किसानों, गरीबों, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों या विदेश नीति से संबंधित कई मुद्दे उठाए तो उन्होंने (राज्यसभा में सभापति के तौर पर) हमें कभी मौका नहीं दिया। उन्होंने कहा, जब हमने गरीबों, महिलाओं, दलितों और वंचितों पर अत्याचार तथा हिंदू-मुस्लिम टकराव जैसे मुद्दों पर नोटिस देकर मुद्दे उठाने की कोशिश की, तो उन्होंने हमें मौका नहीं दिया। यह (धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे का कारण) उनके और मोदी के बीच का मामला है। हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। धनखड़ ने 21 जुलाई की शाम अचानक चिकित्सा कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे राजनीतिक हलकों में अटकलें तेज हो गईं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे अपने त्यागपत्र में धनखड़ ने कहा कि वह स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने के लिए तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष को बदलने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में खरगे ने कहा, ये सारी बातें अभी नहीं कही जा सकतीं। बाद में बोलेंगे। वर्तमान में, उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार विस्तारित कार्यकाल के लिये कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष पद पर हैं। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर उन्हें बदलने की आवाज उठ रही है, क्योंकि वह दो प्रमुख पदों पर हैं।

### संक्षेप

## ज्ञान के बिना अधिकार किसी काम के नहीं : न्यायाधीश गवई

श्रीनगर। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने रविवार को कहा कि ज्ञान के बिना अधिकार किसी काम के नहीं हैं। उन्होंने नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के महत्व पर जोर दिया। न्यायमूर्ति गवई ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) के उत्तरी क्षेत्र क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि अतीत की विसंगतियों को दूर करने और कश्मीर को उसके पुराने स्वरूप में लौटाने की जरूरत है, जहां सभी समुदाय सद्भाव के साथ रहते थे। उन्होंने कहा न्यायाधीशों और वकीलों को मिलकर देश के अंतिम नागरिक के लिए न्याय सुनिश्चित करना होगा। नालसा इसी दिशा में काम करता है। हम नालसा के काम को देश के दूरदराज के इलाकों तक ले जाने की कोशिश कर रहे हैं-चाहे वह लद्दाख हो, पूर्वोत्तर हो या राजस्थान। जब तक लोगों को अपने अधिकारों का ज्ञान नहीं होगा, तब तक इन अधिकारों का कोई मतलब नहीं है। कश्मीर की पिछले 35 वर्षों की स्थिति का स्पष्ट संदर्भ देते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि कुछ विसंगतियां रही हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कुछ विसंगतियां रही हैं, लेकिन हमें इन्हें दूर करने के लिए काम करना होगा।

## फिल्म पायरेसी में शामिल लोगों को तीन साल कैद की सजा दी जा सकेगी : केंद्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। डिजिटल पायरेसी पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार ने कानूनों में संशोधन करके फिल्मों की अवैध रिकॉर्डिंग और प्रसारण में शामिल लोगों के लिए तीन साल तक की कैद और निर्माण लागत के पांच प्रतिशत तक के कठोर जुर्माने का प्रावधान किया है। पायरेसी का आशय सॉफ्टवेयर, संगीत, फिल्मों और पुस्तकों जैसी कॉपीराइट सामग्री के अनधिकृत पुनरुत्पादन, वितरण या उपयोग से है। सरकार ने फिल्म पायरेसी के खिलाफ प्रावधानों को मजबूत करने के लिए दो साल पहले सिनेमैटोग्राफ अधिनियम में ये बदलाव किए थे। सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने पिछले हफ्ते संसद को बताया, इन संशोधनों में न्यूनतम तीन महीने की कैद और तीन लाख रुपये के जुर्माने की सख्त सजा शामिल है, जिसे तीन साल की कैद और ऑडिट की गई सकल निर्माण लागत के पांच प्रतिशत तक के जुर्माने तक बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिनेमैटोग्राफ अधिनियम की धारा 6एए और 6एबी फिल्मों की अनधिकृत रिकॉर्डिंग और प्रसारण पर रोक लगाती है।

## जम्मू-कश्मीर में अतिवादी तत्वों को न दें जगह : रिजीजू

एजेंसी



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के लोगों को बेहद सकारात्मक और प्रगति चाहने वाला बताते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि देश के बाहर से कुछ अराजक तत्व केंद्र शासित प्रदेश में शांति और विकास को पटरी से उतारने की कोशिश कर रहे हैं।

रीजीजू ने कहा कि एक मजबूत भारत एक मजबूत जम्मू-कश्मीर के बिना अधूरा है और स्थानीय युवाओं को आश्वासन दिया कि हम आपको अपनी आवाज बुलंद करने और अपनी बात कहने का पूरा मौका देकर आपको गौरवान्वित करेंगे। कश्मीर विश्वविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन 2025 को संबोधित कर रहे संसदीय एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने जोर देकर कहा कि राजनेताओं को देश के हित में राजनीतिक मतभेदों को भूलना चाहिए और प्रेम की दुकानें खोलने के बजाय प्रेम के मार्ग पर एक साथ चलना चाहिए। उन्होंने अप्रैल में कश्मीर की अपनी पिछली यात्रा के दौरान डल झील के किनारे एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ हुई अपनी आकस्मिक मुलाकात का भी जिक्र किया और कहा कि सुबह-सुबह अचानक हुई इस मुलाकात से राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया, जो नहीं होना चाहिए था।

मंत्री ने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम उस महान यात्रा, विकसित भारत यात्रा का हिस्सा बनें। इसलिए, हम आएंगे और सभी बाधाओं को पार करेंगे। हमें राजनीतिक मतभेदों को भूलना होगा। हम अलग-अलग राजनीतिक मैदानों पर हो सकते हैं। आइए हम प्यार और खुशी के साथ आगे बढ़ें।

## संसद में चर्चा से पहले राहुल पाक के विमर्श को दोहरा रहे : भाजपा

एजेंसी



नयी दिल्ली। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को राहुल गांधी पर पाकिस्तान का विमर्श आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि पहलगाम हमले के बाद किसी भी देश ने भारत का समर्थन नहीं किया जबकि सत्तारूढ़ दल का दावा है कि 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद सभ्य दुनिया भारत के साथ खड़ी थी।

भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पहलगाम आतंकी हमले के बाद राहुल गांधी ने पूछाः किसने समर्थन किया हमें? वे लगातार पाकिस्तान की घिसी-पिटी रट दोहराते रहते हैं कि भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर अकेला पड़ गया है। आइए इस झूठ को पूरी तरह उजागर करें। उन्होंने कहा, पहलगाम हमले के बाद पूरी सभ्य दुनिया भारत के साथ खड़ी थी। वॉशिंगटन से टोक्यो तक, पेरिस से कैनबरा तक, देशों ने इस कायराना हमले की एक स्वर में निंदा की और भारत के आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष को बिना किसी झिझक के समर्थन दिया। उन्होंने दावा किया कि कोई भी देश पाकिस्तान की भाषा नहीं बोलता और गांधी को छोड़कर पूरी दुनिया भारत के साथ खड़ी है। गांधी सरकार पर उसकी विदेश नीति को लेकर निशाना साधते रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने हाल ही में कहा था, एक तरफ आप (सरकार) कहते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है और दूसरी तरफ आप कहते हैं कि जीत हासिल हो गई है। या तो जीत हासिल हो गई है या (ऑपरेशन) सिंदूर जारी है। (अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रंप कह रहे हैं कि मैंने (ऑपरेशन) सिंदूर रोक दिया, वह यह 25 बार कह चुके हैं।

इसलिए, कुछ न कुछ तो दाल में काला है। राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत द्वारा संपर्क किये जाने के एक सवाल पर कहा, उन्होंने (सरकार ने) हमारी विदेश नीति को नष्ट कर दिया है, किसी ने हमारा समर्थन नहीं किया। नेता प्रतिपक्ष के दावे पर पलटवार करते हुए मालवीय ने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका ने इसे घृणित हमला बताया और आतंकवाद विरोधी सहयोग को पूरी तरह दोहराया।

## कांग्रेस ने एससी, एसटी व ओबीसी को लेकर सरकार पर साधा निशाना

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए रिक्त आरक्षित पदों को लेकर नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि इन श्रेणियों को उचित रोजगार के अवसरों से वंचित करने के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया प्रावधान को हथियार बनाया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने सरकार पर हमला करने के लिए पिछले सप्ताह शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार द्वारा संसद में दिए गए लिखित उत्तर का हवाला दिया। राज्यसभा में 23 जुलाई को एक प्रश्न के उत्तर में मजूमदार ने कहा कि प्रोफेसर के पद के वास्ते, एससी समुदाय के लिए आरक्षित 308 सीटों में से 111 भरी जा चुकी हैंअ एसटी समुदाय के लिए 144 सीटों में से 24 भरी जा चुकी हैं और 423 सीटों में से 84 भरी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि एसोसिएट प्रोफेसर के वास्ते, एससी के लिए 632 पदों में से 308 भरे जा चुके हैंअ एसटी के लिए 307 पदों में से 108 भरे जा चुके हैंअ और ओबीसी के लिए 883 पदों में से 275 भरे जा चुके हैं। सहायक प्रोफेसर के वास्ते, एससी के लिए 1370 पदों में से 1180 भरे जा चुके हैंअ एसटी के लिए 704 पदों में से 595 भरे जा चुके हैंअ और ओबीसी के लिए 2382 पदों में से 1838 भरे जा चुके हैं।

रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में मोदी सरकार ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित संकाय पदों पर रिक्तियों के चौंका देने वाले स्तर का खुलासा किया है।

## हरिद्वार मंदिर में भगदड़ की घटना व्यवस्था की विफलता : केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में मची भगदड़ की घटना को लेकर जवाबदेही तय किए जाने की मांग करते हुए कहा कि यह महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता है।

पुलिस ने बताया कि मनसा देवी मंदिर क्षेत्र में रविवार को भगदड़ मचने से छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने वीडियो को बताया कि मंदिर जाने की सीढ़ियां जहां से शुरू होती हैं, वहां करंट की अफवाह से श्रद्धालु घबरा गए, जिसके कारण भगदड़ मच गई।

केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, धर्मनगरी हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में मची भगदड़ की हृदयविदारक घटना से मन व्यथित है। जिन श्रद्धालुओं ने अपने प्रियजनों को खोया, ईश्वर उन्हें शक्ति दे और दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर ऐसी भयावह घटनाएं व्यवस्थाओं की लापरवाही को उजागर करती हैं।

### इंटरटेनमेंट...

## परेश रावल का 'हेरा फेरी-3' छोड़ना पब्लिसिटी स्टंट!




मुंबई। कुछ समय पहले ही परेश रावल फिल्म हेरा फेरी 3 छोड़ने से सुर्खियों में आ गए थे। अक्षय ने एक्टर को अचानक फिल्म छोड़ने पर लीगल नोटिस भी भेजा था, लेकिन फिर अचानक सब ठीक हो गया। इसके बाद से ही खबरें थीं कि लीगल नोटिस और फिल्म छोड़ने की खबरें पब्लिसिटी स्टंट हैं। हालांकि अब अक्षय कुमार ने इस पर सफाई देते हुए कहा है कि उनके बीच हुआ झगड़ा रियल था, क्योंकि पब्लिसिटी स्टंट में लीगल झगड़े को शामिल नहीं किया जाता है। हाल ही में अक्षय कुमार से पूछा गया था कि क्या परेश रावल का फिल्म छोड़ना पब्लिसिटी स्टंट है। इसके जवाब में एक्टर ने हिंदुस्तान टाइम्स से कहा है, नहीं, ये पब्लिसिटी स्टंट नहीं था। ये लीगल हो गया था। जब लीगल चीजें इन्वॉल्व होती हैं, तो हम इसे पब्लिसिटी स्टंट नहीं कह सकते। ये रियल था।

**अक्षय कुमार बोले- लीगल झगड़े पब्लिसिटी स्टंट का हिस्सा नहीं होते हैं, ये रियल था, अब सब ठीक**

आगे अक्षय ने कहा है, लेकिन अब सब कुछ ठीक हो गया है। जल्द ही एक अनाउंसमेंट हो सकती है। हां, कुछ ऊंच-नीच जरूर हुई थी, लेकिन अब सब ठीक हो चुका है और हम फिर साथ आ चुके हैं और हमेशा साथ रहेंगे। बस इतना ही।

दरअसल, बीते साल फिल्म हेरा फेरी 3 अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल के साथ अनाउंस हुई थी। इस फिल्म के लिए सभी ने कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था, लेकिन फिर अचानक परेश रावल ने एक इंटरव्यू में ये अनाउंस कर दिया कि वो फिल्म छोड़ रहे हैं।

## 'अंग्रेजी मीडियम' में राधिका ने स्टारकिड को किया था रिप्लेस




**मुंबई।** एक्ट्रेस राधिका मदान दिवंगत एक्टर इरफान खान के साथ फिल्म 'अंग्रेजी मीडियम' में नजर आई थीं। इस फिल्म से उनके करियर को आगे बढ़ाने में काफी मदद मिली। लेकिन फिल्म रोल पाने के लिए एक्ट्रेस डायरेक्टर के पीछे पड़ गई थीं। काफी मशक्कत के बाद उन्हें ऑडिशन का चांस मिला था।

दरअसल, फराह खान के नए कुकिंग ब्लॉग में राधिका ने बताया कि कैसे उन्होंने 'अंग्रेजी मीडियम' के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने ये भी बताया कि उस रोल के लिए पहले ही किसी और को चुन लिया था। लेकिन वो गई, लड़ीं और डायरेक्टर को परेशान करते हुए कहा, 'कृपया मेरा ऑडिशन ले लीजिए। अंग्रेजी के लिए पहले किसी को लॉक कर लिया था। मैं जाकर लड़ गई थी कि मेरा ऑडिशन ले लो। उन्होंने मुझसे कहा कि मैडम हमें 17 साल की लड़की चाहिए। मैंने उनसे कहा कि मैं कर लूंगी। फिल्म के डायरेक्टर होमी अदजानिया ने इरिटेट होकर बोल दिया कि इसका ऑडिशन कर लो। मैं शिद्दत के लिए गई थी।

## अनुपम खेर को किराए के घर में मिलती हैं शांति

मुंबई। दिग्गज एक्टर अनुपम खेर बॉलीवुड में चार दशक से सक्रिय हैं लेकिन आज भी उनके पास खुद का घर नहीं है। वो किराये के घर में रहते हैं। हाल ही में अनुपम द पावरफुल ह्यूमन्स पॉडकास्ट में शामिल हुए, जहां उन्होंने इस पर बात की और बताया कि कई घर खरीदने के पैसे होने बाद भी वो किराये के घर में क्यों रहते हैं। अनुपम ने कहा, 'मैं डिप्रेसिंग बातें नहीं करना चाहता। जब इंसान चला जाता है, तब घर को लेकर झगड़ा जरूर हो सकता है। लेकिन पैसों में बंटवारा करना हो, तब ज्यादा झगड़ा नहीं होता है। मैं सुबह पार्क में वॉक करने जाता हूं। मैं बहुत सारे बुजुर्गों को देखता और उनसे बात करता हूं। उनकी कहानियां सुनकर मैं दंग रह जाता हूं।

## 'सैयारा' के टाइटल ट्रैक का स्पॉटिफाइ पर जलवा

मुंबई। फिल्म 'सैयारा' ने पिछले दो हफ्ते से बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रखी है। फिल्म का म्यूजिक एल्बम सोशल मीडिया और लोगों के जुबान पर है। दुनिया भर में फिल्म के गाने को सुना जा रहा है। अब फिल्म के नाम एक और रिकॉर्ड जुड़ गया है। फिल्म का टाइटल ट्रैक स्पॉटिफाई पर ग्लोबल वायरल 50 में नंबर वन बन गया है। इस बात की जानकारी फिल्म के म्यूजिक कंपोजर तनिष्क बागची ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में दी है। उन्होंने स्पॉटिफाई का एक स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा- हमने कर दिखाया। सैयारा अब स्पॉटिफाई के ग्लोबल वायरल चार्ट में नंबर 1 पर है। ये पल उस हर धड़कन का है, जिसने इस गाने को महसूस किया। धन्यवाद मोहित सूरी सर झ आपकी सोच और विजन के बिना ये मुमकिन नहीं था। इरशाद भाई, आपके शब्द दिलों को छू गए। अर्सलान और फहीम, आपकी धुन और आवाज ने इस गाने को आसमान तक पहुंचा दिया। यशराज, हम पर यकीन करने के लिए शुक्रिया। और सबसे बड़ा धन्यवाद हर उस श्रोता का, जिसने सुना, शेयर किया, महसूस किया। भारतीय म्यूजिक उभर नहीं रहा है। यह पहले से ही उड़ान भर रहा है। सैयारा इसका सबूत है। तनिष्क के पोस्ट पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। स्पॉटिफाई इंडिया की तरफ से लिखा गया है- दिल से दुनिया तक, सैयारा ग्लोबल इमोशन है। एक यूजर ने पूरी टीम को बधाई देते हुए इसे गर्व का पल बताया। एक यूजर लिखती हैं। तनिष्क आपको, फहीम और आपकी बैंड को बहुत-बहुत बधाई। ऐसी खूबसूरत आवाज बहुत समय बाद सुनी है।

**ग्लोबल वायरल 50 में बना नंबर वन, म्यूजिक कंपोजर ने कहा- हमने कर दिखाया**




अभी हम इश्क और सजदे के खुमार से नहीं निकले थे कि एक और मास्टरपीस दे दिया आप लोगों ने। एनडीटीवी की खबर अनुसार, अहान पांडे और अनीत पड्डा स्टारर फिल्म 'सैयारा' का टाइटल ट्रैक पहला बॉलीवुड गाना है, जिसने स्पॉटिफाई के टॉप 50 ग्लोबल चार्ट में अपनी जगह बनाई है। बता दें कि सैयारा में छह गाने हैं और सभी गाने स्पॉटिफाई टॉप 50 इंडिया में टॉप 10 में बने हुए थे। सबसे खास बात ये है कि हॉलीवुड गानों को पीछे छोड़ते हुए सैयारा के टाइटल ट्रैक ने अपनी जगह बनाई है। 'सैयारा' के टाइटल ट्रैक को गीतकार इरशाद कामिल ने लिखा है और कश्मीरी सिंगर फहीम अब्दुल्ला ने गाया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K